www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

11 जून, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 231

मोदी सरकार ने 11 वर्षों में असंभव को संभव किया : स्मृति ईरानी



# पाकिस्तान को बेनकाब कर लौटा प्रतिनिधिमंडल

**ऑपरेशन सिंदूर**

## प्रधानमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से की मुलाकात, साथ डिनर भी किया

## सांसदों ने नरेंद्र मोदी से अपने अनुभव साझा किये



### प्रतिनिधिमंडल ने दुनिया को संदेश दिया

- **आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस :** इसमें बताया कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकी गुटों और उनके ढांचों के खिलाफ था। आतंकी अड्डों को नपी-तुली कार्रवाई में निशाना बनाया गया। पाक सेना ने इसे खुद के खिलाफ हमला माना और पलटवार किया।
- **पाकिस्तान आतंक का समर्थक :** सांसद कुछ सबूत लेकर गये, जिनमें उन्होंने बताया कि पहलगाम हमले में पाक समर्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की भूमिका थी। इससे पहले हुए हमलों का भी पूरा चिट्ठा सांसद लेकर गये थे।
- **भारत जिम्मेदार और संयमित :** भारत ने सैन्य कार्रवाई में भी जिम्मेदारी और संयम का परिचय दिया। यह सुनिश्चित किया कि पाक के किसी निर्दोष नागरिक की जान न जाये। पाक ने कार्रवाई रोकने का जब आग्रह किया, तो भारत ने उसे स्वीकारा।
- **आतंक के खिलाफ विश्व एकजुट हो :** सांसद ने इन देशों से आतंकवाद के खिलाफ खुलकर आवाज उठाने और इससे निपटने के लिए सहयोग व समर्थन की मांग की। अपील की कि भारत-पाक के विवाद को आतंकवाद के खिलाफ युद्ध के तौर पर देखें।
- **पाकिस्तान को लेकर हमारी नीति :** यह बताया कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने अपना बदला हुआ दृष्टिकोण उजागर किया है। भारत सीमा पार से पैदा होने वाले खतरे को लेकर उदासीन रहने के बजाये प्रो-एक्टिव रवैया अपनायेगा और आतंकी हमलावरों को पहले ही निष्क्रय करेगा।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान को पूरे विश्व में बेनकाब कर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भारत लौट आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार शाम ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख दुनिया को बताकर देश वापस लौटे इस सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मुलाकात की। उनके साथ डिनर किया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने प्रधानमंत्री से अपनी यात्रा का अनुभव साझा किया। बताते चलें कि सात प्रतिनिधिमंडल में शामिल 59 सदस्य 33 देशों की यात्रा पर गये थे। जिनमें 51 नेता और 8 राजदूत शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सात सांसदों ने किया था।

इनमें भाजपा से रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, जदयू के संजय कुमार झा, डीएमके के कनिमोझी करुणानिधि, एनसीपी (एसपी) की सुप्रिया सुले और शिवसेना (शिंदे गुट) के श्रीकांत एकनाथ शिंदे शामिल थे। वहीं, ऑल पार्टी डेलिगेशन का आखिरी ग्रुप भी मंगलवार को भारत लौट आया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में यह डेलिगेशन 5 देशों- अमेरिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया गया था।

WE ARE HIRING
MAA KALAWATI HOMEOPATHIC MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL UNDER YBN UNIVERSITY
FACULTIES FOR HOMEOPATHIC
OPEN POSITIONS :
Anatomy, Physiology, Pathology & Microbiology, Community Medicine, Forensic Medicine, Organon of Medicine, Obstetric and Gynaecology
Eligibility : As per NCH Norms Freshers can also apply, Salary : Negotiable
Submit Your CV : hr@ybnu.ac.in More info : 9709500400, 7061261557

Maa Ram Pyari
Super Speciality Hospital
हरिहर सिंह रोड, बरियातु पंप के सामने, फोन : 9835150600, 6201266261





सर्जिकल कार्यान्वयन

रोबोटिक सर्जरी डॉक्टर, सर्जन के द्वारा कि जाती है, जिसमें ऑपरेशन कि गुणवत्ता बढाने के लिए रोबोट कि मदद ली जाती है।

## कुल्हे एवं घुटना प्रत्यारोपण के लिए ज्यादा सेफ है रोबोटिक सर्जरी : डॉ. एस एन यादव



डॉ. एस. एन. यादव
रोबोटिक सर्जन (सीएमडी)

रोबोटिक सर्जरी एक रोबोट-समर्थित सर्जिकल प्रक्रिया है जो डॉक्टरों को रोबोटिक बांह से जुड़े बहुत छोटे उपकरणों का उपयोग करके सर्जरी करने की अनुमति देती है। रोबोटिक भुजा को सर्जन द्वारा कंप्यूटर का उपयोग करके नियंत्रित किया जाता है। रोबोटिक सर्जरी अधिक सटीक, लचीली होती है, और पारंपरिक सर्जरी और तकरीकों की तुलना में बेहतर नियंत्रण प्रदान करती है। रोबोटिक सर्जरी का जोखिम और जटिलता बहुत कम है। यह एक न्यूनतम इनवेसिव सर्जिकल प्रक्रिया है जिसे छोटे चीरों के माध्यम से किया जा सकता है और इसे सर्जन द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। सह सर्जरी अच्छे परिणाम और जोखिम प्रदान करती है क्योंकि यह कंप्यूटर की सहायता से की जाने वाली सर्जरी है।



डॉ. अपूर्व रंजन (रोबोटिक सर्जन)
डायरेक्टर, मां राम प्यारी सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल

मां राम प्यारी अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं प्रसिद्ध हड्डी और स्पाइन सर्जन डॉ. अपूर्व रंजन ने बताया कि प्रत्यारोपण के दौरान हड्डी को कितना काटना है, कैसे काटना है, यह सब रोबोट तय करता है। इसलिए रिजल्ट काफी बेहतर मिलते हैं। प्रत्यारोपण के बाद हड्डी कितनी मुड़ेगी, इसकी भी जानकारी मशीन से प्राप्त हो प्राप्त हो जाती है। खर्च 10 फिसदी अधिक लगता है। हालांकि, मरीज जल्द स्वस्थ हो जाता है और अपने काम पर लौट जाता है। झारखंड-बिहार में पहली बार रोबोट की मदद से प्रत्यारोपण हमारे यहां संभव हो सका। रोबोटिक तकरीक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी को अगले लेवल तक ले आई है। इससे मरीज ज्यादा संतुष्ट हैं। क्योंकि उन्हें ज्यादा समय अस्पताल में भी नहीं रहना पड़ता और वह जल्दी ही डिस्चार्ज होकर अपने घर जा सकता है। इस तकरीक से सर्जरी होने पर किसी तरह की इंफेक्शन होने की आशंका भी नहीं रहती। रोबोटिक तकरीक से सर्जरी कराने के बाद मरीज को ज्यादा फिजियोथेरेपी कराने की जरूरत भी नहीं रहती।

## रोबोटिक सर्जरी के फायदे

रोबोटिक सर्जरी में सतह बदली होती है, हड्डी को कोई भी नुकशान नहीं होता। रोबोटिक सर्जरी कप्यूटर असिस्टेंड सर्जरी है। इसे विशेषज्ञ सर्जन नियंत्रित करती हैं। इसमें उपकरणों को 360 डिग्री और सातों दिशाओं में आसानी से घुमा सकते हैं। साथ ही रोगग्रस्त अंग या जिस भाग की सर्जरी की जा रही है उसे कितना भी जूम करके देख सकते हैं। इससे जटिलताओं की आशंका घट जाती है। सर्जरी को थकान और मरीज के शरीर से अधिक ब्लीडिंग का खतरा भी कम होता है। रोबोटिक सर्जरी में कट बहुत छोटा लगता है, इस वजह से शरीर पर निशान भी कम पड़ते हैं। अत्याधुनिक रोबोटिक तकरीक से घुटना और कुल्हा की सर्जरी की सटीकता 95 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक बढ़ जाती है और मरीजों को दर्द भी कम होता है। रोबोटिक सर्जरी के साथ कुल्हे एवं घुटने के जोड़ के सभी या एक हिस्से आसानी से प्रतिस्थापित किया जा सकता है।

परिवार कल्याण दिवस
प्रत्येक माह की 11 तारीख को
आयुष्मान आरोग्य मंदिर/शहरी स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन की सेवाएं
अवकाश की स्थिति में आगामी कार्य दिवस पर

परिवार कल्याण के लक्षित समूह-
- नव विवाहित दम्पत्ति
- एक बच्चे वाले योग्य दम्पत्ति
- जटिल गर्भावस्था वाली महिलाएं
- दो या दो से अधिक बच्चों वाले योग्य दम्पत्ति
- युवक–युवती

गतिविधियाँ
- परिवार नियोजन पर परामर्श
- अस्थाई विधियों का वितरण एवं अन्य परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता
- धात्री माता एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य संबंधी सलाह
- पोस्टर पेंटिंग एवं स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता
- आदर्श दम्पत्ति का सम्मान

जोड़ी जिम्मेदार जो प्लान करे परिवार

"विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पत्ति की शान !"

परिवार नियोजन की विधियाँ
स्थायी विधियाँ: पुरुष नसबंदी, महिला बंध्याकरण
अस्थायी विधियाँ: इंजेक्शन एम.पी.ए, आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली, गर्भ निरोधक गोलियाँ, कॉपर 375 380 A, कंडोम

फिक्स डे एप्रोच के तहत प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार या शुक्रवार को परिवार नियोजन की स्थायी विधियां उपलब्ध हैं।

अधिक जानकारी के लिए जिला अस्पताल अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/ए.एन.एम./सी.एच.ओ./सहिया से सम्पर्क करें।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PR. 354570 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26



10 वां स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 11 जून, 2025
www.azadsipahi.in



# झारखंड में अचानक उठा दलित राजनीति का तूफान

## ■ वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की चिट्ठी ने दी इस मुद्दे को हवा
## ■ इस मुद्दे को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष हो गया है आमने-सामने
## ■ दोनों ही पक्ष इस मुद्दे को लेकर एक-दूसरे को घेरने में जुट गये हैं

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड में अनुसूचित जाति, यानी दलित के मुद्दे पर राजनीति गरमा गयी है। कांग्रेस नेता और राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झारखंड में अनुसूचित आयोग और परामर्शदातृ परिषद के गठन की मांग की है। उन्होंने भाजपा पर अनुसूचित समुदाय के हितों को अनदेखा करने का आरोप लगाया है। इस मुद्दे से सत्तारूढ़ गठबंधन को अनुसूचित बहुल क्षेत्रों में अपनी पकड़ मजबूत करने का मौका मिल सकता है। किशोर ने पहली बार इस समुदाय की एकजुट आवाज की कमी को रेखांकित किया है और वर्ष 2008 में राजभवन द्वारा जारी एक आदेश का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है, जिसमें इस तरह की पहल की बात थी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस मांग ने सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)-कांग्रेस-राजद गठबंधन को अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों में नयी सियासी जमीन तैयार करने का अवसर प्रदान किया है। झारखंड के 25 वर्षों के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब अनुसूचित जाति या दलित का मुद्दा इतनी जोर-शोर से उठाया गया है। झारखंड की सियासी जमीन पर दलित राजनीति की यह फसल कितना वोट हासिल करेगी, यह तो भविष्य ही बतायेगा, लेकिन फिलहाल तो इसने सत्ता पक्ष और विपक्ष को आमने-सामने लाकर खड़ा कर दिया है और दोनों ही पक्ष इसे लेकर अपना-अपना स्टैंड साफ कर एक-दूसरे को घेरने में जुट गये हैं। क्या है यह पूरा मामला और क्या हो सकता है इसका सियासी असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड का राजनीतिक माहौल इन दिनों अचानक गरम हो गया है। सरना धर्मकोड, आरक्षण और जनजातीय कल्याण से आगे बढ़ कर सियासत की गाड़ी अब अनुसूचित जाति, यानी दलित कल्याण के स्टेशन पर आकर रुक गयी है। राज्य के के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखी गयी एक चिट्ठी ने राज्य में दलित राजनीति को गरमा दिया है। इस पत्र के माध्यम से राधाकृष्ण किशोर ने एक साथ तीन लक्ष्य साधने की कोशिश की है। पहला, उन्होंने भाजपा शासनकाल में बिना पदाधिकारी के अनुसूचित जाति आयोग के गठन को औचित्यहीन बताकर विपक्ष पर निशाना साधा है। दूसरा, राज्य की 50 लाख से अधिक दलित आबादी की आर्थिक स्थिति को लेकर वर्तमान सरकार पर दबाव बनाते हुए अनुसूचित जाति आयोग और परामर्शदातृ परिषद के गठन की मांग की है। तीसरा, इस पत्र के जरिये उन्होंने स्वयं को दलित नेता के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया है।

### अनुसूचित आयोग के गठन की मांग

राधाकृष्ण किशोर ने अपने पत्र में राज्य में अनुसूचित जाति की स्थिति को आदिम जनजातियों से भी बदतर बताया है। उन्होंने अनुसूचित जाति आयोग और परामर्शदातृ परिषद का पुनर्गठन करने की मांग की है। पत्र में उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा शासनकाल में 2019 में अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन तो किया गया, लेकिन पदाधिकारियों की नियुक्ति नहीं होने के कारण यह आयोग निष्क्रिय रहा। किशोर ने आरोप लगाया कि भाजपा ने अनुसूचित जाति के हितों को लगातार नजरअंदाज किया, जिसके कारण इस समुदाय की सामाजिक और आर्थिक प्रगति बाधित हुई। उन्होंने कहा कि झारखंड में अनुसूचित जाति की समस्याओं को सुनने और समाधान करने के लिए एक समर्पित मंच की जरूरत है, जो अब तक नहीं बन सका।

### भाजपा ने किया पलटवार

राधाकृष्ण किशोर के पत्र पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने कहा कि कांग्रेस ने कभी दलितों का सम्मान नहीं किया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा शासनकाल में अनुसूचित जाति आयोग का गठन किया गया था और इसकी प्रक्रिया पूरी की जा रही थी, लेकिन सरकार बदलते ही इसे नजरअंदाज कर दिया गया। पाठक ने राधाकृष्ण किशोर पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें याद करना चाहिए कि डॉ भीमराव अंबेडकर को 'भारत रत्न' के लिए तरसना पड़ा था, लेकिन भाजपा सरकार ने उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कांग्रेस को दलित विरोधी करार देते हुए पूर्व कांग्रेसी नेता जगजीवन राम के साथ हुए व्यवहार का जिक्र किया।



### सत्तारूढ़ गठबंधन ने पत्र को बताया जायज

सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने राधाकृष्ण किशोर के पत्र को अपने-अपने ढंग से सही ठहराया है। झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि पत्र के संदर्भ को राधाकृष्ण किशोर ही स्पष्ट करेंगे, लेकिन यह सरकार सभी वर्गों को सम्मान और उनका हक देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दलित प्रेम के साथ-साथ यह सरकार सभी जातियों और धर्मों के लोगों से प्रेम करती है।

पांडेय ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह केवल 'चंद गुजरातियों' की पार्टी है। उन्होंने यह भी कहा कि अनुसूचित जाति आयोग और परामर्शदातृ समिति का पुनर्गठन सरकार की प्राथमिकता में है।

### कांग्रेस का दावा, दलितों के प्रति संवेदनशीलता

कांग्रेस ने भी राधाकृष्ण किशोर के पत्र का समर्थन किया है। पार्टी के प्रदेश महासचिव और मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि यह पत्र दर्शाता है कि सरकार और संगठन दलितों के प्रति कितने संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति आयोग एक ऐसा मंच है, जिसके माध्यम से दलितों का उत्थान संभव है। सिन्हा ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने परामर्शदातृ समिति के गठन का निर्णय लिया है, जो जल्द ही अस्तित्व में आयेगा और दलितों की समस्याओं का समाधान करेगा।

### अनुसूचित जाति की नौ सीटें सियासी समीकरण में अहम

झारखंड विधानसभा की 81 सीटों में से नौ सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं, जो राज्य की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाती हैं।

इनमें छत्तरपुर, कांके, जमुआ, चतरा, देवघर, सिमरिया, जुगसलाई, लातेहार और चंदनक्यारी शामिल हैं। पिछले विधानसभा चुनावों में इन सीटों पर भाजपा को सत्तारूढ़ गठबंधन ने पीछे धकेला है। किशोर की इस पहल से सत्तारूढ़ गठबंधन को इन क्षेत्रों में और पैठ बनाने का मौका मिल सकता है। अनुसूचित जाति आयोग और परामर्शदातृ परिषद के गठन से इस समुदाय के बीच गठबंधन की स्वीकार्यता बढ़ेगी।

### सत्तारूढ़ गठबंधन को मिलेगा सियासी लाभ

राधाकृष्ण किशोर ने इस मुद्दे को उठाकर अनुसूचित जाति समुदाय के बीच अपनी पैठ मजबूत करने की कोशिश की है। उनकी यह मांग न केवल सत्तारूढ़ गठबंधन के सामाजिक न्याय के एजेंडे को बल देती है, बल्कि सियासी तौर पर भी गठबंधन के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। हाल ही में हेमंत सोरेन सरकार ने अनुसूचित जनजाति परामर्शदातृ परिषद की तर्ज पर अनुसूचित जाति परामर्शदातृ परिषद के गठन का ऐलान किया है।

हालांकि इस प्रस्ताव को अमल में लाने के लिए सरकार को ठोस नीतिगत कदम उठाने होंगे। यदि यह पहल सफल होती है, तो झारखंड में अनुसूचित जाति के सामाजिक-आर्थिक उत्थान की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हो सकता है। राधाकृष्ण किशोर की मांग ने जहां अनुसूचित जाति के मुद्दों को केंद्र में लाया है, वहीं भाजपा के लिए यह एक चुनौती बन गयी है। विपक्षी दल अब तक इस समुदाय के बीच अपनी मजबूत पकड़ का दावा करता रहा है, लेकिन राधाकृष्ण किशोर के इस कदम ने उसके दावों पर सवाल उठा दिया है।

---

# राहुल गांधी 6 अगस्त को चाइबासा कोर्ट में होंगे पेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाइबासा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 6 अगस्त को चाइबासा के एमपीएमएलए कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होंगे। यह जानकारी उनके वकील दीपांकर ने दी है। पहले उन्हें 26 जून को पेश होने को कहा गया था, जिसके लिए उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी हुआ था। राहुल गांधी ने 26 जून को पेशी से छूट के लिए झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दायर की थी। मंगलवार को सुनवाई के दौरान, राहुल गांधी के वकील ने 26 जून की बजाय 6 अगस्त को पेश होने की अनुमति मांगी। इस पर जस्टिस अनिल कुमार चौधरी ने 6 अगस्त को राहुल गांधी को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर टिप्पणी किये जाने के मामले में दायर मानहानि याचिका पर सुनवाई करते हुए चाइबासा की एमपी एमएलए की अदालत के द्वारा राहुल गांधी को 26 जून को उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश दिया था, जिसे चुनौती देते हुए राहुल गांधी के द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय के समक्ष क्वाशिंग याचिका दायर की गयी थी। फिलहाल किसी भी प्रकार की पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाने का निर्देश दिया है।



# भाजपा ने प्रतियोगी परीक्षाओं में मगही-भोजपुरी शामिल करने की मांग की

- भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा
- पलामू प्रमंडल में प्रतियोगी परीक्षाओं में कुड़ुख और नागपुरी भाषा को शामिल करने का विरोध

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सरकार पलामू प्रमंडल में होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में मगही और भोजपुरी भाषा को शामिल नहीं कर-के भेदभाव कर रही है। इसके बजाय कुड़ुख और नागपुरी भाषा को शामिल किया गया है, जिसका स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य सरकार पलामू डिवीजन में क्षेत्रीय भाषा के नाम पर भेदभाव कर रही है और राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रसित है। भानु प्रताप शाही ने कहा कि पलामू प्रमंडल के तीन जिलों गढ़वा, पलामू और लातेहार में 50 लाख जनता और उनके बच्चों का भविष्य खतरे में है। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार ने मगही और भोजपुरी को भाषा सूची से हटाने का काम किया है, जबकि ये सदियों से बोलचाल की भाषा रही हैं। भाजपा नेता ने सरकार की दोहरी नीति पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ओड़िया, बंगाली और उर्दू को भाषा सूची में जोड़ रही है, लेकिन मगही और भोजपुरी को शामिल नहीं कर रही है। उन्होंने राज्य सरकार को निर्देश देने की मांग की है कि वह पलामू डिवीजन के लिए भोजपुरी और मगही को भाषा सूची में जोड़ें। प्रतिनिधिमंडल में भानु प्रताप साही, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू और बिरंची नारायण शामिल थे।



# जेएसएससी ने शिक्षकों के लिए निकाली नियुक्ति, 1373 पदों पर की जायेगी बहाली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के 510 सरकारी प्लस टू उच्च विद्यालयों में माध्यमिक आचार्य के 1373 रिक्त पदों पर बहाली के लिए संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2025 आयोजित की जा रही है। इसके लिए जेएसएससी ने योग्य भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। आवेदन की प्रक्रिया 18 जून 2025 से शुरू होकर 17 जुलाई 2025 की मध्यरात्रि तक चलेगी। आवेदन से जुड़ी सभी जानकारी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.jssc.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा और अन्य पात्रताओं के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क भुगतान, फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने की अंतिम तिथि 19 जुलाई 2025 है, जबकि आवेदन का प्रिंटआउट लेने के लिए 21 जुलाई 2025 तक समय मिलेगा।

यदि किसी अभ्यर्थी से आवेदन में कोई त्रुटि हो जाती है, तो आयोग 23 जुलाई से 25 जुलाई 2025 तक नाम, जन्म तिथि, इ-मेल और मोबाइल नंबर को छोड़कर बाकी विवरणों को सुधारने के लिए लिंक उपलब्ध करायेगा। रिक्त पदों की संख्या, श्रेणीवार विवरण और अन्य निर्देश आयोग की वेबसाइट पर दी गयी अधिसूचना में देखे जा सकते हैं।




# ओबीसी का दर्जा तय करने के लिए पिछड़ापन ही एकमात्र मानदंड है, धर्म नहीं : ममता बनर्जी

- कहा- कुछ लोग इंटरनेट मीडिया पर गलत सूचना का अभियान चला रहे हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को राज्य विधानसभा को बताया कि लोगों का अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का दर्जा तय करने का एकमात्र मानदंड पिछड़ापन है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग इंटरनेट मीडिया पर गलत सूचना का अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को ओबीसी श्रेणी में शामिल करने का निर्णय धर्म से नहीं लिया जाना चाहिए। ममता ने कहा कि राज्य में ओबीसी का दर्जा तय करने के लिए एकमात्र मानदंड पिछड़ापन है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गठित एक आयोग इस श्रेणी में शामिल करने के लिए 50 नये उपवर्गों पर सर्वेक्षण कर रहा है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हो रहे इस सर्वेक्षण का काम जल्द ही पूरा हो जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओबीसी-ए श्रेणियों के तहत 49 उपवर्गों और ओबीसी-बी श्रेणियों के तहत 91 उपवर्गों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि अधिक पिछड़े वर्ग के लोगों को ओबीसी-ए के तहत शामिल किया गया है, जबकि कम पिछड़े लोग ओबीसी-बी के तहत आते हैं। मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2024 और 2025 के लिए बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग की वार्षिक रिपोर्ट सदन के पटल पर रखने के बाद सदन को संबोधित किया। ममता ने कहा कि ओबीसी श्रेणी के तहत दर्ज करने का काम व्यापक क्षेत्र सर्वेक्षणों और ऐसे लोगों की पहचान के लिए नियुक्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर किया गया है।



www.epaper.azadsipahi.in

11 जून, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 231

दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी पुलिस हिरासत में: कालकाजी में झुग्गियों को तोड़ने का विरोध करने पहुंची थीं



# मोदी सरकार ने 11 वर्षों में असंभव को संभव किया : स्मृति ईरानी

**पूर्व केंद्रीय मंत्री ने रांची में प्रेस कांफ्रेंस में केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया**

**कहा, गांव, गरीब, किसान, महिला, वंचित, शोषित विकास की मुख्यधारा से जुड़े**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि 11 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने असंभव को भी संभव किया है। आज दुनिया भारत को सम्मान के साथ देख रही है। दुनियां में तिरंगे की ताकत बढ़ी है। आज भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ता और प्रबुद्ध देशवासी जिन्होंने अपने सहयोग से तीसरी बार मोदी सरकार बनायी है वे गौरव का अनुभव करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट कर रहे। स्मृति ईरानी मंगलवार को रांची में भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेस में बोल रही थीं। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू और प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक उपस्थित थे।

**विकास की बात होती, तो केंद्र में गरीब होते :** स्मृति ईरानी ने कहा कि जब विकास की बात होती है, तो केंद्र में गरीबों को रखा जाता है। 50 करोड़ लोगों को जनधन खाता के माध्यम से देश की तिजोरी से जोड़ा गया। 45 लाख करोड़ रुपये सीधे डीबीटी के माध्यम से खाते में भेजे गये। आज 25 करोड़ नागरिक तीव्र गति से उन्नति के पथ पर अग्रसर हुए हैं। 81 करोड़ लोगों को अन्नपूर्णा का आशीर्वाद प्रतिमाह 5 किलो मुफ्त अनाज के रूप में मिल रहा है। चार करोड़ गरीबों के सिर पर पक्के छत की सुविधा जिसमें 73% मालकिन महिलाएं और 15 करोड़ घरों तक नल से जल की सुविधा पहुंचना यह सुशासन और कुशल नेतृत्व के कारण ही संभव हुआ है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 12 करोड़ गरीबों के घर शौचालय निर्माण ने महिलाओं बेटियों की इज्जत और लाज को सुरक्षित किया है। साथ ही उज्जवला गैस योजना के माध्यम से 12 करोड़ घरों तक धुआं मुक्त रसोई ने महिलाओं के दुख-दर्द को कम किया है।

**गरीब कल्याण के साथ किसान कल्याण प्राथमिकता :** पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गरीब कल्याण के साथ किसान कल्याण भी मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है। आज डीबीटी के माध्यम से देश के 11 करोड़ किसानों के खाते में प्रतिवर्ष किसान सम्मान निधि के 6 हजार रुपये पहुंच रहे है। यूपीए सरकार की तुलना में देश का कृषि बजट पांच गुना बढ़ा है। 3 लाख 70 हजार करोड़ रुपये किसानों को प्राप्त हुए। 25 करोड़ सॉइल हेल्थ कार्ड और 1.75 हजार करोड़ रुपये फसल बीमा योजना में किसानों को प्राप्त हुए है। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा पांच लाख तक बढ़ायी गयी।

**महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान :** स्मृति ईरानी ने कहा कि मोदी सरकार ने नारी सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया है। आर्मी में स्थाई कमीशन की व्यवस्था से सेना में अधिकारी बनने का अवसर सैनिक स्कूल में लड़कियों का नामांकन मोदी सरकार की सार्थक कोशिश है। संसद के नवनिर्मित भवन में पहला बिल महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण की सुविधा का रहा जिसकी प्रतीक्षा लंबे समय से थी। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 4.25 करोड़ खाते खुले, स्तनपान कराने वाली और गर्भवती महिलाओं के लिए 18593 करोड़ रुपये खर्च किये गये। 10 करोड़ महिलाओं के द्वारा देश में 90 लाख स्वयं सहायता समूह चल रहे, जो 6.40 लाख गांव में सेवा दे रही। अब तो महिलाएं ड्रोन दीदी भी बन रहीं।

## ऑपरेशन सिंदूर ने एक नये शौर्य को प्रकट किया

ईरानी ने कहा कि कहा कि जम्मू कश्मीर में हाल में उद्घाटित विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज की सराहना विपक्षी दल के मुख्यमंत्री ने की ये है मोदी सरकार का सबका साथ सबका विकास। उन्होंने कहा कि देश की नारियों की पूजा शक्ति, लक्ष्मी और सरस्वती के रूप में हुई लेकिन सिंदूर ऑपरेशन ने एक नये शौर्य, साहस और धैर्य को प्रकट किया है। भारत का स्वदेशी रक्षा तंत्र आज तेजी से आगे बढ़ रहा। भारत के रक्षा उपकरणों का निर्यात 34 गुना बढ़ गया है। धारा 370 की समाप्ति, अयोध्या राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ, महाकाल कोरिडोर निर्माण जैसे कार्य भारत की राष्ट्रीय एकात्मता और सांस्कृतिक विरासत को समर्पित रहा है। मोदी सरकार में 68 प्रतिशत मंत्री एसटी-एससी और ओबीसी वर्ग से हैं।

## झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित

स्मृति ईरानी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की धरती से 24 हजार करोड़ रुपये की जन मन योजना से आदिवासी गांव के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया है। आज भाजपा कार्यकर्ता सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के कार्यों को तेजी से धरातल पर उतारने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कैबिनेट के सभी मंत्री का आभार प्रकट करते हैं।

## एयरपोर्ट पर किया गया स्वागत

मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल के निमित्त रांची में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए पार्टी की पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मंगलवार को एकदिवसीय दौरे पर रांची पहुंची। बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उनका स्वागत प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, सरोज सिंह, आरती कुजूर ने किया। उन्होंने पार्टी द्वारा आयोजित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, महामंत्री सांसद आदित्य साहू मौजूद थे। प्रदेश कार्यालय में बाबूलाल मरांडी और कर्मवीर सिंह ने अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर स्मृति ईरानी का स्वागत किया।

# मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल में 111 कारण ऐसे बने, जिनसे देश पीछे गया : सुप्रियो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के राष्ट्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में सरकार की नीतियों और फैसलों के चलते देश में 111 ऐसे कारण बने, जिनसे देश की प्रगति बाधित हुई।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वादा था, लेकिन वास्तविकता में हर साल लाखों लोग बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। हम ऐसी स्थिति में पहुंच गये हैं जैसे हमें अपने लिए घास-पत्ता भी बाहर के देशों से लाना पड़े।

उन्होंने सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि लघु और मध्यम उद्योगों का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान 2014 में जहां 16 प्रतिशत था, वह अब घटकर महज 7 प्रतिशत रह गया है। उन्होंने दावा किया कि एनडीए वास्तव में 'नेशनल डिजास्टर अलायंस' बन गया है। सुप्रियो ने नोटबंदी और जीएसटी को बड़ी आर्थिक आपदाएं करार दिया। उन्होंने कहा, 2016 में नोटबंदी के बाद देशभर में अफरा-तफरी मच गयी थी। सैकड़ों लोगों ने बैंकों की कतारों में जान गंवायी। वहीं, रात 12 बजे संसद का विशेष सत्र बुलाकर जल्दबाजी में लागू किया गया जीएसटी, उद्योग जगत के लिए घातक साबित हुआ। उन्होंने केंद्र सरकार के कुछ पुराने वादों का ज़िक्र करते हुए कहा कि अबकी बार काला धन वापस, हर खाते में 15 लाख और 400 पार जैसे नारों ने जनता को गुमराह किया। उन्होंने अंत में कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और आने वाले वर्षों में यह सरकार खुद ही अपदस्थ हो जायेगी।

रांची दौरे पर पहुंचीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम की बात करने वालों को पहले अपने देश की हालत सुधारनी चाहिए।

## मोदी सरकार के 11 साल पर कसा तंज

# जश्न के पीछे छुपी जनता की पीड़ा और सवालों की आवाज : डॉ तनुज खत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर झारखंड में अपनी तथाकथित उपलब्धियां गिनवाने के लिए भाजपा ने स्मृति ईरानी को भेजा है, लेकिन यहां जश्न नहीं, सवाल पूछे जा रहे हैं। झारखंड की धरती पर भाजपा के दावों से ज्यादा गूंज रही है आम लोगों की पीड़ा और निराशा। जब पेट खाली हो, युवा बेरोजगार हों, किसान हताश हों – तब जश्न नहीं, जवाबदेही जरूरी होती है। उक्त बातें जेएमएम के प्रवक्ता और केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने कहीं। जेएमएम प्रवक्ता ने मोदी सरकार की 11 नाकामियां भी गिनायीं।

**पहला,** झारखंड विस ने सर्वसम्मति से आदिवासी-सरना धर्म कोड की मांग की थी। लेकिन केंद्र सरकार ने इस पर आज तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया। जेएमएम प्रवक्ता ने कहा कि यह सिर्फ एक प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता और पहचान के साथ किया गया सुनियोजित अन्याय है। यह वही सत्ता है जो चुनाव के समय जंगल की तस्वीरें खिंचवाती है, लेकिन आदिवासी धर्म को संवैधानिक मान्यता देने में हमेशा हिचकती रही है।

**दूसरा,** मणिपुर में महीनों तक हिंसा चलती रही, महिलाओं के साथ बर्बरता हुई, इंसानियत की चीखें कैमरों में कैद हो गयीं लेकिन दिल्ली से न संवेदना आयी, न जवाबदेही। डॉ तनुज ने कहा कि जब एक संवैधानिक राज्य में महीनों तक आग लगी रहे और प्रधानमंत्री चुप रहें, तो यह सिर्फ प्रशासनिक विफलता नहीं, नैतिक दिवालियापन है।

**तीसरा,** छत्तीसगढ़ में हसदेव के जंगलों को काटने की इजाजत देना इस सरकार की पर्यावरण और आदिवासी अधिकारों के प्रति असली सोच को उजागर करता है। जेएमएम प्रवक्ता ने कहा कि एक ओर सरकार जलवायु परिवर्तन की बातें करती है, दूसरी ओर देश के फेफड़ों को नष्ट करने पर आमादा है। आदिवासी इलाकों में जमीन और जंगल सिर्फ संसाधन नहीं, जीवन हैं। यह सरकार शायद कभी नहीं समझेगी।

**चौथा,** जब देश के युवा वर्षों की मेहनत करके परीक्षाएं देते हैं, और फिर नीट, नेट, एसएससी जैसी परीक्षाओं में पेपर लीक होता है तो यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं, उनकी उम्मीदों की हत्या है। भाजपा ने युवाओं से रोजगार के वादे किये, लेकिन उन्हें सिर्फ परीक्षा की तारीखों और घोटालों के बीच भटकने पर मजबूर कर दिया।

**पांचवां,** नोटबंदी को सरकार ने ऐतिहासिक फैसला बताया था, लेकिन इसका नतीजा छोटे दुकानदारों, मजदूरों और आम जनता को भुगतना पड़ा। 100 से ज्यादा लोगों की मौतें हुईं, नौकरियां गयीं और अंत में वही पुरानी करेंसी वापस आ गयी। जनता से माफी मांगने की बजाय सरकार आज भी इसे उपलब्धि बताती है।

**छठा,** तीन कृषि कानून बिना किसी संवाद के थोपे गये, जिससे देशभर के किसान सड़कों पर उतर आये। 700 से ज्यादा किसानों की जान चली गयी और अंत में सरकार को माफी मांगकर कानून वापस लेने पड़े। डॉ तनुज ने कहा कि यह भरोसे का सबसे बड़ा विश्वासघात था।

**सातवां,** कोविड की दूसरी लहर में जब जनता ऑक्सीजन और अस्पताल ढूंढ़ रही थी, तब सरकार या तो गायब थी या प्रचार में व्यस्त। श्मशानों की कतारें और अस्पतालों की बदहाली आज भी लोगों के जहन में ज़िंदा हैं।

**आठवां,** 20 भारतीय जवानों की शहादत के बावजूद प्रधानमंत्री ने बयान दिया कि ना कोई घुसा है, ना घुसा हुआ है। यह बयान सिर्फ जनता को नहीं, बलिदान देने वाले सैनिकों को भी धोखा देने जैसा था।

**नवां,** महंगाई ने आम आदमी की थाली को भी छोटा कर दिया है। दाल, सब्ज़िया, दूध सब कुछ आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है और सरकार सिर्फ अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार के दावे कर रही है।

**दसवां,** महिला आरक्षण पर सालों से सिर्फ बयानबाजी होती रही। चुनाव के ऐन पहले आरक्षण की घोषणा और उसे 2029 के बाद लागू करने की बात सिर्फ एक और चुनावी जुमला बनकर रह गया।

**ग्यारहवां,** सीबीआइ, इडी जैसी संस्थाओं का उपयोग विपक्ष को डराने और दबाने में हुआ। संसद को चर्चा से नहीं, आदेश से चलाया गया। संविधान की आत्मा संवाद और सहमति को बार-बार कुचला गया। अंत में, डॉ तनुज खत्री ने कहा देश अब तय करेगा कि वह प्रचार में उलझे रहना चाहता है या सच्चाई से आंख मिलाकर आगे बढ़ना। झारखंड अब नारे नहीं, न्याय मांग रहा है। जल, जंगल, जमीन और अस्मिता के लिए निर्णायक संघर्ष तय है।

# मोदी के नेतृत्व में देश की जनता नये भारत को देख रही: प्रदीप वर्मा

**सबका साथ, सबका विकास नारा नहीं सच्चाई है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लातेहार।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने मंगलवार को मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल के अवसर पर लातेहार में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। डॉ वर्मा ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास यात्रा पर आगे बढ़ रहा है। आज का भारत आत्मनिर्भर भारत है, स्वाभिमानी भारत है, सशक्त भारत है मजबूत भारत है। देश की जनता इस नये भारत को नजदीक से देख रही।

डॉ वर्मा ने कहा कि आज गांव, गरीब किसान से संबंधित कल्याणकारी योजनाएं, राजनीतिक नारेबाजी नहीं बल्कि धरातल पर उतरने वाली सच्चाई है। कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के स्वभाव में यह नहीं है। सबका साथ सबका विकास एक दर्शन के रूप में स्थापित हो गया है। कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश का चतुर्दिक विकास दुनिया को अचंभित कर रहा है। शताब्दी की सबसे बड़ी महामारी कोविड में भी भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में मजबूती से खड़ा रहा क्योंकि प्रधानमंत्री इस राष्ट्र के प्रथम सेवक बने रहे। कहा कि कोविड महामारी में भी कोई गरीब भूखा न सोये इसकी चिंता पीएम मोदी ने की। देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज आज भी दिया जा रहा। 140 करोड़ जनता को 220 करोड़ वैक्सीन लगायी गयी। इतना ही नहीं भारत ने विश्व बंधुत्व और मानवता की सेवा की मिशाल प्रस्तुत करते हुए वैक्सीन मैत्री के माध्यम से 160 देशों को वैक्सीन दिये। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत के कोविड प्रबंधन की सराहना की।

विकास की चर्चा करते हुए कहा कि भारत तेजी से सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, रेल, हवाई सेवा, हाइवे पर तेजी से आगे बढ़ रहा। फोर लेन, सिक्स लेन सड़कों का जाल बिछ रहा, भारतमाला, एक्सप्रेसवे जैसी योजनाएं धरातल पर उतर रहीं। देश में 35 किलोमीटर राजमार्ग प्रति दिन बन रहे।

आज एम्स की संख्या बढ़ रही, हवाई अड्डे बढ़ रहे, जबकि यूपीए सरकार पैसे का रोना रोती थी। कर्ज लेकर भी भ्रष्टाचार करती रही। कहा कि आज भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया। देश की जीडीपी सबसे तेजी से बढ़ रही। 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बन जायेगा। कहा कि दूसरी ओर भारत का स्वाभिमान सम्मान बढ़ा है। आज मोदी के नेतृत्व में उग्रवाद आतंकवाद को करारा जवाब मिल रहा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के आतंकवादी अड्डों को धूल में मिलाने का काम भारत की सैन्य शक्ति ने किया है। परमाणु धमकी को नजरअंदाज करते हुए भारत ने आतंकवाद को करारा जवाब दिया। कहा कि भारत के स्वदेशी रक्षा उपकरणों ने दुनिया को चौंकाया है। विश्व समुदाय को भारत की रक्षा शक्ति पर भरोसा बढ़ा है। भारत का रक्षा व्यापार आज 34 गुना बढ़ा है। कहा कि मोदी सरकार ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को मजबूत करते हुए गुलामी के चिन्हों को मिटाने की कोशिश की है। कानून के बदलाव करते हुए अब दंड संहिता न्याय संहिता के रूप में परिवर्तित हुई है। आज का भारत दुनिया को नयी दिशा दे रहा।

## झारखंड में कोविड से पहली मौत

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में कोविड -19 से इस साल पहली मौत दर्ज की गयी है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि राज्य की राजधानी रांची में 44 वर्षीय एक व्यक्ति की रिम्स में मौत हो गयी है। वह शख्स मुंबई से लौटा था और टेस्ट कराने पर रिपोर्ट पॉजिटिव आयी थी। वह यहां राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में इलाज करा रहा था। रांची के सिविल सर्जन प्रभात कुमार ने बताया कि मरीज कई बीमारियों से पीड़ित था और उसका कोविड-19 टेस्ट भी पॉजिटिव आया था। एक अन्य स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि वह व्यक्ति एस्पिरेशनल निमोनिया, एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम, सेप्टिक शॉक, हाइपरटेंशन और हाइपोथायरायडिज्म जैसी बीमारियों से जूझ रहा था। स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के अनुसार, झारखंड में फिलहाल कोविड-19 के छह सक्रिय मामले हैं। इस साल 1 जनवरी से अब तक नौ मरीज इस बीमारी से ठीक हो चुके हैं। राज्य में कोरोना की मौजूदा लहर का पहला मामला 24 मई को सामने आया था, जब मुंबई से लौटे एक व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि हुई थी।

# नशा मुक्त अभियान जागरूकता रथ को स्वास्थ्य मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**10 जून से शुरू इस कार्यक्रम का समापन 26 जून को मोरहाबादी मैदान में किया जायेगा**

**अफीम की खेती को पूरी तरह से खत्म करना हमारा लक्ष्य : स्वास्थ्य मंत्री**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। इसके तहत राज्य भर में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। 10 जून से शुरू इस कार्यक्रम का समापन 26 जून को मोरहाबादी मैदान में किया जायेगा। डॉ अंसारी मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि झारखंड में सबसे ज्यादा युवा नशे की चपेट में है। हमें झारखंड के लोगों को नशे की चपेट से बाहर निकलना है। उन्होंने गुटखा खाने के दुष्परिणाम के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि लोगों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करने की जरूरत है। यह जागरूकता वाहन लोगों को नशा के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करेगा।

**अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से बाहर निकालना :** मंत्री ने कहा कि झारखंड के विभिन्न जिलों खासकर रांची, खूंटी में अफीम की खेती की रोकथाम के लिए कार्रवाई की गयी है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ हमारा प्रयास जारी है और काफी हद तक इसमें रोक लगाने में सफलता भी पायी है, लेकिन हमारा लक्ष्य अफीम की खेती को पूरी तरह से खत्म करना है। अफीम की खेती का बड़े पैमाने पर विनष्टीकरण किया गया है, जो सरकार की उपलब्धि है। मंत्री ने कहा कि नशा सामाजिक, मानसिक और आर्थिक रूप से लोगों को बर्बाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और लोगों को नशे की लत से बाहर निकालना है। अभियान के तहत सभी जिलों में प्रचार वाहन जायेंगे, स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम चलाये जायेंगे। इसके पूर्व उन्होंने सभी जिलों में नशा के खिलाफ जागरूकता लाने के लिए सभी जिलों के लिए जागरूकता प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने कहा कि नशा सभी बीमारियों की जड़ है, नशे के चक्कर में पड़ कर युवा कम उम्र में ही इसकी गिरफ्त में ही अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। हमें उन्हें जागरूक करना होगा। यह सिर्फ 14 दिन का कार्यक्रम नहीं है बल्कि यह कार्यक्रम पूरे साल भर चलना चाहिए। इस मौके पर गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने कहा कि झारखंड में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग की समस्या से हम सब परिचित हैं। नशा में पड़ कर लोग वित्तीय तनाव, घरेलू हिंसा और जैसी समस्याओं का सामना करने लगते हैं, इतना ही नहीं आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल हो जाते हैं, जो समाज और कानून व्यवस्था के लिए चुनौती पैदा करती है। उन्होंने कहा कि अफीम की खेती मुख्य रूप से राज्य के खूंटी, रांची, लातेहार और अन्य जिलों में होती है।

# मोदी सरकार के 11 साल गरीब के लिए पीड़ादायक रहा : केशव महतो कमलेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के द्वारा मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धि पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि 11 साल में संविधान के हर पन्ने पर तानाशाही की स्याही पोतने वाली भाजपा आज अपनी उपलब्धि बता रही है। इन 11 सालों में कोई जवाबदेही नहीं, कोई बदलाव नहीं, सिर्फ अपना प्रचार कर रहे हैं प्रधानमंत्री। उन्होंने कहा कि इन 11 सालों में देश के सभी संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास किया। आलम यह है कि एनसीआरबी के अनुसार महिलाओं के खिलाफ दर्ज अपराध लगभग दोगुने हो गये हैं।




आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 11 जून, 2025
www.azadsipahi.in


### भाजपा रांची महानगर और ग्रामीण जिला का प्रोफेशनल मीट आयोजित

# भाजपा सत्ता के लिए नहीं, राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित पार्टी : स्मृति ईरानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में रांची महानगर और ग्रामीण जिला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को लेक गार्डन अरगोड़ा में प्रोफेशनल मीट का आयोजन हुआ। प्रोफेशनल मीट में बड़ी संख्या में अधिवक्ता, डॉक्टर, प्राध्यापक, शिक्षक, इंजीनियर, सीए, सीएस और व्यवसायी शामिल हुए। इस अवसर पर बतौर मुख्य पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि सबके साथ और सहयोग के कारण 'मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल' पूरे हो रहे हैं। तीसरी बार मोदी सरकार को भारत की जनता ने आशीर्वाद दिया है।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सत्ता के लिए नहीं, बल्कि गांव, गरीब, किसान और महिला की सेवा के लिए समर्पित है। भाजपा सत्ता की नहीं, राष्ट्र की उन्नति के लिए संकल्पित है। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय के बलिदान और करोड़ों कार्यकर्ताओं के त्याग और तपस्या से सिंचित पार्टी है।



**झारखंड सरकार भ्रष्टाचार, लूट और कुशासन को बढ़ावा दे रही है : बाबूलाल**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश में सुशासन और सुरक्षा को मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया है। कांग्रेस के 60 वर्षों के शासन ने उग्रवाद, आतंकवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। ग्रामीण लोगों को उग्रवादियों के भय से घर बार छोड़कर भागना पड़ा। लेकिन आज मोदी सरकार ने नक्सल उन्मूलन की दिशा में बड़ा कार्य किया है। आंतरिक और बाह्य दोनों प्रकार की सुरक्षाओं को मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि दुश्मनों को एयर स्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर से अभूतपूर्व जवाब दिये जा रहे हैं। आज का भारत चिट्ठी नहीं लिखता, जवाब देता है। 2014 से पहले देश में लूट और भ्रष्टाचार की ही चर्चा होती थी। लेकिन आज मोदी सरकार केवल विकास ही सुनिश्चित नहीं कर रही, बल्कि लूट के पैसे को भी बाहर निकाल रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार भ्रष्टाचार, लूट और कुशासन को बढ़ावा दे रही है, जबकि भाजपा सरकार विकास को संकल्पित है।

**भाजपा ने बनाया, भाजपा ही संवारेगी : डॉ रविंद्र कुमार राय**

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि अलग झारखंड प्रदेश भाजपा की देन है और भाजपा ही इसे संवारेगी। भाजपा झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार, धर्मांतरण, उग्रवाद, विदेशी घुसपैठ के खिलाफ लड़ाई लड़ती रहेगी। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, महानगर जिलाध्यक्ष वरुण साहू, ग्रामीण जिला अध्यक्ष धीरज महतो, आरती कुजूर, विकास प्रीतम, आरती सिंह, सरोज सिंह, दीपक बंका, शिवपूजन पाठक, बलराम सिंह, ऊषा पांडेय, सत्यनारायण सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्मृति ईरानी ने कहा कि मोदी सरकार गरीबों, महिलाओं, किसानों के कल्याण के लिए समर्पित है। करोड़ों रुपये इनके विकास पर खर्च हो रहे हैं। एक जमाने में देश ने यह भी देखा है कि कांग्रेस के कार्यक्रमों में पांच से 10 हजार रुपये के भोजन प्लेट परोसे जाते थे, जबकि आज मोदी सरकार 81 करोड़ गरीबों की थाली में भोजन परोसने का कार्य कर रही है। गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण के साथ राष्ट्र का सम्मान मोदी सरकार सुनिश्चित कर रही है।

उन्होंने कहा कि धारा-370 हटाने पर खून की नदियां बहने की बात करने वाले लोगों ने देखा कि एक मच्छर भी इससे नहीं मरा। मोदी सरकार के ऐतिहासिक कार्यों की प्रशंसा विरोधी भी करने को मजबूर हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार कर उसे नेस्तनाबूद करने का काम किया है। आज दुनिया देख चुकी है कि भारत की ओर आंख उठाकर देखने का परिणाम क्या होगा। आज बढ़ता भारत, बदलता भारत, आत्मनिर्भर भारत, स्वाभिमानी भारत उभर कर सामने आया है।

## स्मृति इरानी ने राज्यपाल से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। जानकारी के अनुसार इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। हालांकि राजभवन से इसे शिष्टाचार भेंटवार्ता बताया है।

## डेली मार्केट थाना में नशा मुक्त हो अपना रांची शहर के लिए ली शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध डेली मार्केट थाना में एक आम बैठक रखी गयी। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य रूप से कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने किया। मौके पर डीएसपी ने थाना प्रभारी और समाजसेवियों को शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में गली, मोहल्ले में नशा के खिलाफ अभियान चलाये और जो बच्चे नशा करते हैं। उसकी जानकारी दें ताकि हम लोग उसे नशा करने से रोक सकें। जहां पर नशा का धंधा होता है, जो मास्टरमाइंड है उसकी भी सूचना दे। वह सूचना हम लोग गुप्त रखेंगे और नशा का धंधा करने वालों पर डंडा चलायेंगे। मौके पर डेली मार्केट थाना प्रभारी जय प्रकाश राणा, नामकुम थाना के पूर्व थानेदार ब्रह्म देव प्रसाद, नशा मुक्ति अभियान के तहत पदाधिकारी झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला के मुख्य संयोजक मुस्ताक आलम, झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष जीत गुप्ता, अजीत नायक, विक्रम सिंह, परवेज, गुड्डु, मोहम्मद महबूब, सुमन साहू, राजेंद्र कुमार, सनी, बबलू, मोहम्मद निसार, टिंकू, मोहम्मद फैयाज सहित अन्य मौजूद थे।

## एसबीयू के रसायनशास्त्र विभाग में समर ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय समर ट्रेनिंग कार्यक्रम की मंगलवार को शुरूआत हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विवि के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने रसायनशास्त्र के क्षेत्र में हो रहे नित नये प्रयोगों के विषय में बताया और इस दिशा में हो रहे आधुनिक शोधों पर प्रकाश डाला। पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान और इस संदर्भ में चुनौतियों की भी उन्होंने चर्चा की।

विशिष्ट अतिथि उषा मार्टिन के जीएम, सीएसआर डॉ मयंक मुरारी ने अपने संबोधन में प्राथमिक विज्ञान और इसके उन्नयन में रसायनशास्त्र की भूमिका का उल्लेख किया और भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ इसके सह संबंधों पर बात की। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों और आविष्कारों के उल्लेख के साथ इसे स्पष्ट किया।

विभागाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार सिन्हा ने स्वागत भाषण में इस पांच दिवसीय समर ट्रेनिंग कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विवि के आइक्यूएसी के निदेशक डॉ संदीप कुमार ने भी उपस्थित श्रोताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में सन टेक लैब की क्वालिटी मैनेजर प्रीति वर्मा ने विद्यार्थियों को विषय आधारित बुनियादी जानकारी दी।

कार्यक्रम में आगंतुकों का परिचय डॉ नित्या गर्ग और धन्यवाद प्रस्ताव डॉ पिंटू दास ने दिया। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया है।

## 161 फुटपाथ दुकानदारों को वेंडर मार्केट में मिली जगह

**लॉटरी के जरिए हुआ था चयन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नगर निगम ने शहर के मोरहाबादी स्थित जोन 2 में फुटपाथ विक्रेताओं के लिए नया वेंडर मार्केट का निर्माण करवाया है। जहां मंगलवार को 161 विक्रेताओं को दुकान आवंटित कर दिया गया। बताते चलें कि 27 मई 2025 को रांची नगर निगम के कार्यालय में फुटपाथ दुकानदारों के लिए लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की गयी थी, जिसमें 169 विक्रेताओं का चयन इ लॉटरी के जरिये किया गया था। इसी प्रक्रिया को आगे बढ़ते हुए मंगलवार को 161 विक्रेताओं को मोरहाबादी वेंडर मार्केट में स्थल आवंटित किये गये हैं।

**रांची नगर निगम ने जारी किये निर्देश**

रांची नगर निगम द्वारा इन विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह अपने आवंटित स्थल (चबूतरा) पर निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी दुकान लगा लेंगे, ताकि अन्य किसी दुकानदार को परेशानी ना हो। रांची नगर निगम के अपर प्रशासक संजय कुमार ने बताया कि रांची नगर निगम ने सभी विक्रेताओं को व्यवस्थित तरीके से दुकान संचालित करने का एक सही जगह बनाकर दिया है। अब उपयोग उन्हें करना है। साफ सफाई की व्यवस्था या मेंटेनेंस तमाम सुविधाओं की निगरानी नगर निगम रखेगी, ताकि परियोजना का उद्देश्य सफल हो सके।

**रांची नगर निगम का प्लान**

बता दें कि रांची नगर निगम की यह योजना फिलहाल रुकने वाली नहीं है। इसके तहत निगम द्वारा शहर के अन्य स्थानों पर भी वेंडर मार्केट निर्माण को लेकर पहल की जा रही है। अटल वेंडर मार्केट, रांची के लालपुर डिस्टलरी वेंडर मार्केट, मोरहाबादी वेंडर मार्केट के अलावा चुटिया और अन्य क्षेत्रों में भी वेंडर मार्केट का निर्माण जल्द होगा और फुटपाथ दुकानदारों को व्यवस्थित किया जायेगा, ताकि शहर की ट्रैफिक सिस्टम स्मूथ हो सके।

## रेलकर्मियों ने अपर महाप्रबंधक से अपनी समस्याओं से अवगत कराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**हाजीपुर।** मंगलवार को मुख्यालय, हाजीपुर में 06 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार से मुलाकात की और अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। अपर महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिये। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## मंत्री का बयान दलितों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा : नायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मंत्री राधाकृष्ण किशोर के हालिया बयान पर आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा है कि मंत्री का बयान दलित समुदाय के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। नायक ने कहा कि राधाकृष्ण किशोर का यह बयान दलितों को गुमराह कर वोट हथियाने की साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार ने शासन के दौरान दलितों को हर क्षेत्र में हाशिए पर रखा, अपमानित किया और उनके संवैधानिक अधिकारों की खुलेआम अनदेखी की। इसे पूरी तरह दलित प्रेम नहीं, बल्कि राजनीतिक षड्यंत्रकारी कहा जा सकता है। मंत्री का दलित प्रेम महज एक सस्ता और सियासी तमाशा है। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर दलितों की हालत इतनी ही खराब है, तो राधाकृष्ण किशोर और उनकी सरकार अब तक क्यों सोती रही।

## नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए डीसी ने रवाना किया वाहन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नशे के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान के तहत उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जागरूकता वाहन के जरिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों बाजार-हाट, प्रमुख चौक-चौराहों में लोगों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिलावासियों को नशे से दूर करने के लिए खुद जागरूक रहते हुए दूसरों को भी जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि 10 से 26 जून तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम के तहत कार्यशाला और पर्यटन स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मौके पर उपायुक्त ने समाज के सभी वर्गों से नशामुक्ति के लिए मिलजुल कर कार्य करने की अपील की। ताकि इस समस्या को जड़ से खत्म किया जा सके। इस दौरान जिला नजारत उप समाहर्ता, सीडीपीओ और जिला समाज कल्याण कार्यालय के कई कर्मी उपस्थित थे।

## आइएएस विनय चौबे की पत्नी के खाते में 1.26 करोड़ रुपये ट्रांसफर किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शराब घोटाले की जांच के दौरान नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह द्वारा स्वप्ना संचिता के खाते में 1.26 करोड़ रुपये ट्रांसफर किये जाने के सबूत मिले हैं। जांच में पाया गया है कि करीब सात साल के दौरान विनय सिंह की कंपनी के खाते से स्वप्ना संचिता के खाते में यह रकम ट्रांसफर की गयी है। स्वप्ना संचिता, आइएएस अधिकारी विनय चौबे की पत्नी हैं। इडी ने शराब घोटाले में इसीआइआर दर्ज करने के बाद तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे, उनके रिश्तेदार शिपिज त्रिवेदी, नेक्सजेन के मालिक सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापा मारा था। छापेमारी के दौरान मिले दस्तावेज और बैंक खातों की जांच के दौरान विनय सिंह की कंपनी के खाते से विनय चौबे की पत्नी के खाते में पैसा ट्रांसफर होने का मामला पकड़ में आया। जांच में पाया गया कि विनय सिंह की कंपनी से स्वप्ना संचिता के खाते में पैसा ट्रांसफर करने का सिलसिला वर्ष 2017 में शुरू हुआ। यह सिलसिला वर्ष 2023 तक चला। छत्तीसगढ़ इडी द्वारा शराब घोटाले की जांच के दौरान विनय चौबे को समन कर छत्तीसगढ़ बुलाये जाने के बाद कंसल्टेंसी फीस के नाम पर पैसा



ट्रांसफर करने का सिलसिला बंद हो गया। इडी द्वारा जांच में पाया गया है कि विनय सिंह ने यह रकम स्वप्ना संचिता को अपनी कंपनी में कंसल्टेंसी फीस के रूप में दी है। हालांकि कंसल्टेंट के रूप में विनय सिंह की कंपनी में स्वप्ना संचिता की नियुक्त से संबंधित कोई दस्तावेज जांच एजेंसी को नहीं मिला। नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह की ओर से स्वप्ना संचिता को मौखिक रूप से ही कंसल्टेंट नियुक्त किये जाने का दावा पेश किया गया।

विनय सिंह की तरफ से बताया गया कि विनय चौबे की पत्नी ने आइआइएम से फाइनेंस आर मार्केटिंग में एमबीए की डिग्री हासिल की है। वह विनय सिंह को उसके व्यापार में मदद करती थीं। काफी अनुरोध के बाद उन्होंने कंपनी को व्यवसायिक तौर पर सलाह देने के लिए तैयार हुई थीं। वह कंपनी के लिए डाटा एनालिसिस, डिजिटल मार्केटिंग, ग्राहकों की पसंद आदि का एनालिसिस तक करके कंपनी के व्यापार का बढ़ाती थीं। लेकिन शराब घोटाले की जांच के दौरान पैदा हुई कानूनी परेशानियों के मद्देनजर स्वप्ना संचिता ने वर्ष 2023 से कंसल्टेंट के रूप में काम करना बंद कर दिया था। इडी द्वारा की गयी पूछताछ के दौरान विनय सिंह ने चौबे की पत्नी के साथ 20 साल से पारिवारिक संबंध होने की बात स्वीकार की। साथ ही यह भी कहा कि दोनों के पूर्वज काफी पहले से एक दूसरे परिवार को जानते थे और मित्रता थी।

## प्रदेश कांग्रेस ने 30 सोशल मीडिया चेयरमैन नियुक्त किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत के अनुमोदन पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के अनुसार विभिन्न जिलों के 30 सोशल मीडिया चेयरमैन की नियुक्ति कर दी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के चेयरमैन गजेंद्र सिंह ने मंगलवार को बताया कि सोशल मीडिया के जिला चेयरमैन की चयन प्रक्रिया के लिए छह से आठ मई को साक्षात्कार का आयोजन हुआ था। इसमें कई लोगों का साक्षात्कार हुआ था। पार्टी की ओर से जिन लोगों का चयन किया गया है उनमें रांची ग्रामीण से जगदीश चंद्र महतो, रांची महानगर से जफर इमाम, खूंटी से सुनीता गोप, सिमडेगा से रंधीर रंजन, गुमला से केदार नाथ साहू, लोहदगा से अशलम अंसारी और प्रकाश उरांव, हजारीबाग से उदय केशरी और मनोहर यादव, गिरिडीह से चांद रशीद और शिवम सेठ, चतरा से जुल्कार नैन, रामगढ़ से कमलेश कुमार महतो, धनबाद से वशीम अहमद और देवेंद्र पासवान, बोकारो से अफाक आलम, कोडरमा से भोला दास, पलामू से अशीष शुक्ला, गढ़वा से मौशहिद हुसैन, लातेहार से राजेश ठाकुर, पूर्वी सिंहभूम से राज कुमार वर्मा, पश्चिमी सिंहभूम से रवि कच्छप, सरायकेला-खरसांवा से प्रकाश महतो, दुमका से कुंदन यादव, साहिबगंज से नेहाल अख्तर, गोड्डा से इफ्तेकार अंसारी और आत्मा पांडेय, देवघर से अमित पांडेय, पाकुड़ से पियारूल इस्लाम, जामताड़ा से जियाउल रहमान का चयन किया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 11 जून, 2025
www.azadsipahi.in


## टेंपो-बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत कुडू रांची मुख्य पथ एनएच-75 पर स्थित कोकर गांव के समीप मंगलवार की दोपहर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान रांची जिले के चान्हो थाना अंतर्गत पाटुक गांव निवासी कर्मा उरांव 24 पिता बाबूराम उरांव एवं पवन उरांव 25 पिता बुद्धेश्वर उरांव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों युवक एक ही बाइक हीरो स्प्लेंडर पर सवार होकर सिंचाई मशीन लाने एडादोन जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक टेंपो से उनकी सीधी टक्कर हो गयी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। कुडू थाना की टीम मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सको ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक पवन की एक वर्ष पूर्व ही शादी हुई है।

# फरार तीन बांग्लादेशी को 15 घंटे के अंदर पुलिस ने पकड़ा

### दो को पश्चिम बंगाल के बनगांवा, एक को धनबाद स्टेशन से दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग डिटेंशन सेंटर से फरार तीन बांग्लादेशी को हजारीबाग पुलिस ने 15 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। दो फरार बांग्लादेशी नागरिक को वेस्ट बंगाल के बनगांवा जबकि एक को धनबाद स्टेशन से दबोचा गया है। इन तीनों पर बिना पासपोर्ट के अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने का आरोप है। अगर पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाती तो निश्चित रूप से ये बांग्लादेश जाने वाले थे। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि हजारीबाग स्थित फॉरनर्स होल्डिंग कैंप में रह रहे 3 बंगलादेशी नागरिक कैंप के दीवार में लगे कन्सनटीना वायर को हटाकर दीवार को फांदकर फरार हो गये थे। घटना के बाद फरार तीनों की गिरफ्तारी के लिए अलग अलग टीम का गठन किया गया। दो टीम को बनगांवा पश्चिम बंगाल और कोलकाता भेजा गया। बनगांवा गयी टीम ने पश्चिम बंगाल पुलिस की मदद से निफा अख्तर उर्फ खुशी और नजमुल हलधर को गिरफ्तार किया। जबकि कोलकता गयी टीम ने रीना खान उर्फ फिना देवी का पीछा करना प्रारंभ किया। धनबाद और कोलकता पुलिस की मदद से रीना खान को धनबाद रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। हजारीबाग पुलिस ने 15 घंटे के अंदर तीनों फरार बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया। तीनों को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। रीना खान को जामताड़ा जेल से 4 फरवरी 2022 को, अख्तर खुशी को 28 सितंबर 2024 और नजमुल को 1 मार्च 2025 को हजारीबाग के डिटेंशन केंद्र में शिफ्ट किया गया था।

### डिटेंशन सेंटर की सुरक्षा पर उठे सवाल

**डिटेंशन सेंटर से फरार हुए तीन बांग्लादेशी की घटना ने डिटेंशन सेंटर की सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर दिया है। भलेही पुलिस ने 15 घंटे के अंदर इन्हें पकड़ लिया है, लेकिन घटना ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। पहले भी फरार हो चुके हैं घुसपैठिए : गौरतलब हो कि हजारीबाग जेपी कारा के डिटेंशन सेंटर से सजा काट चुके दो विदेशी पहले भी सुरक्षा घेरा तोड़कर भाग चुके हैं। 8 मार्च 2021 की रात को ऐसी घटना हुई थी। दोनों विदेशी नागरिक सेंटर की खिड़की का रॉड तोड़कर भाग निकले थे।**

# वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झुमरा पहाड़ क्षेत्र का दौरा किया

### वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय और अरुण सिंह रहे मौजूद

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** जिले के झुमरा पहाड़ स्थित सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में आज एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने शिरकत की। इस अवसर पर मंत्री ने गांव के स्कूल में जाकर बच्चों के साथ काफी समय बिताया और उनके साथ बातचीत की। मंत्री ने झुमरा पहाड़ में विकास कार्यों की समीक्षा की और क्षेत्र की प्रगति के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संदेश को ग्रामीणों तक पहुंचाया।

मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इस दिशा में काम करती रहेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाएं और कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय, अरुण सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। उन्होंने भी ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए अपने विचार व्यक्त किये और राज्य सरकार की योजनाओं की सराहना की।

# नक्सली कमांडर आक्रमण गंझू का सहयोगी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतर।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के गिरफ्तार जोनल कमांडर आक्रमण का सहयोगी अर्जुन गंझू पिता स्व. बासुदेव गंझू को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से भारी मात्रा में अवैध गोली और हथियार बरामद किया गया है। उक्त बातें चतरा एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 9 जून को गुप्त सूचना मिली थी कि अर्जुन गंझू, पिता स्व. बासुदेव गंझू के पास टिकदा गांव में भारी मात्रा में अवैध गोला-बारूद और हथियार के साथ मौजूद है। उक्त सूचना के आधार पर सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी के क्रम में आरोपी अर्जुन गंझू की तलाशी के दौरान 01 लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया। तत्पश्चात उक्त अभियुक्त की निशानदेही पर टिकदा के जंगल में जमीन के नीचे छिपाकर रखे गये इंसास राइफल के 477 राउंड जिंदा गोली और 303 राइफल के 246 राउंड गोली बरामद किया गया। तत्पश्चात सभी हथियार और गोली जब्त कर अभियुक्त अर्जुन गंझू को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इस संबंध में लावालौंग थाना कांड संख्या-43/2025 दिनांक-09.06.2025 धारा-25(1-ए)/25(1-बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट और 17(आई)(II) सीएलए एक्ट दर्ज किया गया। छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक रूपेश कुमार थाना प्रभारी लावालौंग, पुलिस अवर निरीक्षक सूर्य प्रताप सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक विधायक प्रसाद यादव सहित अन्य शामिल थे।

# महिला के घर पहुंचा सनकी प्रेमी, पति को चाकू मारा

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** शहर के प्रोफेसर कॉलोनी में एक सनकी प्रेमी ने शादीशुदा महिला के पति को चाकू मार कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। गंभीर हालत में जख्मी दुमका जिले के तालझारी थाना क्षेत्र निवासी 28 वर्षीय सूरज दास को उसकी पत्नी ने सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। डॉक्टर ने सूरज की हालत नाजुक बतायी है। महिला ने बताया कि वह अपने पति सूरज के साथ रहती है। कुंदन लगातार उसे परेशान कर रहा था। महिला का कहना है कि कुंदन ने उसके पति को रास्ते से हटाने के लिए चाकू से हमला कर दिया, लेकिन किसी तरह बीच बचाव कर पति को उसके चंगुल से निकाल कर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। वहीं सनकी प्रेमी कुंदन का कहना है कि महिला का पति वह है। उसने विधिवत उससे एक साल पहले शादी की है। कुंदन ने स्वीकार किया कि सूरज को चाकू उसने मारा है। लेकिन आत्मरक्षा के लिए उसने खुद को बचाने के लिए चाकू मारा है। घटना के बाद सनकी प्रेमी कुंदन को पकड़े जाने का तनिक भी भय नहीं था। वह महिला और उसके पति के पीछे-पीछे सदर अस्पताल भी पहुंच गया। कुंदन का कहना है कि सूरज उसका दोस्त है।

# कौशल ही आत्मनिर्भरता की पहली सीढ़ी : अमित कुमार




आजाद सिपाही संवाददाता

### प्रमाण पत्र वितरण समारोह सह औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम

**रांची।** मंगलवार को झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी की प्रमुख योजना मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र एक्सेल डेटा सर्विसेज, बुंडू, रांची में भव्य प्रमाण पत्र वितरण समारोह एवं औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन 360 से अधिक प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित किया गया जिन्होंने हाल ही में कई ट्रेडों में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इनमें डोमेस्टिक डेटा एंट्री ऑपरेटर, सेल्फ-एंप्लॉयड टेलर, सिलाई मशीन ऑपरेटर। इस मौके पर संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के प्रोजेक्ट असिस्टेंट, रांची, अमित कुमार विजय उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किये और उन्हें प्रशिक्षण के बाद रोजगार पाने और स्वरोजगार आरंभ करने हेतु प्रोत्साहित किया। अमित कुमार विजय ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहाः कौशल ही आत्मनिर्भरता की पहली सीढ़ी है। वर्तमान समय में प्रशिक्षित युवा ही समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान सैंपलिंग टेलर ट्रेड के 60 प्रशिक्षुओं को औद्योगिक भ्रमण (इंडस्ट्री विजिट) के लिए ऑबर्न डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री ले जाया गया। इस कार्यकर्म में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम से रांची जिला परियोजना सहायक अमित कुमार विजय, एक्सेल डेटा सर्विसेज,बुंडू, रांची सेंटर मैनेजर प्रवीण कुमार, प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर रोहित कुमार और नवीन कुमार, काउंसलर साहिस्ता खातून, सरीना खातून, सिंधु कुमारी, ट्रेनर विजेता जयसवाल, सौरभ कुमार, स्वेता कुमारी के साथ-साथ कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# यूपीएससी आरटी थर्ड की परीक्षा 15 को, लापरवाही न बरतें : आयुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रमंडलीय आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची के कार्यालय कक्ष में आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आरटी - थर्ड की परीक्षा की तैयारियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में 15 जून को होने वाले यूपीएससी आरटीएस परीक्षा को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। आरटी - थर्ड की परीक्षा प्रथम पाली में समय 9:30 पूर्वाह्न से 11:30 पूर्वाह्न तक निर्धारित है। परीक्षा हेतु राजकीय बालिका +2 उच्च विद्यालय, बरियातू, रांची को उप केंद्र बनाया गया है। परीक्षा में कुल 527 स्टूडेंट्स भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि उक्त परीक्षा उप केंद्र पर दिनांक 14 और 15 जून को किसी भी प्रकार के अन्य कार्यक्रम नहीं किये जायेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रतिनियुक्त पदाधिकारी समय से प्रश्न पत्रों के पैकेट पहुंचाने एवं समाप्ति के पश्चात उत्तर पुस्तिका एवं अन्य आवश्यक कागजातों को जीपीओ में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाये और प्रतिनियुक्त पुलिस दल परीक्षा की तिथि को ससमय कंसर्न ऑफिसर को रिपोर्टिंग करना सुनिश्चित करें।

सभी परीक्षा उप केंद्रों पर विधि व्यवस्था संधारणार्थ एवं स्टैटिक दंडाधिकारी के साथ एक चार का पुलिस बल एवं एक अलग पुलिस दल जिसमें तीन पुरुष एवं दो महिला अनिवार्य रूप से प्रतिनियुक्त रहेंगे। जो परीक्षार्थियों के केंद्र में अंदर जाने के समय मेटल डिटेक्टर से फ्रिस्किंग सुनिश्चित करेंगे। संबंधित सहायक समन्वयी पर्यवेक्षक एवं संबंधित पुलिस पदाधिकारी परीक्षा की तिथि से पूर्व ही अनिवार्य रूप से आपस में संपर्क स्थापित कर लें ताकि परीक्षा की तिथि के दिन किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो। सभी प्रतिनियुक्त स्थानीय निरिक्षी पदाधिकारी परीक्षा से 1 दिन पूर्व ही परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा समाप्ति के उपरांत संबंधित स्थानीय निरीक्षी पदाधिकारी परीक्षा से संबंधित उपस्थित विवरणी, जैमर अधिष्ठापन संबंधित प्रपत्र एवं निरीक्षण प्रतिवेदन कार्यरत नियंत्रण कक्ष को जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में आयुक्त के सचिव आलोक कुमार,अंचल अधिकारी, सोनाहातू मनोज कुमार महथा, प्रखंड विकास पदाधिकारी कांके, विजय कुमार, पुलिस पदाधिकारी,बाल विकास पदाधिकारी, मांडर सुजाता कुमारी, बाल विकास पदाधिकारी नगड़ी,लक्ष्मी भारती, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हजारीबाग के आदर्श कुमार ने फ्रांस में लहराया परचम, देश का बढ़ाया मान

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के आदर्श कुमार ने हाल ही में अपनी अभूतपूर्व उपलब्धि से पूरे देश का मान बढ़ाया है। फ्रांस में आयोजित अत्यंत प्रतिष्ठित यूरोपियन मैटेरियल्स रिसर्च सोसायटी कार्यक्रम में उन्हें अपने शोध कार्य को प्रस्तुत करने और उस पर आधारित प्रकाशित लेख के लिए पूरे विश्व में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। यह गौरवपूर्ण अवसर तब आया जब आदर्श ने इएमआरएस में अपने विस्तृत शोध कार्य को सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया। इस वैश्विक मंच पर 800 से अधिक शीर्ष शोधकर्ता जुटे थे, जिनमें से प्रत्येक अपने क्षेत्र में महारत हासिल किए हुए था। उनके शोध लेख को रॉयल सोसाइटी ऑफ साइंस जैसी प्रतिष्ठित पत्रिका में प्रकाशित होने के लिए चुना गया, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। उनके इस उत्कृष्ट कार्य और उसकी सफल प्रस्तुति के सम्मान में, आदर्श कुमार को पुरस्कार और सम्मान से नवाजा गया उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके लिए बल्कि हजारीबाग और पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है, जो युवा शोधकर्ताओं के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बन गयी है।

# टाटीझरिया में हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात ग्रामीणों के घर और फसल को किया बर्बाद

आजाद सिपाही संवाददाता





**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का उत्पात आये दिन कहर बरपाता आया है। मानो यह समस्या लोगों की नियति में शामिल हो गयी है। हाथियों के उत्पात से फसल बर्बादी के साथ अनाज व कच्चे मकान के बर्बाद कर देते हैं। हाथियों के द्वारा लाखों की तैयार फसल बर्बाद हो जाती है। एक बार फिर सोमवार की रात से मंगलवार सुबह तक हाथियों का झुंड टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जमकर उत्पात मचाया। लगभग 22 हाथियों के झुंड ने सदारो बाजार टांड निवासी शीला देवी पति मुकेश ऊर्फ किटका अगेरिया के मकान को ध्वस्त कर दिया। इससे घर में रखा अनाज, पलंग, बक्सा, कपड़ों को नुकसान पहुंचा है। लगभग डेढ लाख रुपये की क्षति पहुंची है। पति-पत्नी दैनिक मजदूरी कर अपने बच्चों पवन, आर्यन और कंचन का लालन-पालन करते हैं। हाथियों ने सदारो निवासी अर्जुन कुमार साव, अरूण कुमार साव के पूरी चहारदीवारी को क्षतिग्रस्त कर आम के पेड़ को गिरा दिया। खिड़की को भी नुकसान पहुंचाया है। फालो अगेरिया के मिट्टी घर की दीवार को क्षतिग्रस्त कर घर में रखा आलू, प्याज चट कर गये। उनके केले की फसल, बांस और तार का घेरा को नुकसान पहुंचा है। हाथियों ने बाबा बालक नाथ मंदिर के पास में महावीर साव का 100 फीट चहारदीवारी क्षतिग्रस्त कर डेढ कट्ठे में लगी मकई की फसल को नुकसान पहुंचाया है। बौधा निवासी मुकेश प्रसाद के करेला, कंदा, खीरे की फसल और सोलर पैनल का आउटलेट पाइप को नुकसान पहुंचाया है। किशोरी महतो का चहारदीवारी क्षतिग्रस्त हुई है। केसडा निवासी सरजू प्रसाद पिता स्व शुकर महतो की चहारदीवारी को ध्वस्त कर भिंडी की फसल को रौंद डाला है। उन्होंने बताया कि गत नवंबर माह में भी हाथियों ने उसके चहारदीवारी को ध्वस्त कर दिया था। जिसका मुआवजा अब तक नहीं मिल पाया है। मुखिया संघ के अध्यक्ष सुरेश यादव ने बताया कि हाथियों के उत्पात से लोग रतजगा करने को विवश हैं। टाटीझरिया प्रखंड कृषि प्रधान क्षेत्र है। पीड़ित लोगों को विभाग के द्वारा मुआवजा नहीं मिल पाता है। पिछले कुछ दशकों से यहां के जंगलों से हाथियों का झुंड आबादी क्षेत्र में प्रवेश कर उत्पात मचाने का सिलसिला जारी है। मतवाले हाथियों से बचाव को लेकर ना तो वन विभाग सक्रिय है और ना ही स्थानीय प्रशासन। इस साल भी जंगली हाथियों का आगमन अब तक आधे दर्जन से अधिक बार हो चुका है।

### झुंड से बिछड़ा एक हाथी, सड़क पर दिनभर घूमता रहा

**झुंड से बिछड़ा हाथी मंगलवार को बौधा-अमनारी सड़क पर दिनभर इधर-उधर घूमता रहा। जिसके कारण सड़क से आवाजाही करनेवाले बौधा, अमनारी, खंभवा, झरपो, नारायणपुर, बेड़मक्का समेत आसपास क्षेत्र के ग्रामीण भयभीत नजर आये। हाथी की वजह से इस सड़क पर यातायात थमा रहा। जंगल से निकलकर झुंड से बिछड़े हाथी को सड़क पर देखकर राहगीर ठिठक गये। हाथी सड़क पर काफी देर तक खड़ा रहा। वहीं भारी-भरकम हाथी को देखकर वाहन चालक भी आगे बढ़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे।**

# पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करें कार्यकर्ता: के राजू

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार में कांग्रेस के संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, जिला प्रभारी सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी और मनिका विधायक रामचंद्र सिंह मौजूद रहे। सभी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि कांग्रेस देशभर में संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम चला रही है। इसका उद्देश्य हर पंचायत में संगठन खड़ा करना है। इसके लिए ग्राम पंचायत कमेटी बनायी जायेगी। हर कमेटी में 12 सदस्य होंगे। हर महीने बैठक होगी। समस्याओं का हल वही निकाला जायेगा। कमेटी के सदस्य घर-घर जाकर लोगों से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि देश में संविधान खतरे में है। आरएसएस और बीजेपी शुरू से संविधान के खिलाफ हैं। वे मनु स्मृति लागू करना चाहते हैं। बीजेपी आरक्षण खत्म करना चाहती है। कांग्रेस ऐसा कभी नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में मनरेगा कानून के तहत हर परिवार को 100 दिन काम का अधिकार मिला। महिला समूहों को जेएसएलपीएस के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। यह कांग्रेस की देन है। प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो ने कहा कि शहर से गांव तक संगठन को मजबूत किया जाएगा। पंचायत से जिला स्तर तक कमेटियों को टास्क दिये गये हैं। संगठन मजबूत रहेगा, तभी जनाधार बचेगा। पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखंड में गठबंधन सरकार हर वर्ग के विकास के लिए काम कर रही है। महिला, गरीब और वंचितों का ध्यान रखा जा रहा है। कांग्रेस एक विजन के साथ काम कर रही है। जिला प्रभारी धीरज साहू ने कहा कि कार्यकर्ता पंचायत स्तर पर सक्रिय हों। पंचायत मजबूत होगी, तभी संगठन मजबूत होगा। पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ता ही संगठन को आगे बढ़ा रहे हैं। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि लातेहार में कांग्रेस मजबूत स्थिति में है।

## मधुपुर में रंगे हाथ तीन चोर गिरफ्तार

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** बीती रात लगभग डेढ़ बजे मधुपुर थाना क्षेत्र के लार्ड सिन्हा रोड स्थित मून होटल में चोरी का प्रयास करते तीन महिलाओं को पुलिस ने रंगे हाथ धर दबोचा, तीनों महिलाओं को पुलिस ने मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया है। बता दें कि बीती रात तीनों आरोपी महिलाएं मून होटल का गेट खोलकर प्रवेश कर गया, तभी होटल के केयर टेकर द्वारा हो हल्ला करने पर पुलिस गश्ती टीम घटना स्थल पहुंची व तीनों महिलाओं को हिरासत में ले लिया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

उप. सीएसटीई/कार्य/एचक्यू/गार्डन रीच, भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्य करते हुए, क्र. सं : 1 के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं; **निविदा संख्याः एसटटी_पी_एसईआर_2025_ टॉवर_ ओएफसी_7, दिनांक 06.06.2025; कार्य का विवरणः** खड़गपुर - आद्रा, आसनसोल - आद्रा-चांडिल, पुरुलिया - कोटशिला - मुरी, कोटशिला - बोकारो स्टील सिटी और रांची - तोरी खंड में आद्रा, रांची, खड़गपुर और चक्रधरपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे में ओएफसी बैकबोन कार्य सहित हून और एलडीएन मार्गों (1563 आरकेएम) पर कवच कार्य के लिए टावर की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग; **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹182,54,81,278.00; **बयाना राशिः** ₹ 92,77,400.00; **बंद होने की तिथि और समयः** 16.07.2025 को 16:30 बजे। उपरोक्त निविदा के लिए निविदा सूचना का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है। बोलीकर्ता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल बंद होने की तिथि और समय तक ही जमा कर सकेंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अनदेखा किया जाएगा।
(PR-245)

# कुशलता बढ़ायें

आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू अपने राज्य में जन्मदर बढ़ाना चाहते हैं और इसके लिए उन्होंने फाइनेंशल इन्सेंटिव्स देने की योजना बनायी है। चंद्रबाबू के इस फैसले के पीछे सामाजिक से ज्यादा राजनीतिक कारण हैं। हालांकि आबादी के मामले में चीजें इस तरह से काम नहीं करती हैं।

**विरोधी विचार :** नायडू का कहना है कि परिवार जितना बड़ा होगा, उसे उतना ही ज्यादा आर्थिक अनुदान मिलेगा। इससे पहले वह महिलाओं के लिए कितनी भी बार मैटर्निटी लीव और वर्कप्लेस पर बच्चों के लिए सेंटर जैसे नियम बना चुके हैं। विडंबना है कि इसी आंध्र प्रदेश में ऐसे लोगों को निकाय चुनावों में खड़े होने से रोकने के लिए नियमों में बदलाव किया गया था, जिनके दो से ज्यादा बच्चे हैं।

**सीटों की चिंता :** आंध्र की पॉलिसी में यह बदलाव आया कैसे? इसका जवाब बहुत कुछ संख्या बल की राजनीति में है। आंध्र समेत दक्षिण के सभी राज्यों में यह चिंता है कि कम आबादी की वजह से उनकी राजनीतिक हैसियत में कमी आई है। परिसीमन पर दक्षिण का विरोध इसी वजह से है कि उत्तर के राज्यों की तुलना में उनके यहां लोकसभा की सीटें कम बढ़ सकती हैं और इससे देश की सियासत में वह कमजोर पड़ जायेगा। चंद्रबाबू इसी के चलते दक्षिणी राज्यों से अपनी जनसंख्या नीति पर पुनर्विचार करने की अपील कर रहे हैं।

**सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम की 2021 की रिपोर्ट बताती है कि देश में फर्टिलिटी रेट (टीइआर) 2.0 है यानी हर कपल औसतन दो बच्चे पैदा कर रहा है। सबसे कम, 1.4 टीइआर दिल्ली और पश्चिम बंगाल का था।**

**चीन का उदाहरण :** हालांकि जनसंख्या इस तरह स्टॉप-स्टार्ट मोड में काम नहीं करती और इसका सबसे बड़ा उदाहरण चीन है। पेइचिंग ने करीब चार दशकों तक वन चाइल्ड पॉलिसी का सख्ती से पालन किया। जब इसका असर उसकी वर्कफोर्स पर पड़ा, तो 2015 में उसने दो बच्चों और फिर तीन बच्चों तक की छूट दे दी, लेकिन इससे उसकी जन्मदर पर खास फर्क नहीं पड़ा। वजह है कि शिक्षा का स्तर बढ़ने के साथ ही लोगों का ध्यान क्वॉलिटी लाइफस्टाइल की तरफ गया है।

**जन्म दर में गिरावट :** दक्षिण का डर कि उसकी आबादी गिर रही है, तस्वीर को अधूरा देखना है। असल में पूरे देश में जन्म दर में गिरावट आई है। सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम की 2021 की रिपोर्ट बताती है कि देश में फर्टिलिटी रेट (टीइआर) 2.0 है यानी हर कपल औसतन दो बच्चे पैदा कर रहा है। सबसे कम, 1.4 टीइआर दिल्ली और पश्चिम बंगाल का था। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और केरल में फर्टिलिटी रेट 1.5, जबकि तेलंगाना और कर्नाटक में 1.6 दर्ज की गयी थी।

**असल लक्ष्य :** शिक्षा के साथ आई जागरूकता के कारण पिछले दशक से आबादी में बढ़ोत्तरी नियंत्रण में आई है। भारत के सामने समस्या जनसंख्या घटने की नहीं, बल्कि यह है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को किस तरह स्किल्ड बनाया जाये, ताकि वे भी विकास में साझीदार हों और उनके जीवन स्तर में सुधार आये।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

बीते एक दशक में भारत माला, सागर माला, और उड़ान जैसी योजनाओं ने देश के दूरस्त इलाकों को सड़क, रेल, जल और वायु मार्गों से जोड़ने में नई ऊंचाई दी है। वंदे भारत ट्रेनें, बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट और रेलवे के विद्युतीकरण से न केवल यात्रा की गति बढ़ी है, बल्कि यात्रा को पर्यावरण के अनुकूल भी बनाया गया है। रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी भारत ने अभूतपूर्व आत्मनिर्भरता दिखाई है। दशकों से लंबित वन रैंक, वन पेंशन लागू हुआ, ब्रह्मोस, आकाश जैसे रक्षा उपकरणों से सेनाओं की न सिर्फ ताकत बढ़ी, बल्कि भारत दुनिया में हथियार निर्यात भी कर रहा है।

# संकल्प से सिद्धि: मोदी युग ने गढ़ी नये भारत की सशक्त, सुरक्षित और विकसित तस्वीर



**पीयूष गोयल**



वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब भारत एक अहम मोड़ पर खड़ा था। एक ऐसा देश, जहां आकांक्षाएं तो थीं लेकिन उनके पूरे होने की दिशा स्पष्ट नहीं थी। लेकिन बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जिस दिशा और गति से विकास की यात्रा तय की है, वह आज न्यू इंडिया के रूप में दुनिया के सामने खड़ा है। आज भारत आत्मविश्वास से भरा, आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर और वैश्विक मंच पर अपनी स्पष्ट आवाज रखने वाला राष्ट्र है।

इस बदलाव की शुरुआत गरीबों के जीवन स्तर को सुधारने से हुई। आजादी के छह दशकों बाद भी भारतवासी घर, शौचालय, जल और स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे। इस दिशा में पहल करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत अभियान के तहत करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के घर और शौचालय बना कर दिये गये। उज्ज्वला योजना के माध्यम से निशुल्क गैस कनेक्शन देकर करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई, जबकि आयुष्मान भारत जैसी स्वास्थ्य योजनाओं ने गरीबों को 5 लाख तक की बीमा सुरक्षा देकर उन्हें आर्थिक आपदा से बचाया। हर घर जल अभियान के माध्यम से करोड़ों ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया गया। ये योजनाएं सिर्फ कागजों की नीतियां नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत में तब्दील होकर आम जनजीवन को बदल चुकी हैं। जन धन योजना के माध्यम से आजादी के बाद पहली बार करोड़ों भारतीयों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया, जिससे देश में आर्थिक समावेशन को मजबूती मिली है। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी भारत ने ऐतिहासिक प्रगति की है। जिन गांवों में कभी बिजली और पक्की सड़कें एक सपना हुआ करती थीं, वहां अब सोलर लाइटें जलती हैं। दूर-दराज गांवों की राष्ट्रीय राजमार्गों से कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जा चुकी है। शहरों में स्मार्ट सिटी मिशन और मेट्रो परियोजनाओं ने जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया है।

> **दशकों तक बुनियादी ढांचा निर्माण के क्षेत्र में उस प्रगति से कार्य नहीं हुए जिसकी देश को जरूरत थी।**

भारत की यह विकास यात्रा डिजिटल रूप से भी क्रांतिकारी रही है। डिजिटल इंडिया अभियान ने देश को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया और यूपीआइ ने आज भारत को दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल लेन-देन करने वाला देश बना दिया है। आधार, मोबाइल और जनधन की त्रिमूर्ति ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर को सहज बनाते हुए भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका को लगभग समाप्त कर दिया। इससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है। महिला सशक्तिकरण नरेंद्र मोदी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में रहा। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान से लेकर मातृत्व अवकाश में वृद्धि और सुकन्या समृद्धि योजना जैसी योजनाओं ने महिलाओं और बेटियों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त किया है। एनडीए और भारतीय सेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन जैसी पहलों ने यह साबित किया कि सरकार के लिए महिला सशक्तिकरण केवल स्लोगन नहीं, बल्कि नीति और नीयत दोनों का हिस्सा बन चुका है।

कृषि प्रधान देश होने के बावजूद देश का कृषि क्षेत्र लंबे समय तक उपेक्षित रहा, सरकारों के तमाम कागजी दावों के उलट स्थिति ये थी कि किसान खेती छोड़ कर नौकरी के लिए पलायन करने को मजबूर थे। बीते एक दशक में कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आये। आज पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से देश के हर छोटे किसान को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता दी जा रही है। फसल बीमा योजना, ई-नाम पोर्टल, माइक्रो सिंचाई योजनाएं, और ड्रोन टेक्नोलॉजी के प्रयोग ने कृषि को सिर्फ उपज की दृष्टि से नहीं, बल्कि आय के स्रोत के रूप में मजबूत किया गया है। इसी तरह शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में भी कई ऐतिहासिक पहल की गयीं। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक में गुणात्मक परिवर्तन आये। मातृभाषा में पढ़ाई को बढ़ावा, कौशल आधारित शिक्षा और डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म जैसे दीक्षा, स्वयम, और पीएम ई-विद्या ने शिक्षा को अधिक सुलभ और समावेशी बनाया है। स्किल इंडिया के अंतर्गत लाखों युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे युवा अब नौकरी मांगने वाले नहीं, देने वाले बन रहे हैं।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान जो साहसिक और तेज निर्णय लिए, वे पूरी दुनिया में सराहे गये। स्वदेशी वैक्सीन निर्माण और कोविन पोर्टल का सफल संचालन यह दर्शाता है कि भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं, तकनीक और विज्ञान का निर्माता भी है। साथ ही फिट इंडिया, योग दिवस और आयुष मंत्रालय की सक्रियता ने भारतीय जीवनशैली को फिर से प्रासंगिक बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी की लोकल को ग्लोबल बनाने की दूरदर्शी सोच ने मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से घरेलू उद्योगों और नवाचारों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में उतारने की शक्ति दी है। भारत आज तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है, और पीएलआई स्कीम जैसे प्रोत्साहनों मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोटिव और रक्षा विनिर्माण में भी भारत आत्मनिर्भर बनता जा रहा है।

दशकों तक बुनियादी ढांचा निर्माण के क्षेत्र में उस प्रगति से कार्य नहीं हुए जिसकी देश को जरूरत थी। बीते एक दशक में भारत माला, सागर माला, और उड़ान जैसी योजनाओं ने देश के दूरस्त इलाकों को सड़क, रेल, जल और वायु मार्गों से जोड़ने में नई ऊंचाई दी है। वंदे भारत ट्रेनें, बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट और रेलवे के विद्युतीकरण से न केवल यात्रा की गति बढ़ी है, बल्कि यात्रा को पर्यावरण के अनुकूल भी बनाया गया है। रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी भारत ने अभूतपूर्व आत्मनिर्भरता दिखाई है। दशकों से लंबित वन रैंक, वन पेंशन लागू हुआ, ब्रह्मोस, आकाश जैसे रक्षा उपकरणों से सेनाओं की न सिर्फ ताकत बढ़ी, बल्कि भारत दुनिया में हथियार निर्यात भी कर रहा है। विक्रांत का निर्माण, अग्नि मिसाइलों की श्रृंखला और सीमा पर तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण भारत की सुरक्षा प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

एक ओर जहां आर्थिक और तकनीकी विकास हुआ, वहीं सांस्कृतिक और धार्मिक पुनर्जागरण ने भी समाज में नयी चेतना पैदा की है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक और केदारनाथ पुनर्निर्माण जैसे प्रकल्पों ने सांस्कृतिक आस्था को सम्मान और भव्यता दोनों दिये है। योग दिवस को वैश्विक मान्यता दिलाकर भारत ने पूरी दुनिया को भारतीय दर्शन से जोड़ने का भी कार्य किया है। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन ने समाज में जागरूकता की नयी क्रांति लायी। भारत अब नेट जीरो 2070 के लक्ष्य की ओर कार्यरत है, और सौर ऊर्जा व इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भी भारत ने पहली बार फॉलोवर से लीडर की भूमिका निभाई है। जी20 की अध्यक्षता, वैक्सीन मैत्री, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, वॉइस ऑफ ग्लोबल साउथ जैसे प्रयासों ने भारत को विकासशील देशों का नेतृत्वकर्ता बना दिया है। भारत अब संयुक्त राष्ट्र की स्थायी सदस्यता की दिशा में गंभीर दावेदारी कर रहा है। नरेंद्र मोदी सरकार की सबसे बड़ी विशेषता उसकी राजनीतिक इच्छाशक्ति रही है, चाहे वह धारा 370 को हटाने का ऐतिहासिक निर्णय हो, तीन तलाक जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करना हो, या एक देश-एक कर जैसी जटिल लेकिन आवश्यक व्यवस्था को लागू करना हो। पारदर्शी शासन और टेक्नोलॉजी का उपयोग कर देश में अंत्योदय को व्यवहारिक रूप दिया गया है।

आज जब बीते 11 वर्षों की ओर पीछे देखें, तो यह स्पष्ट दिखता है कि यह केवल योजनाओं की सूची नहीं है, बल्कि एक राष्ट्रीय पुनर्जागरण की जीवंत तस्वीर है। यह कालखंड केवल आर्थिक या भौतिक उपलब्धियों का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और राजनीतिक जागरूकता का युग रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का संकल्प लिया था वह अब सिर्फ एक नारा नहीं, भारत की पहचान बन चुका है। यह सिद्धि केवल सरकार की नहीं, हर उस नागरिक की है जिसने इस संकल्प में आस्था रखी और यही 21वीं सदी के भारत का असली परिचय है।

**(लेखक : वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री हैं।)**


## कोल्हान की खबरें

## बिरसानगर में चली कांग्रेस पार्टी का संविधान बचाओ यात्रा,आम जनता को किया जागरूक



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी ने बिरसानगर में ₹संविधान बचाओ यात्रा₹ निकाली। सोमवार को यात्रा में जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे शामिल हुए। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बस्तीवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी। इसमें पानी कनेक्शन शुल्क, सफाई, सड़क और नाली की समस्याएं प्रमुख रहीं। जिलाध्यक्ष ने आश्वस्त किया इन समस्याओं का समाधान उच्च अधिकारियों से वार्ता कर किया जायेगा। यात्रा के उपरांत सभा में उन्होंने संविधान रक्षार्थ कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान और संगठन सृजन अभियान की जानकारी दी।मौके पर कांग्रेस प्रदेश सचिव समंता कुमार, जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर यादव, प्रखंड अध्यक्ष संजय घोष, मंडल अध्यक्ष गुरुपदो गोराई सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## जन सत्याग्रह संस्था ने अवैध पार्किंग और नो-इंट्री उल्लंघन पर कार्रवाई के लिए की मांग



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। शहर के मुख्य सड़कों के किनारे भारी वाहनों की अवैध पार्किंग और नो-इंट्री के नियमों का के उल्लंघन मामले में सामाजिक संस्था जन सत्याग्रह ने डीसी और अनुमंडल पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा। अध्यक्ष मनजीत कुमार मिश्रा ने बताया बर्मामाइंस, गोलमुरी, टेल्को सहित कई इलाकों में भारी वाहन नो-इंट्री के समय भी बेधड़क चल रही हैं। जिससे दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। जन सत्याग्रह ने प्रशासन से इन सभी स्थानों पर नियमित जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। संस्था ने भारी वाहनों के कागजातों की जांच दोपहिया वाहनों की तरह करने के लिए आग्रह किया।

## मानगो में स्प्रे मार कर नगद और मोबाइल की चोरी

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। मानगो जवाहर नगर रोड नंबर 15 स्थित बंगाली कॉलोनी में बीती रात चोरों ने विक्की डे के घर मे स्प्रे मार कर बेहोश कर नगद 10 हजार और एक एंड्रॉयड मोबाइल चोरी कर फरार हो गया। घटना की जानकारी परिवार के लोगों ने स्थानीय पुलिस और पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह को दी। महिला ने बताया बीती रात करीब 2:15 बजे कमरे में हलचल की आवाज पर नींद खुली तो दो अजनबियों को कमरे में खड़ा देखा, लेकिन स्प्रे के असर से वे बोलने या उठने में असमर्थ रहीं। चोरों ने घर की अलमारी भी खंगाली पर कुछ हाथ नहीं लगा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना की सूचना 100 नंबर पर देने का प्रयास किये, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। बाद में सूचना मिलने पर पहुची पुलिस जांच में जुट गयी है। विकास सिंह ने कहा पुलिस की पेट्रोलिंग सीमित समय तह है। मुहल्लों में सुरक्षा नाम मात्र की है।

### पोटका प्रखंड आपूर्ति विभाग के शह पर डीलर कर रहे खुलेआम मनमानी

## कार्डधारी को 70 की बजाय मिला मात्र 50 किलो चावल

**कार्ड में इंट्री 70 किलो, गेहूं देने से डीलर का इंकार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** डीसी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहद जून जुलाई माह का खाद्यान्न कार्डधारियों के बीच 1 जून से 15 जून तक वितरण कर देना है। लेकिन पोटका प्रखंड में इसका घोर उल्लंघन किया जा रहा है। दो माह का एक साथ आवंटन मिलने से दुकानदारों का एक ओर बल्ले बल्ले है, वहीं दूसरी ओर कार्डधारियों के लिए घाटे का सौदा हो गया है।

**शिकायत मिली है, जांच कर कार्रवाई करेंगे : एमओ**

**इस संबंध में एमओ का कहना है कि शिकायत मिली है। बुधवार को इसकी जांच वे स्वयं करेंगे। जांच में दोषी पाये जाने वाले डीलर्स पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।**

दुकानदार द्वारा कार्डधारी को 40 किलो में 32 किलो देने का मामला अभी सुलझा भी नहीं है, तब तक दो माह के 70 किलो आवंटन में 50 किलो खाद्यान्न देने का मामला प्रकाश में आया है। गंगाडीह पंचायत अंतर्गत भिलाईडीह में राजेंद्र प्रसाद गुप्ता (लाइसेंस न 1/93) की पीडीएस दुकान है। एएवाइन 202005265010 तरुणलता कुंडू का दो माह का 70 किलो आवंटन होता है। दुकानदार ने उसे मात्र 50 किलो चावल दिया तथा कार्ड में 70 किलो इंट्री कर दिया गया। इसके अलावा उसे गेहूं नहीं दिया गया। कार्ड धारी द्वारा बार-बार मांगने पर कहा गया कि गेहूं का उठाव नहीं हुआ है।

बताया जाता है कि पूरे प्रखंड में इसी तरह का खेला चल रहा है। दुकानदार मनमानी कटौती कर कार्डधारी को खाद्यान्न दे रहे हैं। बताया जाता है कि प्रखंड के एमओ द्वारा आपूर्ति विभाग पर कम ध्यान दिया जाता है। कारण है कि उनका मूल विभाग पशुपालन है। आपूर्ति अतिरिक्त प्रभार है। कई दुकान वाले तो आज खाद्यान्न वितरण शुरू किये है तथा कहीं वितरण भी शुरू नहीं किया गया है। अब पोटका का वितरण व्यवस्था कैसे हो पायेगा, उसका भगवान मालिक है।

### भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास, राजेंद्र मध्य विद्यालय को मिला चार नये कक्षों का उपहार

## अबुआ सरकार की योजनाओं का उद्देश्य हर गांव-मुहल्ले तक पहुंचे विकास की किरण, यही असली विकास : संजीव सरदार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पोटका विधानसभा में विधायक के पहल पर शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। मंगलवार को विधायक संजीव सरदार ने बागबेड़ा स्थित राजेंद्र मध्य विद्यालय परिसर में चार अतिरिक्त कक्षों के लिए निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। यह परियोजना झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के अंतर्गत स्वीकृत की गई।विधायक संजीव सरदार ने कहा विद्यालय में नये भवन का निर्माण केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि भविष्य की नींव है।

श्री सरदार ने कहा छात्रों को बेहतर वातावरण मिलेगा, तभी शिक्षा का स्तर ऊंचा होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में संचालित अबुआ सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा सरकार का उद्देश्य विकास की किरण हर गांव और मोहल्ले तक पहुंचे। यह शिलान्यास उसी दिशा में एक सशक्त कदम है। विधायक ने आगे कहा हर बच्चे तक शिक्षा की किरण पहुंचे, यही असली विकास है। हमारी सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना में सुधार को प्राथमिकता देती है। विधायक ने कहा जनता से किये गये हर वादे को हम निभायेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं, इसे तय समय सीमा में ही पूरा किया जाएगा।

मौके पर उपस्थित ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने इस पहल को क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात बताया। साथ ही विधायक संजीव सरदार के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर जगत मरांडी, बहादुर किस्कु, मनोज नाहा, पप्पू उपाध्याय, द्रौपदी मुंडा और सुनील गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे।

## पेसा कानून उल्लंघन के विरोध में आदिवासी सुरक्षा परिषद ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जमशेदपुर आदिवासी सुरक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष राम सिंह मुंडा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में के माध्यम से जमशेदपुर प्रखंड के बागबेड़ा, कीताडीह, परसुडीह, गोविंदपुर, घोड़ाबंधा सहित लगभग 30 पंचायतों को नगर निकाय में शामिल करने की योजना पेसा कानून 1996 का उल्लंघन है, और इसे तत्काल रोकने की मांग की। परिषद का कहना है इस समावेश से पंचायतों की स्वायत्तता, ग्रामसभा की शक्तियां, आदिवासी अधिकार एवं परंपराएं प्रभावित होंगी। ग्रामीणों को होल्डिंग टैक्स जैसे अतिरिक्त बोझ का सामना करना पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया माझी परगना महाल द्वारा चलाये जा रहे आंदोलन को परिषद का पूर्ण समर्थन है।

## आरटीआइ कार्यकर्ता ने मुखिया पर लगाया फोन पर धमकी देने का आरोप, थाना में की शिकायत



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जादूगोड़ा थाना अंतर्गत डोमजूड़ी पंचायत की मुखिया श्रीमती अनीता मुर्मू पर आरटीआइ कार्यकर्ता को फोन पर धमकी देने का आरोप का एक मामला प्रकाश में आया है। गोपालपुर के आसॉबोनी निवासी सह आरटीआई कार्यकर्ता संघ के सह-सचिव सुनील मुर्मू ने जादूगोड़ा थाना में लिखित शिकायत की। सुनील मुर्मू द्वारा की गयी शिकायत के अनुसार बीते 9 जून को मुखिया ने 7667335946 से कॉल में धमकी भरे लहजे में कहा आरटीआइ का बिजनेस बंद कर दो। मेरा एरिया घुसोगे तो हाथ जल जायेगा। बातचीत के दौरान मुखिया ने कहा यदि डोमजूड़ी पंचायत क्षेत्र में आरटीआइ से संबंधित कोई भी गतिविधि करेंगे तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। मुर्मू ने कहा पूरी बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग उनके पास सुरक्षित है। शिकायत में यह भी आशंका जताई गयी यह धमकी किसी बड़े षड्यंत्र का हिस्सा हो सकती और अन्य लोग भी संलिप्त हो सकते हैं।

## सीडीपीओ ने 11 दिव्यांगजनों के बीच नि:शुल्क सहायक उपकरण उपकरणों का किया वितरण



गम्हरिया (आजाद सिपाही)। गम्हरिया प्रखंड कार्यालय परिसर में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार को शिविर में सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी ने 11 चिन्हित दिव्यांगजनों के बीच 18 सहायक उपकरणों का नि:शुल्क वितरण किया। सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी ने बताया केंद्र सरकार द्वारा गम्हरिया को आकांक्षी प्रखंड के रूप में चयनित किया गया। इसके तहत पूर्व में शिविर आयोजित कर दिव्यांगजनों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक उपकरणों की सूची तैयार की गयी थी। उन्होंने कहा महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्यांगजनों की सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह वितरण कार्यक्रम उसी दिशा में एक सार्थक कदम है, जिससे दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी। मौके पर लाभार्थियों और उनके परिजनों ने विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा ऐसे कार्यक्रम उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में मददगार सिद्ध होगी हैं।

## उपायुक्त ने प्रज्ञा केंद्रों के संचालन को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक, कहा

# अनियमितता करने पर वीएलई पर होगी सख्त कार्रवाई

**सभी बीडीओ को नियमित निरीक्षण के निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिले में संचालित प्रज्ञा केंद्रों की कार्यप्रणाली, सेवाओं की गुणवत्ता तथा आम जनता को तकनीकी सुविधाएं सुलभ कराने को लेकर जिला दंडाधिकारी - सह-उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में आज उनके कार्यालय वेश्म में एक बैठक आयोजित की गयी। सीएससी मैनेजर ने बैठक में डीसी को जिले में संचालित प्रज्ञा केंद्रों (CSC) के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया की अभी गढ़वा जिले में कुल 2317 रजिस्टर्ड प्रज्ञा केंद्र है जिसमें से 1300 प्रज्ञा केंद्र कार्य कर रहें है। उन्होंने बताया की यह भारत सरकार की एक पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में नागरिकों को सरकारी और निजी सेवाएं डिजिटल माध्यमों से उपलब्ध कराना है जिससे वे सरकारी योजनाओं, वित्तीय सेवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं का लाभ उठा सकें।

उपायुक्त श्री यादव ने निर्देश दिया कि सभी प्रज्ञा केंद्रों में सरकारी सेवाओं की सुगमता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पैन कार्ड, आधार सहित अन्य आवश्यक सेवाएं बिना किसी कठिनाई के प्राप्त होनी चाहिए। इसको लेकर उन्होंने मुखिया एवं पंचायत सचिव को ग्रामीणों को प्रज्ञा केंद्रों पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जागरूक करने हेतु ग्राम सभा का आयोजन कराने हेतु निदेश दिए।

उपायुक्त में सीएससी मैनेजर को निर्देश दिया कि वह लोगों के फीडबैक लेकर एक अच्छा रेट चार्ट डिजाइन करें साथी किस काम के लिए कौन से दस्तावेज की जरूरत है उसकी भी विवरणी तैयार करें ताकि ग्रामीणों को अपने समस्या के समाधान कराने में मदद मिल सके। जिसकी आईडी जहां की है वह वहीं बैठकर अपना कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति बिना सीएससी आईडी के प्रज्ञा केंद्र का संचालन करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। साथ ही अगर कोई प्रज्ञा केंद्र संचालक अपने कार्य अवधि के दौरान पंचायत सचिवालय में नहीं पाए जाते हैं तो उनकी आईडी निरस्त करने की कार्रवाई की जायेगी।

उपायुक्त श्री यादव ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर किसी प्रज्ञा केंद्रों द्वारा निर्धारित दरों से अधिक शुल्क लिया जाता है या सेवाओं में अनियमितता पाई जाती है, तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। सीएससी मैनेजर को निर्देश दिया गया की वे सभी प्रज्ञा केंद्रों पर आवश्यक सेवा के निर्धारित रेट चार्ट को अच्छी तरह से प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करेंगे तथा इसके लिए एक मोबाइल नंबर भी जारी करेंगे, जिससे की आम जनता की शिकायते प्राप्त हो सके। उपायुक्त ने सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने प्रखंडों में संचालित प्रज्ञा केंद्रों का निरीक्षण करें और नियमित रिपोर्ट भी देंगे।

बैठक में तकनीकी सुधारों, केंद्रीकृत निगरानी व्यवस्था तथा केंद्र संचालकों के प्रशिक्षण पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त श्री यादव ने कहा कि सरकार की डिजिटल योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।

आज के बैठक में गढ़वा प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार नरेंद्र नारायण, गढ़वा अंचल अधिकारी सफी आलम, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीरज कुमार, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी चंद्रशेखर पटेल, जिला ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शिव नारायण पासवान, डीपीओ यूआईडी गिरिश्वर सिंह, सीएससी मैनेजर मनीष कुमार एवं कौशल किशोर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# मोदी सरकार ने 11 वर्ष में ऐतिहासिक काम किया है : ठाकुर प्रसाद महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने गढ़वा जिले में आयोजित होने वाले मोदी सरकार के 11 वर्ष पुरा होने पर विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन संकल्प गरीब कल्याण के लिए 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम की सफलता को लेकर मंडल स्तर पर प्रभारी बनाये है। जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि मोदी सरकार ने 11 वर्ष में ऐतिहासिक काम किया है। जिसका लाभ सम्पूर्ण देश को मिला है मोदी सरकार के 11 वर्ष कार्यक्रम के संयोजक रितेश चौबे ने कहा कि मंडल कार्यक्रम प्रभारी अपने प्रभार वाले मंडल में मंडल कार्यशाला आयोजित कर कार्यक्रम का रुप रेखा तय करेंगे। 12 जुन से 14 जुन तक मंडल स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। जिससे मंडल से लेकर बुथ स्तर तक कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उसका रुप रेखा तैयार किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर प्रमुख नेताओं को प्रभारी बनाया गया हैं, जिसमें ओमप्रकाश केशरी को रमकंडा रितेश चौबे को डंडा चंद्रमणि धर दुबे को रंका उत्तरी सुरेंद्र विश्वकर्मा को चिनियां, सच्चिदानंद तिवारी को रंका दक्षिणी, हरेंद्र दुबे को गोवावल, मुरली श्याम सोनी को गढ़वा ग्रामीण, बिनोद तिवारी को गढ़वा नगर, राजकुमार मधेशिया को मेराल उत्तरी, विवेकानंद तिवारी को मेराल दक्षिणी, राजीव रंजन तिवारी को बंशीधर नगर, मधुलता कुमारी को बंशीधर ग्रामीण, इंद्रमणि जायसवाल को सगमा, ओमप्रकाश गुप्ता को विशुनपुरा, शैलेश चौबे को रमना, मुकेश चौबे को डंडई, लक्ष्मण राम को धुरकी, अनील चौबे को खरौंधी, मनोज पहाड़ीया को भवनाथपुर, संजय यादव को हरिहरपुर, विकास स्वदेशी को केतार, उत्तम पांडेय को भंडरीया, रुप निरंजन सिन्हा को बड़गड़, ओमप्रकाश तिवारी को कांडी, रविंद्र पासवान को बरडीहा, रामलला दुबे को मझीआंव नगर और रामशीष तिवारी को मझीआंव ग्रामीण का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# भवनाथपुर सीएचसी में डिजिटल एक्स-रे मशीन खराब, एसडीओ ने की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 19 माह पूर्व लाखो रुपया की लागत से लगायी गयी डिजिटल एक्स-रे मशीन के खराब होने की खबर आजाद सिपाही अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन हरकत में आ गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए गढ़वा उपायुक्त दिनेश कुमार के निर्देश पर मंगलवार को श्रीबंशीधर नगर के अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा भवनाथपुर सीएचसी पहुंचे। उन्होंने मौके पर पहुंचकर अस्पताल कर्मियों से मशीन की स्थिति और संचालन में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। एसडीओ ने गढ़वा के सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार से दूरभाष पर बातचीत कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। सिविल सर्जन ने बताया कि मशीन में तकनीकी खराबी है, जिसकी सूचना संबंधित एजेंसी को दे दी गयी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि तीन दिनों के अंदर मशीन को पुनः चालू कर दिया जायेगा। गौरतलब है, कि डिजिटल एक्स-रे मशीन के खराब होने से मरीजों को काफी परेशानी हो रही थी। उन्हें निजी केंद्रों या दूर-दराज के अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा था, जिससे समय और पैसे दोनों की बबार्दी हो रही थी। इस मौके पर बीडीओ नंद जी राम, डॉ शैलेंद्र कुमार, डॉ अनुपमा कुमारी, सुनील कुमार पटेल, बीडीएम अनूप कुमार, एक्स-रे टेक्नीशियन दिलीप कुमार उपस्थित थे।

# राजनीतिक लाभ के लिए बिरसा मुंडा के नाम का उपयोग करती है भाजपा : धीरज दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य सह प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के नाम का उपयोग सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए करते हैं, परंतु सही मायने में भगवान बिरसा मुंडा से भाजपा को कोई लेना देना नहीं है। धीरज दुबे ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर कोई श्रद्धांजलि अर्पित नहीं की। उन्होंने कहा कि यह पार्टी की आदिवासी समाज के प्रति संवेदनहीनता को दर्शाता है। धीरज दुबे ने यह भी कहा कि भाजपा ने आदिवासी नेताओं को सम्मानित करने की बजाय उन्हें नजर अंदाज किया है।

# निशिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान के लिए डीसी ने जागरूकता रथ को दिखायी हरी झंडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने आज जिला समाहरणालय परिसर से 'निशिद्ध मादक पदार्थ' के विरुद्ध राज्यव्यापी जनजागरूकता फैलाने हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ 10 जून से 26 जून 2025 तक जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं शैक्षणिक संस्थानों का भ्रमण कर आम जनता, विशेष रूप से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करायेगा।

इस अवसर पर उपायुक्त श्री यादव ने कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि समाज में अपराध और अव्यवस्था को भी जन्म देता है। नशा मुक्ति हेतु जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से यह जागरूकता रथ तैयार किया गया है, जो ऑडियो/ वीडियो/ जिंगल्स आदि के माध्यम से जागरूकता का संदेश देगा।

उन्होंने सभी अधिकारियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एकजुट प्रयास करें।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# समिति के सभी विद्यालय के निदेशकों की होगी बैठक



**वर्तमान समय में निजी विद्यालयों की शिक्षा के क्षेत्र में भागीदारी और चुनौती पर होगी चर्चा : अलखनाथ पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति की बैठक आज स्थानीय आर के पब्लिक स्कूल में समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 13 जून को जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक के साथ एक संवाद कार्यक्रम के तहत वर्तमान समय में निजी विद्यालय की शिक्षा के क्षेत्र में भागीदारी, चुनौती और समस्याओं के समाधान पर एक परिचर्चा की जायेगी। साथ ही शिक्षकों के उन्नयन के लिए कार्यशाला आयोजित करने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। श्री पांडेय ने वर्तमान समय में निजी विद्यालयों को शिक्षा के क्षेत्र में अहम भागीदारी, चुनौती और समस्या पर परिचर्चा हेतु जिले के शिक्षा पदाधिकारियों के साथ एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। साथ ही साथ निजी विद्यालय के सभी शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उन्नयन के लिए कार्यशाला भी आयोजित किया जायेगा। मौके पर समिति के उपाध्यक्ष सुशील केशरी, सचिव एमपी केशरी, कोषाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, मोजीब खां, अमरेंद्र पाठक, चंद्रभूषण सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# महिला के साथ शादी का झांसा देकर यौन शोषण, मामला दर्ज

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने और बाद में शादी से इंकार करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने इस संदर्भ में कांडी थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। जिसके बाद कांडी थाना कांड संख्या 55/2025 दिनांक 09/06/2025 के तहत आरोपित आलोक चौधरी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2) और दहेज प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। कांड के अनुसंधान के दौरान पुलिस ने आरोपी आलोक चौधरी, जो कांडी थाना क्षेत्र के ग्राम गाड़ाखुर्द टोला नारायणपुर का निवासी है, को गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है, और आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# प्रमुख चंद्रावती देवी ने नये डीसी और एसपी से शिष्टाचार मुलाकात की, सौंपा आवेदन



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी मंगलवार को गढ़वा जिले के नव पदस्थापित उपायुक्त दिनेश कुमार यादव एवं गढ़वा जिला के नये पद स्थापित एसपी अमन कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रमुख चंद्रावती देवी ने उपायुक्त से मुलाकात के दौरान लिखित आवेदन देकर अपने प्रखंड के कई महत्वपूर्ण समस्याओं से अवगत कराया।

# कृषक मित्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष ने विधायक नरेश सिंह को मांग पत्र सौंपा



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कृषक मित्रों ने मंगलवार को कृषक मित्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान के नेतृत्व में सम्मानजनक मानदेय की मांग को लेकर विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह से शिष्टाचार पूर्वक मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा। इस संबंध में प्रखंड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान ने कहा कि पिछले 15 वर्षों से आत्मा परियोजना के तहत प्रखंड के सभी कृषक मित्र कार्य करते आ रहे हैं। इसके बावजूद भी सरकार द्वारा सम्मानजनक मानदेय नहीं दिया जा रहा है। सम्मानजनक मानदेय की मांग को लेकर मांगपत्र सौंपने वालों में नीरज कुमार द्विवेदी, राकेश कुमार, संदीप कुमार ठाकुर, संजय कुमार चौबे, शंभु पासवान, दिलीप सहित अन्य कृषक मित्रों का भी नाम शामिल है।


**कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूँटी।**

**आम सूचना**

**झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची** के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूँटी द्वारा राज्य स्तरीय विधिक सेवाएं—सह—सशक्तिकरण शिविर का आयोजन।

दिनांक : 14 जून, 2025
स्थान :— बिरसा कॉलेज बहुद्येशीय भवन, खूँटी
समय : 10:00 बजे पूर्वाहन

ह0/—
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूँटी।

PR 354640 Law (25-26) D



**Jharkhand UrjaSancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704) Office of General Manager**
**Transmission Zone-I, Kusai Colony, Doranda, Ranchi**
**Ph.- 2490513 Email:- gm.jusnl@gmail.com**

**TENDER NOTICE**

Short Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) in separately sealed envelopes are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type of Civil works and having sound financial status:

| NIT.NO. | Name of works | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable) (In Rs.) | Last date and time for submission of Tender | Date and time for opening of Tender (Part-I) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 198/PR/JUSNL/2025-26 | Sinking of one nos (200 mm x 165 mm dia) tube well including Provision of motor pump & water supply system in Grid Colony at 220/132 KV G/S/S, Hatia-II. | 4,96,300.00 | Rs 10,000.00 | Rs 750/- + 18% GST= Rs 886/- | Up to 3:00 P.M. on 01/07/2025 | At 3.30 P.M. on 02/07/2025 | 01 Month |
| 199/PR/JUSNL/2025-26 | Construction of PCC Road at northern side of Control room bldg. at 132/33 KV G/S/S, Namkum. | 3,62,700.00 | Rs 7,300.00 | Rs 750/- + 18% GST= Rs 886/- | Up to 3:00 P.M. on 01/07/2025 | At 3.30 P.M. on 02/07/2025 | 01 Month |
| 200/PR/JUSNL/2025-26 | Construction of collapsed boundary wall at northern side of switchyard at 132/33 KV G/S/S, Namkum. | 6,75,200.00 | Rs 13,600.00 | Rs 1,250/- + 18% GST= Rs 1,476/- | Up to 3:00 P.M. on 01/07/2025 | At 3.30 P.M. on 02/07/2025 | 02 Month |
| 201/PR/JUSNL/2025-26 | Construction of PCC Plateform at eastern side of control room at 132/33 KV G/S/S, Namkum. | 6,09,200.00 | Rs 12,200.00 | Rs 1,250/- + 18% GST= Rs 1,476/- | Up to 3:00 P.M. on 01/07/2025 | At 3.30 P.M. on 02/07/2025 | 02 Month |

1. Tender documents **can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before** the date of submission of Tender in working hours after depositing cost of BOQ (Non- refundable) in shape of Bank Draft in favour of Manager (F&A), Transmission Zone-I, payable at Ranchi.
2. Tenderer will have to submit the Earnest Money in shape of original Bank Draft along with all documents as per Eligibility Condition/ Criteria, otherwise tender may be considered for rejection. All certificate must be valid along with others terms and condition of contract as on the date of opening of Part-I of the tender.
3. Tenderer will have to submit an affidavit for declaration by the tenderer that their close members, blood relations/ proxies are not employed in any office of the Jharkhand Urja Vikas Nigam Limited & its subsidiary companies in the prescribed format in original.
4. Tenderers should satisfy himself and get acquainted with actual site condition of works by Inspection of site, before submitting their tender papers. No claim in this regard shall be entertained afterward.
5. Any company/ bidder will not be allowed to participate in tender whose any matter of litigation/ proceeding with JUVNL & its subsidiary companied are pending with department, in any court or in any vigilance department of State government.
6. Any Company / bidder debarred and blacklist by JUVNL and its subsidiary company or any State government/ Central Govt./ State PSU & Central PSU will not be entitled to participate in tender.

The undersigned reserves the right to extend the date of availability of tender documents on website, submission and opening of tender / distribution of the work among the tenderers or reject any or all the tenders without assigning any reason thereof.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR 354616 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)25-26*D

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-I, Ranchi


## बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत रंका प्रखंड परिसर में आम उत्सव बागवानी मेला का आयोजन

# आम बागवानी किसानों की आय वृद्धि की एक सशक्त योजना : शुभम बेला तोपनों

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** रंका प्रखंड मुख्यालय परिसर में मंगलवार को बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत एकदिवसीय आम उत्सव बागवानी मेला का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय आम फल उत्पादन में किसानों के आय वृद्धि को लेकर जागरुक एवं प्रोत्साहित किया गया। इस मेले में प्रखंड क्षेत्र में उगायी जा रही उच्च गुणवत्ता की आमों की प्रजातियां जैसे - आम्रपाली, लंगड़ा, दशहरी, चौसा, मालदा, अल्फांसो, चौसा और तोतापरी आदि की प्रदर्शनी लगायी गयी। मेला के दौरान प्रतिभागियों को आम की उन्नत किस्म की पैदावार बढ़ाने के लिए उचित तकनीक, जैविक खाद, सिंचाई की व्यवस्था, बाजार की उपलब्धता आदि जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी। इस आम उत्सव बागवानी मेला का मुख्य उद्देश्य आम के उत्पादन को बढ़ावा देना एवं स्थानीय स्तर पर अर्थव्यवस्था को सशक्त करना था, जिसमें सरकार की यह योजना एक क्रांतिकारी कदम साबित हो रही है। इस मेले को संबोधित करते हुए रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों ने कहा कि आम उत्सव बागवानी मेला का उद्देश्य किसानों की आय को दुगना करना है, जिसमें आम बागवानी एक सशक्त योजना साबित हो सकती है। उन्होंने कहा की रंका प्रखंड क्षेत्र के किसान कुशल एवं जागरूक हैं जिन्होंने अपने परिश्रम से आम उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं जो उनके द्वारा उत्पादित आम फल की प्रदर्शनी एक सराहनीय कदम है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसानों को सभी प्रकार की सहयोग करने के लिए सरकार कृत संकल्पित है। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड प्रधान सहायक मुकेश कुमार ने किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख अनुभा सिंह, पूर्व प्रमुख हेमंत लकड़ा, अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी, पीएलबी अमरेंद्र कुमार, सभी जन सेवक, पंचायत सचिव एवं पंचायत प्रतिनिधि के साथ-साथ किसान महिला पुरुष काफी

## पंचायत जनप्रतिनिधियों के लिए 14 को विधिक जागरूकता शिविर

खूंटी। जिले के त्रिस्तरीय पंचायत जनप्रतिनिधियों के लिए एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन 14 जून को बिरसा कॉलेज, खूंटी के ऑडिटोरियम में किया जायेगा। इस अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश का आगमन प्रस्तावित है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाये जायेंगे। इन स्टॉलों के माध्यम से पंचायत जनप्रतिनिधियों तथा आम लाभुकों को सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी। साथ ही, लाभुकों के बीच विविध परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जायेगा।

### रैयत विस्थापित मोर्चा ने दिया अंचल कार्यालय के समक्ष धरना

# रैयत विस्थापितों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं : विधायक



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा के तत्वावधान में जमीन संबंधित मामलो को लेकर खलारी अंचल कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता तथा संचालन अमृत भोगता ने किया। धरना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा उपस्थित थे। धरना कार्यक्रम में जुलुस की शक्ल में हाथों में तख्ती लिखे हुए अंचल कार्यालय में पहुंचे। धरना में खलारी प्रखंड क्षेत्र के जमीन संबंधित मामलों को उठाया गया। कांके विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि खलारी में लोग सीसीएल नौकरी की लालच में बाहरी लोगों के द्वारा जमीन की फर्जी तरीके से हेरा फेरी किया जा रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि खलारी के मूल रैयतों को उनके हक अधिकार दिलाने में सहयोग करें, ताकि रैयत विस्थापित के साथ कोई अन्याय नहीं हो। एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि खलारी क्षेत्र के कोयलांचल क्षेत्र जहां सीसीएल खदान खुलना है, वहां पर फर्जी तरीके से बाहरी लोगों के द्वारा नौकरी लेने के लिए प्रयास किया जा रहा है, जिसको लेकर ग्रामीण काफी आक्रोशित है। स्थानीय रैयत विस्थापित इसको बर्दाश्त नहीं करेंगे। अंचल कार्यालय में रैयतों को जमीन संबंधित मामलों को लेकर काफी चक्कर लगाना पड़ता है, इसलिए, अंचल और सीसीएल सचेत हो जाये अन्यथा कार्यालय में तालाबंदी किया जायेगा। धरना कार्यक्रम को प्रमुख सोनी तिग्गा, जालिम सिंह, रमलखन गंझु, जगरनाथ महतो, आजाद अंसारी, सुनीता देवी, मुखिया दीपमाला कुमारी, तेजी किस्पोट्टा, कन्हाई पासी, शिवनारायण लोहरा, कलीम रिजवी सहित कई लोगों ने संबोधित किया। इस मौके पर नरेश गंझु, विनय खलखो, प्रकाश महतो, तुमांग मुखिया संतोष महली, शांति देवी, ललिता देवी, सुनीता देवी, मुकद्दर लोहरा, प्रभाकर गंझु, बालजीत गंझु, शशि मुंडा, मधु गंझु, सोनू गंझु, देवनाथ गंझु, विजय गंझु, महावीर गंझु, जीतन गंझु, श्रवण भोगता, उमेश लोहरा, सूरज लोहरा, गुड्डु, बालदेव, बालेश्वर, किसुन, संजय, जयराम, शिवप्रसाद गंझ, शांति देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### विभिन्न मांगों को लेकर खलारी अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया

धरना के माध्यम से विश्रामपुर में खतियानी रैयतों का जमीन सत्यापन ग्राम सभा के माध्यम से करने, सीएनटी क्षेत्र के अंतर्गत खतियानी जमीन का फर्जी खरीद बिक्री रद्द करने, भूमिहीन अनुसूचित जाति जनजाति को शिविर लगाकर वनपट्टा देने, अनुसूचित जाति जनजाति को विशेष रूप से गैरमजरूआ खास जंगल झाड़ी का रशीद निर्गत करने, खलारी और अन्य मौजा के खतियानी रैयतों का जमीन और भूइहरी जमीन को अवैध रूप से सरेंडर किये जमीन को पुनः वापस करने, डीएमएफटी फण्ड का उपयोग सीसीएल से विस्थापित किये गये गांव में करने तथा खलारी प्रखंड के सभी मौजा के रैयतों की जमीन को बाहरी लोगों के द्वारा फर्जी खरीद बिक्री और बंदोबस्ती कागजात को रद्द करने की मांग की गयी है। इन मांगों को लेकर खलारी अंचलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया है।

## बिजली विभाग के उदासीन रवैया से ग्रामीण परेशान

बुंडू (आजाद सिपाही)। बिजली विभाग के उदासीन रवैया से बुंडू प्रखंड के रेलाडीह पंचायत के खुदीमदकम गांव के लगभग 35 उपभोक्ता पिछले 15 दिनों से अंधेरे में रहने को विवश है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों खुदीमदकम शिव मंदिर के पास 25 केभी के ट्रांसफार्मर जल गया था। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के एसडीओ ने कहा कि उपभोक्ताओं का बकाया बिजली बिल जमा करने पर ही ट्रांसफार्मर दिया जायेगा। जिसपर ग्रामीणों ने बकाया बिजली बिल जमा कर दिया, फिर भी ट्रांसफार्मर लगाने में विभाग द्वारा आनाकानी किया जा रहा है।

## नवनिर्मित वेंडर मार्केट की 26 दुकानों के लिए ओपन डाक प्रक्रिया का आयोजन

बुंडू (आजाद सिपाही)। मंगलवार को नगर पंचायत बुंडू के वार्ड संख्या 08 में नवनिर्मित वेंडर मार्केट की कुल 26 दुकानों के लिए पंचायत परिसर में ओपन डाक प्रक्रिया का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। उक्त प्रक्रिया में कुल 35 पात्र आवेदकों ने टोकन नंबर के साथ भाग लिया। यह संपूर्ण प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से नगर पंचायत बुंडू के नगर प्रशासक शुभम पोद्दार के समक्ष संपन्न हुई।

## सोनाहातू प्रखंड परिसर में जनता दरबार का आयोजन, विधायक ने सुनी लोगों की समस्या



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड परिसर में मंगलवार को विधायक अमित कुमार महतो द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और उन्होंने अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखी। विधायक ने 30 मई को हुई जनता दरबार के आवेदन की प्रगति की समीक्षा की। मंईयां योजना, राशन वितरण व्यवस्था, सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य सेवाएं, पेंशन तथा मनरेगा से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। विधायक ने लोगों के बीच जाकर पंचायत स्तर से समस्याओं को गंभीरता से सुने और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। भूमि विवाद से जुड़े कई मामले भी दरबार में लाए गये, जिन पर उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिये। विधायक ने अधिकारियों और कर्मियों को जनता के कार्यों को तत्परता से निपटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सामूहिक समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर प्रमुख विक्टोरिया देवी, बीडीओ खगेश कुमार, थाना प्रभारी चंदन कुमार, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर जयराम शर्मा, बीपीओ बबिता गोस्वामी, रोहिताश चौधरी सहित कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि व कर्मचारी मौजूद थे।

## नीमडीह के गुंडा में विधायक ने किया उपस्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। भवन निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के गुण्डा में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का शीलान्यास मंगलवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शीलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि 52 लाख रुपये की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण होगा। उन्होंने कहा भवन का निर्माण होने से ग्रामीणो को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। विधायक ने भवन निर्माण करने वाले संवेदक को भवन का निर्माण कार्य ससमय व गुणवत्ता पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में विधायक ने मुरु गांव में एक 100 केबिए का नये ट्रांसफार्मर का भी उद्घाटन विधिवत रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर झामुमो नेता कार्तिक महतो, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष सचीन गोप, विश्वनाथ गोप, टिंकू महतो, सचिव शंकर सिंह सरदार, हरि महतो, नीलकमल, यदुपती, सुजीत समेत काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# कर्रा में महिला सशक्तीकरण और सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के सौजन्य से कर्रा प्रखंड में महिला सशक्तीकरण एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। महिला सशक्तीकरण सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन समारोह में एकल अभियान के राष्ट्रीय महामंत्री और ग्रामोत्थान योजना के केंद्रीय प्रमुख डॉ ललन कुमार शर्मा ने सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के उद्देश्यों पर विस्तृत जानकारी दी उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना ही इसका उद्देश्य है। केंद्र में महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई और अन्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण दिया जायेगा, ताकि वे अपने परिवार के आर्थिक सशक्तीकरण में योगदान कर सकें। इसके अलावा यह केंद्र महिलाओं के सामाजिक और मानसिक विकास के लिए एक मंच प्रदान करेगा। जिलाध्यक्ष ज्योतिष भगत ने कहा महिला सशक्तीकरण का यह कार्य गांव की बेटियों के लिए सराहनीय है। एकल अभियान के जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन द्वारा महिला सशक्तीकरण एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र बेटियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण प्रशिक्षण है। इसे गांव की बेटियों को गांव में ही रोजगार मिलेगे, जिससे उन परिवारों का विकास होगा। मौके पर उपस्थित प्रकाश महतो, राजनाथ उरांव, राज प्रताप सिंह, शिल्पा मिश्रा, संरक्षक कृष्णा साहू, चंद्रशेखर कुमार, सुंदर पाहन, खिरेंद्र कुमार, नेहरू महतो, सविता देवी, सावित्री देवी, जय सिंह, मनोज, धनपतलाल, विनोद, विष्णु सोनी आदि उपस्थित थे।

# खलारी कांग्रेस का 'संगठन सृजन-2025' कार्यक्रम संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा 'संगठन सृजन-2025' कार्यक्रम के तहत मंगलवार को केडी नेहरू क्लब में बैठक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कांके विधायक सुरेश बैठा तथा झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर तथा रांची जिलाध्यक्ष (ग्रामीण) डॉ राकेश किरण महतो, खलारी प्रखंड पर्यवेक्षक राज उरांव और कांके विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी उपस्थित थे। बैठक में खलारी कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की गयी। जिसके बाद सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उपस्थित अतिथियों के द्वारा शपथ दिलाया गया और सभी को नियुक्ति पत्र सौंपे गये। पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष बाबू खान, विकेश सिंह (विक्की), महासचिव शशि मुंडा, सुखविंदर सिंह, संजय राम, राजेश गंझू, अनिता पासवान, सुरेंद्र यादव, फिरोज अंसारी शामिल है। मौके पर अतिथियों ने कहा कि 'संगठन सृजन-2025' कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य प्रखंड स्तर पर कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना और नये पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपना और आगामी चुनावी रणनीति पर विचार करना था। बैठक में झारखंड प्रदेश लेबर सेल महासचिव राजन सिंह राजा, रांची जिला ग्रामीण महासचिव राजेश सिंह मिंटू, झारखंड प्रदेश सचिव इंदिरा तुरी, विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, जावेद अंसारी, अनिता देवी, साबीर अहमद, रवि टोप्पो, प्रकाश कुजूर सहित अन्य दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के प्रदेश महासचिव बने मनोज, अनूप साहू जिलाध्यक्ष

खूंटी। राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट, झारखंड की प्रदेश कार्यकारिणी और जिला अध्यक्ष की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पांडेय ने कर दी है। खूंटी के समाजसेवी और पूर्व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार को प्रदेश महासचिव और पूर्व पार्षद अनूप कुमार साहू को खूंटी जिला अध्यक्ष बनाया गया। प्रदेश कार्यकारिणी में नवीन दायित्व मिलने पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार और अनूप कुमार साहू ने राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, राष्ट्रीय राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री कृष्ण मुरारी और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पांडेय के प्रति आभार जताया है।

## सड़क हादसे में बच्चे की मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। कर्रा थाना क्षेत्र डुमरदगा गांव के पास सोमवार की देर रात हुए सड़क हादसे में शुभम कुमार नामक सात वर्षीय की मौत हो गयी। मृतक तमाड़ निवासी सतेंद्र पंडा का बेटा था। जानकारी के अनुसार, सतेंद्र पंडा अपने परिवार के साथ लापुंग थाना खेत्र के सेरसा स्थित साई मंदिर में पूजा कर वापस तमाड़ लौट रहे थे। उसी दौरान रात करीब दो बजे चलती बाइक चला रहे सतेंद्र को झपकी आ गयी। इससे मोटरसाइकिल असंतुलित हो गई और शुभम सड़क पर गिर गया। उसी दौरान एक अज्ञात वाहन बच्चे को कुचलते हुए निकल गया। घायल अवस्था में पिता-पुत्र को कर्रा सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने शुभम को मृत घोषित कर दिया। सतेंद्र पंडा को सीने में चोट लगने के कारण खूंटी सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## श्रावणी मेले में व्यवस्था को लेकर समिति ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता


**खूंटी।** बाबा अमरेश्वर धाम प्रबंध समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उपायुक्त आर रोनिटा को ज्ञापन सौंप कर अंगराबारी में आगामी 11 जुलाई से प्रारंभ होने वाले श्रावणी मेला में सुरक्षा, विधि व्यवस्था, चिकित्सा, पेयजल, यातायात परिचालन और अन्य सुविधा मुहैया कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा। ज्ञापन में कहा गया है कि खूंटी जिले का बाबा आम्रेश्वर धाम अंगराबारी में 11 जुलाई से नौ अगस्त तक श्रावणी मेला लगता है। साथ ही लाखों की संख्या में श्रद्धालु सावन महीने में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए यहां पहुंचे हैं। श्रावण पूर्णिमा इस वर्ष नौ अगस्त को है। उसी दिन पूर्णिमा मेले में भारी भीड़ उमड़ने करने की संभावना है। प्रबंध समिति ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि 11 जुलाई से नौ अगस्त तक और उसके तीन दिनों के बाद तक लोगों को सभी जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाया जाए। प्रतिनिधिमंडल में प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश मांझी, श्रीपालचंद जैन, संतोष पोद्दार, महेंद्र भगत, महेंद्र कश्यप, प्रेमानंद तिवारी आदि शामिल थे।

## बुंडू प्रखंड के अनुमंडलीय अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मी सुरक्षा उपलब्ध कराये जाने को लेकर धरना पर बैठे



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू प्रखंड के अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी मंगलवार को धरने पर बैठे। ज्ञात हो कि पिछले दिनों डॉक्टर के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल की सभी स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा धरना दिया जा रहा है। उनका कहना है कि उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराया जाये, इस मामले में मंगलवार को बुंडू थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

# नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों में देश ने नयी ऊंचाई हासिल की है: कोचे मुंडा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों के शासन के दौरान देश ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों में देश ने नई ऊंच्चाई हासिल की है। के नेतृत्व में देश जन धन योजनाए, मुफ्त अनाज, उज्जवला योजना, शौचालय निर्माण, हर घर जल योजना सहित जनहित की कई योजनाएं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं। सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके, इसी लिए संकल्प से सिद्धी तक अभियान चलाया जा रहा है। विधायक मंगलवार कों भाजपा तोरपा मंडल द्वारा नगर भवन तोरपा में आयोजित संकल्प से सिद्धि तक की कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कोचे मुंडा ने बताया कि 12 जून को जिला कार्यालय में प्रेसवार्ता, केंद्र सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धि पर प्रदर्शनी और प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम आयोजित होंगे। 15 से 17 जून तक पंचायत स्तर पर चौपालए आयुष्मान भारत योजना का पंजीकरणए 17 से 20 जून योग प्रशिक्षण और 21 जून को योग दिवस कार्यक्रम मंडल स्तर पर आयोजित किये जायेंगेए जबकि 23 जून को पार्टी के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम और 24 जून को प्रखंड मुख्यालय में पार्टी राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। 25 जून को लोकतंत्र हत्या दिवसए 29 जून को मन की बात कार्यक्रम और 30 जून को हुल दिवस के कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी ने सरकार की उपलब्धियों को साझा किया। कार्यशला को भागीरथ राय, कृपा सिंधु बेहरा, गंदौरी गुड़िया ने भी संबोधित किया। मौके पर रामानंद साहू, शशांक शेखर राय, नीरज पाढी, दीपक तिग्गा, केशव कुमार, विनोद धान, पूनम भेंगरा, अजीत राय, राजू साहू आदि मौजुद थे।

# भाजपा ने आयोजित की संकल्प से सिद्धि तक कार्यशाला



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा के जिला कार्यालय में नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन पहान और ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष मदन मोहन गोप की संयुक्त अध्यक्षता में मंगलवार को संकल्प से सिद्धी कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला के मुख्य वक्ता जिला महामंत्री संजय साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों के शासन के दौरान देश में ऐतिहासिक फैसले लिये गये, जैसे जन-धन योजना, मुफ्त अनाज, उज्जवला योजना, शौचालय निर्माण, हर घर जल योजना सहित जनहित की कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए जिला महामंत्री संजय साहू ने बताया कि 12 जून को जिला कार्यालय में प्रेसवार्ता, केंद्र सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धि पर प्रदर्शनी और प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम आयोजित होंगे। 15 से 17 जून तक पंचायत स्तर पर चौपाल, आयुष्मान भारत योजना का पंजीकरण, 17 से 20 जून योग प्रशिक्षण और 21 जून को योग दिवस कार्यक्रम मंडल स्तर पर आयोजित किये जायेंगे, जबकि 23 जून को पार्टी के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम और 24 जून को प्रखंड मुख्यालय में पार्टी राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत, जिला मीडिया सह प्रभारी महावीर राम, जिला एसी मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र नायक, महामंत्री विकास चौधरी, शंकर प्रधान, लखिंदर नायक, विमला देवी, कृष्ण लोहरा, सुरेंद्र सिंह, दिनेश महतो सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तुमांग धमधमिया में हुई भाजपा की बैठक

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता खलारी मंडल की बैठक तुमांग पंचायत में धमधमिया में हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गंझु ने किया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 11 साल पूर्ण होने पर उनके द्वारा चलाई जा रही लोगों के लिए चलाई जा रही कल्याण कारी योजनाओं के प्रचार प्रसार को लेकर चर्चा की गयी। मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल पूरा होने पर जून माह में विभिन्न तरह के कई कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसकी तैयारी को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को लग जाना है। कार्यक्रम में 13 जून को सभी चौक चौराहों पर केंद्र सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने और 15 से 17 जून तक सभी पंचायत के शक्ति केंद्रों पर ग्रामीणों को उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देने तथा विकसित भारत को लेकर केंद्र सरकार के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देना है। इसी कार्यक्रम के तहत सभी कार्यकताओं को व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया। बैठक के बाद धमधमिया में बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर प्रतिमा पर माल्यर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर श्यामसुंदर सिंह, शशि प्रसाद साहू नेपाल सिंह, दिनेश प्रसाद गुप्ता, रामसूरत यादव, शशि उरांव, शशि पांडे, शिव कुमार चौधरी, राजू गुप्ता, प्रदीप कुमार सिंह, रविंद्र पासवान, कुलदीप लोहार, दिलीप गंझु, केशव प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे।

## बुंडू गांव में आयोजित मंडा पूजा कार्यक्रम में शामिल हुईं पूर्व विधायक अंबा प्रसाद



पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के बुंडू पंचायत के बुंडू गांव में आयोजित शिव मंडा पूजा कार्यक्रम मे कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय सचिव और पश्चिम बंगाल की चुनाव प्रभारी एवं बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुईं। इस दौरान पूजा समिति के सदस्यों ने फूलों का गुलदस्ता देकर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद का स्वागत किया, जबकि अंग वस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने इस तरह के आयोजन की जमकर प्रशंसा की, साथ ही हर संभव मदद करने का भी भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों के समय से चलते आ रहे इस तरह के पूजा और मेला जैसे कार्यक्रम को आज भी हमारे युवा पीढ़ी आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्या से भी अवगत हुए। साथ ही समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र साव, संतोष यादव, सुभाष कुमार,बसंत कुमार, सिकंदर साव, पप्पू राम,उमेश यादव सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता स्थानीय ग्रामीण और समिति के लोग मौजूद थे।

## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का सम्मेलन 14 को

पिपरवार (आजाद सिपाही)। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के द्वारा आगामी 14 जून को टंडवा में एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारी को लेकर मंगलवार को टंडवा के होटल रुक्मणी में चार एरिया के पदाधिकारी की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में यूनियन के पिपरवार और एनके एरिया मुख्य संयोजक इकबाल हुसैन और मगध संघमित्रा व अमरपाली चंद्रगुप्त के मुख्य संयोजक मनोज चंद्रा और चंद्रदेव साव मौजुद थे। बैठक में टंडवा के देवलगढ़ा बिरसा फुटबॉल खेल मैदान में आगामी 14 जून को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन एवं रैयत विस्थापित मोर्चा मगध संघमित्रा एवं अमरपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र के द्वारा एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। अगली बैठक 12 जून को आयोजित की गयी है।

# 270 प्रशिक्षुओं को पूर्व सांसद सुदर्शन ने दिया प्रमाण पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** संसदीय संकुल विकास परियोजना के तहत एवं जनजाति कौशल विकास परियोजना 1.0 के अंतर्गत सोमवार को कृषि,बहु कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास के क्षेत्र में 270 प्रशिक्षुओं को विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा दिये गये बेड़ो के जरिया क्लस्टर में प्रशिक्षण के पश्चात प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह पूर्व सांसद सुदर्शन ने संसदीय संकुल की परिकल्पना एवं इसके उद्देश्य से संबंधित जानकारी दिया। उन्होंने इस कार्यक्रम की भविष्य की संभावनाओं एवं किस प्रकार से इस प्रकार की परियोजनाओं से पलायन रुक सकता है इस संदर्भ में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया।

मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बेड़ो संकुल के संयोजक सह लोहरदगा क्षेत्र के पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, पुरियो पंचायत के मुखिया नीरज कुजूर, जरिया पंचायत की मुखिया कुंवारी खलखो, जेएसएलपीएस से मुकेश सिन्हा, विकास भारती के सुनील तिग्गा व सोमनाथ भगत व परियोजना के समन्वयक कुणाल झा मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सोमनाथ भगत ने किया। यह जानकारी विकास भारती के मीडिया संभाग द्वारा दी गयी है।

# चकला में मंडा पूजा भोक्ता चले अंगारों पर



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** झारखंड का प्रसिद्ध मंडा पूजा प्रखंड के ग्राम चकला में आयोजित किया गया क मंडा पूजा का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू के द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने मंडा पूजा में शामिल हुए सनातन धर्म के मानने वाले लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था, विश्वास,संस्कृति का प्रतीक है यह पूजा। भोक्ता नौ दिनों तक कठिन तप के साथ सखताइन मां पार्वती का उपासना करते हैं। भोक्ता आग के अंगारे पर चल कर करते हैं। ऐसा कठिन उपासना केवल हिन्दू धर्म में देखने को मिला है। इस अवसर पर भाजपा नेता अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेन्द्र साही, अलख नाथ महतो, सुरेंद्र कुमार महतो, रामबृक्ष महतो, मुखिया शिवनाथ मुंडा उप प्रमुख रिजवान अंसारी, दिलीप महतो, पराशर करमाली, मुकुट लाल महतो, जितेंद्र करमाली, रामू करमाली आदि स्उपस्थित थे।

# हरिहरपुर में मनाया गया बुढ़िया करम



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली में मंगलवार को महतो पाहन पुजार के नेतृत्व में ऐतेहासिक पारंपरिक बुढ़िया करम का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के सभी बुजुर्ग महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और करम डाली को करम टांड़ से काटकर लाया गया और पहान के आंगन में गाड़कर महतो पाहन पुजार के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया। जहां सभी बुढी बुजुर्ग एवं गांव के सभी महिलाओं ने अच्छी वर्षा का कामना हेतु सुबह से ही उपवास कर लोटा में पानी लेकर गांव के पीपल पेड़ में सभी बुढ़िया बुजुर्ग महिलाओं ने पूजा अर्चना की और अच्छी वर्षा होने की सभी ने कामना की। बुढ़िया करम मनाने का मान्यता यह है कि ऐतिहासिक पारंपरा पूर्वजों से चली आ रही है जो कि प्रत्येक वर्ष जेठ महीना के अंतिम सप्ताह में असाड़ महीना के पहले यह बुढ़िया करम मनाया जाता है। आज का पारंपरिक बुढ़िया करम परब को सफल बनाने के लिए गांव के महतो लखो उरांव पाहन सोमरा उरांव पुजार मंगू उरांव 12 व 21पाड़हा के सचिव सह मीडिया प्रभारी चरवा उरांव गांव के ग्राम प्रधान राम प्रसाद लोहरा मदन उरांव शिवनाथ उरांव सागर उरांव सीता उरांव गोयंदी उराईन सुमित्रा उरांव प्रमिला उरांव मंजू उरांव सोमारी उराइन आदि शामिल थे।

# नगड़ी प्रखंड में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं किसान कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत प्रखण्ड के नौ ग्राम चिपरा, पतराचौली, सुगदा, साहेर, पलांडू, हरही, कुदलोग, होटवासी और टिकराटोली में विभिन संस्थान के वैज्ञानिकों की उपस्थित में अभियान चलाया गया मौके पर प्रखंड के नौ गावों में आयोजित कर किसानों को कृषि, पशुपालन, लाह उत्पादन और खरीब मौसम से संबंधित सभी फसलों की खेती कैसे करे जिससे अधिक लाभ हो इस संबंध में जानकारी दी गयी। प्रखंड के ग्राम हरही गांव में मुख्य अतिथि के रूप में अटारी पटना के वैज्ञानिक गोष्ठी में उपस्थित दर्जनों किसानों कृषि से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र एवं अन्य शोध संस्थान से जुड़ कर खेती की आधुनिक तकनीकी को सीख कर व्यवहार में लाने का लाना चाहिए, जिससे इस अभियान का उद्देश्य पूरा हो सके।

वैज्ञानिक केवीके मोराबादी के डॉ अजीत कुमार सिंह वरीय ने किसानों को उन्नत किस्म के धान बीज को लगाने का सलाह दिया और कृषि विज्ञान केंद्र किस प्रकार से कृषि के लिए कार्य करती है उसकी भी जानकारी दिए।

डॉ राजेश कुमार वैज्ञानिक केवीके मोराबादी के द्वारा किसानों को जैविक खेती एवं मृदा जांच के विषय में विस्तार से जानकारी दिया गया। डॉ भरत कुमार महतो वैज्ञानिक केवीके मोराबादी के द्वारा पशुओं होने वाली बीमारियों एवं उनका निदान कैसे करे, बकरी और गाय पालन ने क्या क्या सावधानी बरतना चाहिए इन सबका जानकारी विस्तृत रूप से दिया गया। डॉ साजिया वैज्ञानिक हॉप पालंदू के द्वारा सब्जी खेती और ग्राफ्टेड टमाटर, बैगन के बारे जानकारी साझा किया गया।

डॉ मृदु स्मिता वैज्ञानिक निसा नामकुम के द्वारा लाह की खेती कर किसान कैसे कम मेहनत कर-के अपना आय बड़ा सकता है इसका जानकारी दिया गया। सप्तमी कुमार झा के द्वारा कृषि विभाग एवं आत्मा अंतर्गत चल रही सभी योजनाओं की जानकारी किसानों को दे कर सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए कहा गया।

डॉ नेहा वैज्ञानिक केवीके मोराबादी के द्वारा चिपका, सुगदा और पतराचौली गांव में अभियान चलाया गया। डॉ मनोज कुमार सिंह के द्वारा ग्राम होटवासी, टिकराटोली और कुदलौग में अभियान के माध्यम से किसानों को कृषि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। अभियान में ग्राम हरही में बीटीएम बुढ़मू प्रदीप कुमार सरकार, बीटीएम नगड़ी वरदानी, कृषक मित्र फ्रांसिस तिर्की, बिशेश्वर शाही, कार्तिक कुमार महतो प्रगतिशील कृषक विजय कुमार महतो, अनुज उरांव, एवं हरही ग्राम के सभी टोला के किसान उपस्थित थे।

# बेड़ो में डेढ़ साल से बंद है सामुदायिक शौचालय

**प्रखंड मुख्यालय आने वाले ग्रामीणों को शौच को लेकर हो रही भारी परेशानी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक शौचालय भर जाने के कारण पिछले डेढ़ साल से बंद पड़ा हुआ है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लाखों रुपए खर्च कर लोगों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय बनवाया गया है, लेकिन यह बंद पड़ा है। इसके बंद रहने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं के लिए शौचालय नहीं रहने से हो रही है। महिलाओं का कहना है कि प्रखंड मुख्यालय में एक भी शौचालय नहीं है। जिसके कारण सर्वाधिक दिक्कतों का सामना ग्रामीणों क्षेत्र से आने वाली महिलाओं को करना पड़ता है।इसके बावजूद जिम्मेदार आंख बंद करके बैठे हैं। जिम्मेदारों की उदासीनता का आलम यह है कि आज तक इसके खोलने के लिए कोई पहल नहीं किया गया। जिसके कारण प्रखंड मुख्यालय आने वाले सैंकडों लोग यहां के दुकानदार लोगों को इसके बंद होने के कारण भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। खासकर महिलाओं को काफी दिक्कतें हो रही हैं। प्रखंड कार्यालय के सटे होने के साथ आस पास के गांवों का मुख्य चौक है। इस चौक में हर दिन हजारों की संख्या में बाहरी लोग यहां पहुंचते हैं। खासकर साप्ताहिक बाजार के दिन में अच्छी खासी भीड़ यहां होती है। इसके अलावा बाजार व सब्जी मंडी है। इसके बावजूद डेढ़ साल से शौचालय बंद पड़ा हुआ है, लेकिन जिम्मेदार इससे अनभिज्ञ हैं। जबकि सरकार स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांवों में शौचालय का निर्माण किया गया है, लेकिन गांव से प्रखंड मुख्यालय पहुंचने वाले महिला व पुरुष खुले में ही शौच जाने को मजबूर हो रहे हैं। खासकर महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आखिर महिलाओं के इस दर्द को कौन समझेगा?

इधर शौचालय के देखरेख कर रहे छोटन महली ने बताया कि टंकी भर जाने के कारण शौचालय को मजबूरन बंद करना पड़ा है। उन्होंने अपने स्तर से स्थानीय जनप्रतिनिधि से टंकी साफ करने को लेकर मौखिक रूप से बात भी रखा हैं। लेकिन डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी सामुदायिक शौचालय की टंकी का सफाई नहीं हो पाया है, जिसके कारण शौचालय बंद है। स्थानीय लोगों व दुकानदारों ने इसे जल्द चालू कराए जाने की मांग की है। सामुदायिक शौचालय बंद रहने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं के लिए शौचालय नहीं रहने से हो रही है। महिलाओं का कहना है कि प्रखंड मुख्यालय में एक भी शौचालय नहीं है। जिसके कारण सर्वाधिक दिक्कतों का सामना हम सभी ग्रामीणों क्षेत्र से आने वाले महिलाओं को करना पड़ता है। इसके बावजूद जिम्मेदार आंख बंद करके बैठे हैं।

# राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग में पेयजल संकट

## विद्यालय में बिजली कट जाने पर चापाकल से पानी नहीं मिलता

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया। मध्याह्न भोजन के उपरांत जूठन थाली को मुख्य पथ से होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और बिरसा होटल के पास के चापकल में हाथ धोने और पीने के साथ जूठन थाली को खुद धोने के लिए विद्यालय से बाहर जाते है। यहां 435 बच्चे है, पर दो मात्र एक चापाकल है, जो बिजली चालित मोटर लगा है चापाकल नहीं लगा है, उस पर बच्चों का पीने वो हाथ धोने की सुविधा नहीं हो पाते है। पानी का लेबल नीचे चले जाने से पानी नहीं मिल पाता है। इसलिए इधर उधर बच्चे पानी के लिए भटकते रहते है। सरकार द्वारा हर घर नल जल अभी तक नहीं पहुंच सका है।

लापुंग प्रखंड मुख्यालय पर यह विद्यालय अवस्थित है यहां पर नित्य प्रखंड के पदाधिकारियों का आवागमन होता है। भीषण गर्मी के बावजूद विद्यालय ग्रीष्म अवकाश के उपरांत विद्यालय खुला है, जो गर्मी असहनीय है बच्चे गर्मी में दोपहर की कड़ी गर्मी में विद्यालय की छुटी होती है, इससे बच्चे परेशान हैं।

राजकीय उच्च विद्यालय और राजकीय विद्यालय के अलावे गांव के सभी प्राथमिक और उच्च विद्यालय सभी खुल गये है। इतने पानी में कल्याण विभाग से नया आठ कमरा का राजकीय मध्य विद्यालय कल्याण विभाग से बन रहा है, जिससे बच्चों को काफी परेशानी होगी। सहायक शिक्षक जीवेश्वर साय, विद्यालय के शिक्षक भी पानी की समस्या से सहमत हुए।

# निराश्रित बच्चों के लिए डालसा ने किया जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रांची के सचिव रवि कुमार भास्कर, प्रखंड विकास अधिकारी कामेश्वर बेदिया, अंचल अधिकारी उज्जवल सोरेन, पैरा लीगल वालंटियर्स के द्वारा समाज के सबसे कमजोर वर्ग में शामिल निराश्रित बच्चों को चिन्हित करते हुए उनके कानूनी संरक्षण और सामाजिक सुरक्षा के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में उपेक्षित, बेसहारा और निराश्रित बच्चों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ना और उनके संरक्षण के लिए सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना था। डालसा प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय स्वयंसेवकों ने मिलकर इस पहल को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया।डालसा के लोगों ने बताया कि भारत में लाखों बच्चे ऐसे हैं जिनके पास न घर है, न परिवार और न ही कोई सहारा। ये बच्चे सड़कों पर भीख मांगते हैं, कचरा बीनते हैं या छोटे-मोटे काम करके अपना पेट भरते हैं। इनमें से कई बच्चे मानव तस्करी, शोषण और हिंसा का शिकार हो जाते हैं। इनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर कोई ठोस व्यवस्था नहीं होती। इन बच्चों को कानूनी संरक्षण देने के लिए भारत सरकार ने कई कानून और योजनाएं बनायी है। अक्सर ये कानून और योजनाएं जमीनी स्तर तक पूरी तरह से लागू नहीं हो पाती हैं। इसीलिए डालसा और प्रशासनिक टीम ने मिलकर इस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से इन बच्चों तक पहुंचने का प्रयास किया। सबसे पहले, डालसा और पैरा लीगल वालंटियर्स ने ओरमाझी ब्लॉक के विभिन्न इलाकों में घूमकर निराश्रित बच्चों की पहचान की। इनमें वे बच्चे शामिल थे जो सड़कों पर रहते हैं, भीख मांगते हैं या छोटे-मोटे काम करते हैं। कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूकता अभियान के सचिव श्री रवि कुमार भास्कर ने बच्चों और स्थानीय लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने समझाया कि हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार है। किसी भी बच्चे से बाल मजदूरी नहीं कराई जा सकती। अगर कोई बच्चा शोषण का शिकार होता है, तो पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

पैरा लीगल वालंटियर्स ने समुदाय को बताया कि अगर उन्हें कोई निराश्रित बच्चा दिखे, तो वे उसकी सूचना डालसा हेल्पलाइन (15100) पर दे सकते हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे ऐसे बच्चों की मदद करें और उन्हें शोषण से बचायें।

# संगठन सृजन, संविधान बचाओ अभियान को सशक्त बनाने को लेकर अनगड़ा में बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** संगठन सृजन, संविधान बचाओ अभियान को सशक्त बनाने को लेकर मंगलवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक बैठक डाक बंगला अनगड़ा में हुई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव ने किया। वहीं संचालन पूर्व युवा अध्यक्ष अजय करमाली द्वारा किया गया।

बैठक में प्रदेश कमिटी द्वारा संचालित संगठन सृजन, संविधान बचाओ अभियान को सफल बनाने पर चर्चा की गयी। मौके पर नेताओं ने कहा कि इस देश में अगर कांग्रेस नहीं होती तो आज संविधान में बदलाव कर गरीबों, आदिवासियों और दलितों का हक अधिकार छीन लिया जाता। भाजपा बाबा साहेब के संविधान को बदलना चाहती है। ऐसी हालत में आज सभी लोगों को कांग्रेस का साथ देने की जरूरत है।

मौके पर प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल स्वांसी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष योगेंद्र बेदिया, रज्जाक अंसारी, उपाध्यक्ष जोन तिग्गा, किशोर करमाली, महिला अध्यक्ष सरिता देवी, साकिर अंसारी, संजय नायक, बिहारी मुंडा, अशीष मुंडा, सूजय महतो, छोटेलाल महतो, सिद्दिक अंसारी, जितेंद्र मुंडा, यूनूस अंसारी, सफीक अंसारी, अब्बास अंसारी, मनरतन लोहरा, फागूराम बेदिया, गणेश भोगता, एतवा भोगता, गोंदा लोहरा, देवकी देवी, शाहनाज खातुन, संगीता कैथा, सुनीता देवी,अनिता देवी, देवकी देवी, सुरज करमाली, बिपता बेदिया, रोहित नायक, राजदेव पाहन, निर्मल करमाली, सुखराम उरांव, समीम खान, अंकित मुंडा, कुवर पाहन, भरत उरांव, सुखदेव लोहरा, दशवा उरांव, कृष्णा महली, दशरत पाहन, अनिल ठाकुर, संतोष राम आदि मौजूद थे।

# बंगाल विस से आपरेशन सिंदूर को लेकर सशस्त्र बलों की प्रशंसा के लिए प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल विधानसभा ने मंगलवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें पहलगाम में आतंकी हमले के बाद आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई जवाबी कार्रवाई के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य की सराहना की गई। मानसून सत्र के दूसरे दिन खुद विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने इस प्रस्ताव को सदन में पेश किया। दिलचस्प बात यह है कि प्रस्ताव के पाठ में आपरेशन सिंदूर शब्द का कोई उल्लेख नहीं किया गया, लेकिन सात मई को पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर सटीक हमलों के बारे में बात की गयी।

मुख्य विपक्षी भाजपा के विधायकों ने प्रस्ताव का समर्थन किया, लेकिन इसमें आपरेशन सिंदूर शब्द का उल्लेख नहीं होने पर कड़ी आपत्ति जताई। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने प्रस्ताव के पाठ में आपरेशन सिंदूर नाम जोड? के लिए संशोधन प्रस्ताव दिया। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी मांग को यह कहकर खारिज कर दिया कि नाम से ज्यादा महत्वपूर्ण भारतीय सेना के शौर्य का सम्मान है, जिसके लिए हम यह प्रस्ताव लाए हैं।

- **प्रस्ताव में आपरेशन सिंदूर शब्द का उल्लेख नहीं होने पर विपक्षी भाजपा के विधायकों ने जताई आपत्ति**
- **प्रस्ताव के जरिए पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गयी**

उन्होंने इस बात पर गर्व जताते हुए कहा कि बंगाल देश का पहला राज्य है जहां की विधानसभा से सेना के सम्मान में इस तरह का प्रस्ताव लाया गया। राजनीतिक जानकारों के अनुसार, ममता सरकार ने इस प्रस्ताव के जरिए एक तरफ जहां सेना के प्रति सम्मान जताकर खुद को सबसे बड़ा राष्ट्रवादी साबित करने की कोशिश की, दूसरी तरफ अगले साल विधानसभा चुनाव से पहले मुस्लिम वोट बैंक नाराज न हो जाए, इसलिए आपरेशन सिंदूर शब्द से परहेज किया। जिसका चर्चा के दौरान भाजपा विधायकों ने आरोप भी लगाया।

प्रस्ताव में सशस्त्र बलों की राष्ट्र की सुरक्षा में उनके अटूट साहस के लिए सराहना की गई तथा इसे बिना किसी विरोध के पारित कर दिया गया। प्रस्ताव में पहलगाम आतंकी हमले की भी कड़ी निंदा की गई।

हालांकि पहलगाम आतंकी हमले पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणी के बाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन में काफी हंगामा देखने को मिला।

ममता ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि खुफिया तथा सुरक्षा चूक के कारण पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ जिसमें 26 लोगों की जान चली गई। केंद्र देश के लोगों को सुरक्षा प्रदान करने में विफल है। ममता ने यह भी कहा कि हम आतंकवाद का समर्थन नहीं करते, इसका कोई धर्म, जाति या पंथ नहीं होता है।

इस पर सुवेंदु के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने तीखी प्रतिक्रिया जताते हुए नारेबाजी की और ममता पर राष्ट्रीय त्रासदी का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। साथ ही दावा किया कि पहलगामा में धर्म पूछकर ङ्कषहदुओं की हत्या की गई थी। इसके बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा सदस्यों के बीच सदन में तीखी नोकझोंक हुई, जिसके कारण विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी को हस्तक्षेप करना पड़ा।

चर्चा के दौरान ममता ने सेना के सम्मान में देश के सभी राज्यों की विधानसभाओं और संसद के दोनों सदनों लोकसभा व राज्यसभा में भी इस तरह का प्रस्ताव लाने की मांग की।

## बैटरी चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा पुलिस ने बैटरी चोरी के दो आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानेदार पुनीत मिंज ने बताया कि घाघरा निवासी राहुल कुमार साहू और कुश कुमार महली को बैटरी चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। घाघरा निवासी दीपक चिक बड़ाइक के द्वारा आवेदन प्राप्त था कि उसके ट्रक से तीन बैटरी की चोरी की गई है। साथ ही अनुप उरांव के द्वारा भी आवेदन प्राप्त हुआ था, जिसमें उसने बताया था कि उसके दो ट्रैक्टर से एक-एक बैटरी की चोरी कर ली गई है। जिसके बाद जांच किया जा रहा था। जांच के क्रम में गुप्त सूचना मिली कि उक्त दोनों आरोपी के द्वारा बैटरी चोरी की गयी है। जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ किया गया। जिसमें दोनों ने अपना अपराध स्वीकार किया। पूछताछ के क्रम में दोनों आरोपी ने चोरी किए हुए बैटरी को छुपा कर रखे हुए जगह को भी बताया। जहां से पुलिस ने पांचों बैटरी को बरामद भी कर लिया है।

# केंद्र सरकार के गलत मनसूबे पर पानी फेर देंगे: नेहा शिल्पी

### संविधान बचाव रैली में दिखा कांग्रेसियों का जोश

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** केंद्र सरकार की सोच बाबा साहेब के बनाए संविधान को लेकर अच्छी नहीं है। भाजपा और संघ बाबा साहेब के संविधान को बदलना चाहते हैं। इसी उद्देश्य को लेकर भाजपा ने लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा दिया था। लेकिन भाजपा की मंशा को फेल करते हुए जनता ने उन्हें पूर्ण बहुमत से दूर रखा। उक्त बातें राज्य की कृषि मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की ने मंगलवार को गुमला में आयोजित संविधान बचाओ रैली के दौरान कही। उन्होने आगे कहा कि बाबा साहेब के बनाए संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस हर संघर्ष को तैयार है। राहुल गांधी की अगुवाई में केंद्र सरकार की मंशा के विरोध में लड़ाई लड़ी जा रही है। जनता भी हमारे साथ है।

स्थानीय एस एस प्लस टू हाई स्कूल रोड स्थित कांग्रेस भवन में आयोजित रैली की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चैतू उरांव ने की।

रैली में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, विधायक भूषण बाड़ा,रमेश चीनी, सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, खूंटी के सांसद प्रतिनिधि बसंत गुप्ता,सिमडेगा विधायक प्रतिनिधि मनीष हिंदुस्तान, फिरोज आलम, रोशन बरवा, अकील रहमान, गुलाम सरवर, मो मीरा हमीद, मो मिन्हाज, मो खुर्शीद, इकरामुल हक, विकास गुप्ता, अरुण पांडे, राजू उरांव, बैबुल अंसारी, अशीष नाथ शाहदेव, मोख्तार आलम, आजाद अंसारी, मो शादाब, राजेश्वर एक्का, संजय,राजेश टोप्पो, आफताब आलम लाडले, विकास साहू आदि लोग मुख्य वक्ता थे। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राहुल गांधी के लगातार संघर्ष का ही परिणाम है कि केंद्र सरकार ने जाति जनगणना का निर्णय लिया है। इसके लिए हम राहुल गांधी का आभार जताते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में सेना के शौर्य को हम सलाम करते हैं। हमारी मांग है कि निजी संस्थाओं में भी आरक्षण की व्यवस्था लागू की जाये। उन्होंने कहा कि केंद्र में सत्ता पछ के लोग छुप कर वार करते है। ये झूठे की सरकार है। ये संविधान को खत्म कर मनुस्मृति लागू करना चाहते है। संविधान के दिये अधिकार को खत्म करना चाहते है। 400 का नारा पूरा होता तो ये किसी भी हद को पार कर देते। मगर गठबंधन ने इनके गलत कृत्य को रोक रखा है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि बाबा साहेब ने देश को संविधान दिया। इसमें हर जाति, धर्म, समुदाय को अधिकार दिये गये हैं। इस संविधान को भाजपा बदलना चाहती है। कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी। संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस हर लड़ाई को तैयार है। उन्होंने कहा कि देश 1947 मे आजाद हुआ। कई लोगो ने कुबार्नी दी। देश को चलाने के कई विद्वान ने मिलकर संविधान बनाया। सभी जाति धर्म छोटे बड़े के हितों का ख्याल किया गया। इस संविधान को बनाने में भाजपा व आरएसएस का कोई भूमिका नही था। ये बाबा भीमराव अंबेडकर का विरोधी रहे। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि संविधान को बचाने के लिए जो भी आंदोलन करना पड़ेगा, वह कांग्रेस करेगी। संविधान की मूल भावना के साथ किसी को भी खिलवाड़ नहीं करने दिया जायेगा। केंद्र की भाजपा सरकार अपना एजेंडा चलाना चाहती है। कांग्रेस का मानना है कि संविधान के आधार पर ही देश को चलाया जाना चाहिए। कांग्रेस के रहते ऐसा होना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सरना कोड लागू कराकर रहेंगे। जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा कि सरकार सोची-समझी चाल से संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। लोकतांत्रिक मूल्यों का भी हनन सरकार कर रही है। कांग्रेस इसके विरोध में आंदोलन कर रही है। देश भर में संविधान बचाओ रैली हो रही है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक जनता के मुद्दों पर संघर्ष कर रही है। चाहे बेरोजगारी हो या महंगाई, कांग्रेस हर मोर्चे पर भाजपा सरकार को घेरेगी और उन्हें सत्ता से बाहर करेगी।

## चैनपुर प्रखंड कार्यालय में सीओ और बीडीओ समेत कर्मियों ने ली नशा मुक्ति की शपथ



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड कार्यालय प्रांगण में मंगलवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव और अंचलाधिकारी दिनेश गुप्ता की अध्यक्षता में पूरे प्रखंड एवं अंचल कर्मियों ने नशे का सेवन नहीं करने की शपथ ली। इस शपथ में कर्मियों ने कहा कि वे किसी भी तरह के नशे का सेवन नहीं करेंगे और न ही अपने परिचितों को नशा करने के लिए कहेंगे। वे नशे के कारोबार का विरोध करेंगे और नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करेंगे। कर्मियों ने यह भी कहा कि वे लोगों को नशे के गंभीर परिणामों से अवगत कराएंगे और उन्हें नशा मुक्त जीवन जीने का आग्रह करेंगे। वे अपने शरीर, घर-परिवार, पास-पड़ोस और राष्ट्र की रक्षा करने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। कर्मियों ने नशा मुक्ति के लिए हर संभव प्रयत्न करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि नशा समस्त बुराईयों की जड़ है और वे इस बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए हर संभव प्रयत्न करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायती राज पदाधिकारी लालमोहन साहू, प्रधान नजीर राजकुमार साहनी, हुलेस प्रसाद, मुरारी प्रसाद, दया सगार खलखो, पंचायत सेवक संतोष यादव, महताब आलम, लक्ष्मण खड़िया, लक्ष्मण कुमार राम सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

## नशापान ने खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जागरूकता रैली




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा नशा पान के खिलाफ स्वास्थ्य सहिया और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घाघरा मुख्यालय में जागरूकता रैली निकाला गया। उक्त रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा परिसर से शुरू हुई। जो प्रखंड मुख्यालय के कई गली टोला होते हुए पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा परिसर पहुंच समापन किया गया। रैली में सभी शामिल सभी स्वास्थ्य कार्यकताओं ने नशा मुक्त समाज की आवश्यकता पर बल देते हुए आमजन से अपील किया वह नशे की लत से दूर रहे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। नशा मुक्त समाज की ओर बढ़े कदम नशा छोड़ो जीवन सवारो जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। स्वास्थ्य सहिया ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए उन्हें बताया कि नशा केवल शरीर को ही नहीं बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि शराब, गुटखा, तंबाकू, खैनी जैसी चीज धीरे-धीरे शरीर को नुकसान पहुंचाती है और इसके कारण कई गंभीर बीमारियां जन्म लेती है। लोग इससे दूर रहे। मौके पर बीपीएम ज्ञान रंजन,अजय तिर्की, विनय कुमार, संदीप कुमार, बीटीटी सीमा कुमारी, बबीता देवी, हेमंती देवी, संजयोती देवी, सरिता देवी, कविता देवी सहित कई सहिया और स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अनियंत्रित होकर ऑटो पलटा एक की मौत, चार लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के सुगासरवा नहर के पास एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में 1 व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि 4 लोग घायल हो गये। घायलों ने सड़क पर जा रहे लोगों से मदद मांगी, जिसके बाद घटना की सूचना गांव में दी गयी। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बोलेरो से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर डीएन ठाकुर ने प्राथमिक उपचार के बाद रणवीर मिंज (45) की गंभीर स्थिति को देखकर गुमला रेफर कर दिया। गुमला ले जाने के दौरान सिलम के पास रणवीर मिंज की मौत हो गयी। रणवीर मिंज के साथ उनकी पत्नी सरोज मिंज भी थी, जिसे हल्की चोट लगी है। रणवीर की मौत के बाद पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं ऑटो में सवार मार्टिन मिंज (30), अमरोश तिर्की (35) और ऑटो चालक थेदोर मिंज (50) को हल्की चोट आयी थी, जिसे उपचार के बाद डॉक्टर ने छुट्टी दे दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थेदोर मिंज के ऑटो में रणवीर मिंज, सरोज मिंज, मार्टिन मिंज और अमरोश तिर्की सुगासरवा गांव से कुछ जरूरी काम से चैनपुर आ रहे थे। तभी गांव से कुछ दूर ही जाने के बाद ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें ऑटो में सवार पांचों लोग घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल रणवीर मिंज की गुमला ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गयी। इस हादसे ने पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैला दी है। चैनपुर पुलिस मामले की छान बिन में जुटी हुई है।

# डोमनडीह में आंगनबाड़ी सहायिका का नहीं हुआ चयन, नाराज ग्रामीणों ने केंद्र में जड़ा ताला

सुधाकर कुमार



### ग्रामीणों ने सहायिका चयन प्रक्रिया में विभागीय लापरवाही का लगाया आरोप

गांव के ग्रामीणों ने आंगनवाड़ी सहायिका चयन में विभागीय लापरवाही का आरोप लगाया है कहा की मंगलवार को ग्रामीण चयन प्रक्रिया को लेकर एकत्रित हो रहे थे लेकिन इसी बीच कम संख्या की बात कहते हुए पर्यवेक्षक बैरंग लौट गये। जिसके कारण चयन प्रक्रिया नहीं हो पायी। ग्रामीणों ने बताया पर्यवेक्षकों की आने की सूचना पर ग्रामीण एक-एक कर जमा होने लगे बताएं कि साप्ताहिक बाजार का दिन होने कारण कुछ ग्रामीण बाजार चले गए कुछ खेती बाड़ी में लगे थे जिसके कारण ग्रामीणों को एकत्रित होने में थोड़ा विलंब हुआ। लेकिन इसी बीच कम संख्या होने की बात कर कर पर्यवेक्षक निकल गए। आंगनबाड़ी केंद्र की सहिया शिवानी देवी ने बताया चुनाव प्रक्रिया होने के लिए 50 लोगों की उपस्थिति अनिवार्य है। जिसमें 30 महिलाएं और 20 पुरुषों का होना जरूरी है। पर्यवेक्षकों के जाने के बाद काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए थे।

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला प्रखंड के कुम्हारिया पंचायत के डोमनडीह गांव में मंगलवार को आंगनवाड़ी सहायिका का चयन नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र में ताला जड़ दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार की सुबह 11 बजे आंगनवाड़ी सहायिका का चुनाव होना था जिसको लेकर 15 दिन पूर्व ही गांव के जनप्रतिनिधियों को सूचना दिया गया था। चुनाव को लेकर बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक संगीता कुमारी और रूपा कुमारी गांव पहुंचे। ग्रामीण चुनाव को लेकर एकत्रित होने लगे लेकिन इसी बीच संख्या कम होने की बात कह कर दोनों पर्यवेक्षक गांव से बिना चुनाव कराये ही वापस लौट गये।

**पूर्व की बैठक में भी नहीं हो पाया सहायिका का चयन :** 22 जनवरी 2025 को सहायिका के चुनाव को लेकर आंगनवाड़ी भवन परिसर में पर्यवेक्षक की उपस्थिति में ग्रामीणों की बैठक हुई थी। जिसमें चयन को लेकर चार लोगों ने आवेदन जमा किया था। चयन की पात्रता मैट्रिक पास है। गांव की एक महिला को योग्य पाया गया। लेकिन ग्रामीणों ने फर्जी सर्टिफिकेट की बात कह कर निवर्तमान उपायुक्त को आवेदन सौंप कर चयन प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग की थी। मामले को लेकर पंचायत के मुखिया ने भी अनुमोदन किया था। साथ ही कई ग्रामीण का हस्ताक्षर युक्त आवेदन उपायुक्त को सौंपा गया था।

मंगलवार को काफी देर इंतजार करने के बाद भी पर्यवेक्षकों के नहीं आने व फोन पर संपर्क नहीं होने पर नाराज ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र में ताला जड़ दिया। ग्रामीणों ने कहा जब तक आंगनबाड़ी सहायिका का चुनाव नहीं हो जाता तब तक आंगनबाड़ी केंद्र में ताला लगा रहेगा।

इस संबंध में बाल विकास के संगीता कुमारी के मोबाइल पर संपर्क किया गया लेकिन उनका नंबर नहीं लग पाया। इसके बाद गुमला अंचल अधिकारी हरीश कुमार से फोन पर संपर्क किया गया उन्होंने बताया कि दोनों पर्यवेक्षक वापस लौट आए। ग्रामीणों की उपस्थिति कम होने के कारण चुनाव कार्य नहीं हुआ। 15 दिनों के बाद फिर से चुनाव कराया जायेगा।

## टावर चौक के पास पैसा पहुंचाने की धमकी युवक को मिली, दिया आवेदन

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के वृन्दा बहवार टोली निवासी बुधराम उरांव को एक नंबर से फोन कर गाली-गलौज और धमकी दी गयी। घटना मंगलवार दिन के 2 बजे की है। बुधराम ने बताया कि उसके पास एक टीवीएस स्कूटी है। जिसका नंबर जेएच 07 के 5823 है। यह स्कूटी उसने 2020 में नकद भुगतान कर सिसई रोड के एक दुकान से खरीदी थी। मंगलवार को मोबाइल नंबर 7204634386 से उसे तीन बार कॉल आया। कॉल करने वाले ने गाली दी और धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया। उसने कहा कि गाड़ी का स्टॉलमेंट भर दो और टावर चौक पर आकर मिलो। स्टालमेंट का पैसा लेते आना इससे बुधराम डर गया। उसने टीवीएस कंपनी से भी संपर्क किया। लेकिन वहां से कोई शिकायत नहीं मिली। बुधराम ने थाना प्रभारी गुमला को आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। आवेदन मिलते ही पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है।

# घाघरा में बीएस मोबाइल दुकान और बिमला शू हाउस में चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के गमहरिया चौक स्थित बीएस मोबाइल दुकान और बिमला शू हाउस से अज्ञात चोरों ने सामानों का चोरी कर लिया। इस संबंध में बीएस मोबाइल दुकान के संचालक बालेश्वर साहू ने बताया कि दुकान के शटर को उठाकर अज्ञात चोर अंदर घुसे। इसके बाद दुकान के अंदर से बाहर का दरवाजा खोलकर चोरों ने दुकान पहुंचे और दुकान में रखे करीब 35 नए मोबाइल के सेट और पुराने कुछ बनाने आए मोबाइल की चोरी कर ली गयी। इस चोरी की घटना में लगभग चार लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उक्त चोरी में कई ब्रांडेड महंगी मोबाइल थी। वहीं दूसरी घटना मोबाइल दुकान से लगभग 20 फीट की दूरी पर अल्बेस्टर उठाकर बिमला शू हाउस में भी चोरी की घटना को अंजाम अज्ञात चोरों द्वारा दी गई है। दुकान की संचालिका विमला देवी द्वारा बताया गया कि अज्ञात चोरों द्वारा लगभग 15000 रुपए के जूते चप्पल की चोरी कर ली गई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंच मामले की छानबीन में जुटी हुई है। बता दे की इस बड़े चोरी की घटना से कई दुकानदार सहमे हुए हैं लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। लोग पुलिस के पेट्रोलिंग पर भी सवाल उठाते नजर आये। इसके साथ ही अज्ञात चोर द्वारा घाघरा नेतरहाट रोड स्थित मिशिका ट्रेडर्स दुकान में एक दिन पहले चोरी की घटना को अंजाम दिया था जिसमें सीसीटीवी के डिबियार सहित एलसीडी और दुकान में रखे पैसे की भी चोरी कर ली गयी थी। अब चोर पुलिस को चैलेंज करते हुए दिख रही है और प्रत्येक दिन चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है।

# 14 बच्चों का अजीम प्रेमजी विवि में चयन, डीसी-एसपी ने दी शुभकामनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** गुमला जिले के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है कि जिले के कुल 14 मेधावी बच्चों का चयन अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलुरु एवं भोपाल कैंपस में उच्च शिक्षा के लिए हुआ है। चयनित छात्र बीएससी, बीए एवं बीटेक जैसे विषयों में शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति के माध्यम से निःशुल्क शिक्षा ग्रहण करेंगे। इन छात्रों ने अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित ब्रिज प्रोग्राम के माध्यम से प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की है। गुमला जिले से ऐसे विद्यार्थियों का चयन न केवल जिले के शैक्षणिक विकास का प्रमाण है, बल्कि यह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। इस अवसर पर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमां ने चयनित विद्यार्थियों से मुलाकात कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि यह सफलता न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि जिले के शिक्षा जगत के लिए भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उपायुक्त ने विद्यार्थियों के अभिभावकों से भी बातचीत कर उनकी प्रेरणा एवं सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## जिले के खेल प्रशिक्षकों का वार्षिक फिटनेस असेसमेंट टेस्ट संपन्न



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले में संचालित आवासीय प्रशिक्षण केंद्र, डे बोर्डिंग, क्रीड़ा किसलय एवं खेलो इंडिया सेंटर के प्रशिक्षकों का वार्षिक फिटनेस असेसमेंट टेस्ट मंगलवार को स्थानीय अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस दौरान संविदा पर बहाल चार प्रशिक्षकों एवं मानदेय पर कार्यरत नौ प्रशिक्षकों की शारीरिक दक्षता एवं फिटनेस का परीक्षण किया गया। फिटनेस असेसमेंट टेस्ट का उद्देश्य प्रशिक्षकों की शारीरिक फिटनेस के मानकों का आकलन कर उन्हें बेहतर शारीरिक स्वास्थ्य एवं खेल प्रशिक्षण के लिए प्रेरित करना रहा। इस प्रक्रिया में प्रशिक्षकों की सहनशक्ति, गति, लचीलापन एवं अन्य आवश्यक फिटनेस मापदंडों की जांच की गयी। इस टेस्ट में आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के फुटबॉल प्रशिक्षक बीना केरकेट्टा, हॉकी प्रशिक्षक शम्भु कुमार, डे बोर्डिंग फुटबॉल प्रशिक्षक सुबीर, रायमुनी, श्रीमती अनीता बैक एवं रिजवान अली, वॉलीबॉल प्रशिक्षक रेशमा बानो, एथलेटिक्स प्रशिक्षक निर्मला कुमारी, संदीप उरांव एवं महावीर राम लोहारा तथा बैडमिंटन प्रशिक्षक प्रदीप कुमार शामिल हुए।

## स्पोर्ट्स



पुरुषों के वरिष्ठ वर्ग में प्रेम ने 48 किलोग्राम वजन श्रेणी और राजकुमार ने 52 किलोग्राम वर्ग में मेजबान रूस के शीर्ष खिलाड़ियों को हराकर यह शानदार उपलब्धि हासिल की।

# मास्को इंटरनेशनल वुशू चैंपियनशिप में ओड़िशा के जिंदल स्पोर्ट्स हॉस्टल के प्रेम और राजकुमार मुंडा ने जीते स्वर्ण पदक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** भारतीय खेल जगत को एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि उस समय प्राप्त हुई, जब ओडिशा के बड़बिल स्थित जिंदल स्पोर्ट्स हॉस्टल के दो प्रतिभाशाली वुशू खिलाड़ी प्रेम मुंडा और राजकुमार मुंडा ने रूस के मास्को में 1 से 7 जून तक आयोजित मास्को वुशू स्टार इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। पुरुषों के वरिष्ठ वर्ग में प्रेम ने 48 किलोग्राम वजन श्रेणी और राजकुमार ने 52 किलोग्राम वर्ग में मेजबान रूस के शीर्ष खिलाड़ियों को हराकर यह शानदार उपलब्धि हासिल की। यह जीत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय वुशू के लिए एक बड़ी उपलब्धि और प्रेरणा का स्रोत है। जिंदल स्पोर्ट्स हॉस्टल, बड़बिल, जिंदल स्टील एंड पावर की सीएसआर इकाई जिंदल फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और आदिवासी बच्चों की खेल प्रतिभा को तराशना है। यह संस्थान शालू जिंदल के मार्गदर्शन में संचालित होता है। इस उपलब्धि पर जिंदल स्टील एंड पावर के चेयरमैन और हरियाणा के कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। प्रेम और राजकुमार की यह सफलता न केवल भारतीय खेलों की जीत है, बल्कि यह उनके संघर्ष, समर्पण और प्रतिभा का प्रतीक है। मैं दोनों खिलाड़ियों को और जिन्दल फाउंडेशन की पूरी टीम को बधाई देता हूं। जिंदल फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल ने कहा कि इनकी सफलता गांव से वैश्विक मंच तक पहुंचने की प्रेरणादायक कहानी है। हम अपने हर खिलाड़ी के सपनों को उड़ान देने में विश्वास रखते हैं। ये स्वर्ण पदक इनकी कड़ी मेहनत और लगन को समर्पित हैं। प्रेम और राजकुमार की यात्रा वर्ष 2012 में देवझर क्षेत्र से शुरू हुई, जहां जिन्दल फाउंडेशन ने बच्चों को वुशू का प्रशिक्षण देना आरंभ किया था। 2023 से जिन्दल स्पोर्ट्स हॉस्टल, बड़बिल का संचालन शुरू हुआ, जहां उच्चस्तरीय प्रशिक्षण, शिक्षा और पोषण की समुचित व्यवस्था की गयी। उनकी अंतरराष्ट्रीय चयन यात्रा देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद तय हुई।

## सुड़ी समाज के प्रथम कार्य समिति की बैठक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सुड़ी समाज गुमला के नये सत्र का प्रथम कार्य समिति बैठक संपन्न हुई। समाज के धर्मशाला में समाज के अध्यक्ष दिलीप नाथ साहु के अध्यक्षता में सत्र 2025- 27 हेतु कार्य समिति सदस्यों की घोषणा की गयी। ज्ञात हो कि पिछले माह के आम सभा में अध्यक्ष दिलीप नाथ साहु, उपाध्यक्ष अमर कुमार व बसंत साहु, सचिव प्रमोद साहु , सहसचिव सुधीर कुमार व वरुण कुमार, कोषाध्यक्ष मिथिलेश प्रसाद का चुनाव सर्व समिति से किया जा चुका था। बैठक में अध्यक्ष के द्वारा कमेटी का विस्तार करते हुए 10 सदस्यों को कार्य समिति का सदस्य मनोनीत किया गया, जिसमें अनिल कुमार, शिवकुमार लाल, संतोष कुमार लाल, राजेंद्र प्रसाद, नंदकिशोर प्रसाद, गोपाल प्रसाद, ऋतुराज गुलशन, लोचन साहु, काजल साहु, रितेश साहु शामिल है।

## गम्हरिया औद्योगिक क्षेत्र में चोरी करते नौ गिरफ्तार




**गम्हरिया (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए औद्योगिक क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले 9 शातिर चोरों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में गणेश प्रामाणिक उर्फ पेटू प्रामाणिक, गुरु प्रामाणिक, दीपक ठाकुर उर्फ रिशु, विशाल कुमार, राजेश महापात्र उर्फ राजू बन्ना, विजय दास, मुकेश चक्रवर्ती, मोहम्मद सलमान खान और दिनेश सिंह शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक बोलेरो, एक पियागो, करीब 50 किलो एल्युमिनियम स्क्रैप,25 किलो तांबे का तार,एक लोहे का कटर और जूट की रस्सी बरामद की। एसडीपीओ समीर कुमार सवैया ने बताया कि तकनीकी सहयोग और गुप्त सूचना के आधार पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## मनोहर करमाली धनसार, लव कुमार टैफिक थाना के प्रभारी बनाये गये

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार ने पुलिस इंस्पेक्टर सह धनसार थाना प्रभारी मनोज पांडेय एवं ट्रैफिक थाना प्रभारी राजेश कुमार को लाइन क्लोज कर दिया है। प्रभात कुमार ने जिले में बतौर पुलिस कप्तान पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार थाना प्रभारियों को इधर उधर किया है। दोनों जगह नये थाना प्रभारी की पोस्टिंग भी कर दी गयी है। साइबर पुलिस स्टेशन से पुलिस इंस्पेक्टर मनोहर करमाली को धनसार का नया थाना प्रभारी बनाया गया है वहीं पुलिस इंस्पेक्टर लव कुमार को ट्रैफिक थाना का प्रभारी बनाया गया है। दोनों अफसरों को अविलंब पदभार ग्रहण करने का आदेश दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि बहुत जल्द कतरास, बलियापुर और बरवाअड्डा के थानेदारों की कुर्सी जा सकती है।पूर्व एसएसपी के कार्यकाल में इन सबों ने मर्यादित पुलिसिंग को ताक में रखकर अपना सिक्का चलाया है।अब इनका जाना तय माना जा रहा है। ऐसे में अभी से ये अपने डगमगाती कुर्सी को सलामत रखने के लिए जुगत भिड़ाने में जुटे हैं। वैसे दर्जनों थानेदारों की पोस्टिंग हुए साल भर से अधिक हो चला हैं।

## यूनियन बैंक डीजीएमएस शाखा का उपमहानिदेशक ने किया उद्घाटन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** यूनियन बैंक डीजीएमएस शाखा के नव निर्मित परिसर का उद्घाटन डीजीएमएस के उप महानिदेशक वीर प्रताप एवं यूनियन बैंक के अंचल प्रमुख, पटना अंचल, गुना नन्द गामी,यूनियन बैंक के क्षेत्र प्रमुख, क्षेत्रीय कार्यालय दीपमाला लकड़ा, डीजीएमएस शाखा प्रबंधक अरविंद सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर, दीप प्रज्वलित एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। मुख्य अतिथि समेत सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम के अतिथियों ने बैंक शाखा में कार्यकारी लाऊंज का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर समाजसेवी उदय प्रताप सिंह एवं उपस्थित बैंक के ग्राहकों को पौधा का गमला देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यूनियन बैंक के सैकड़ो ग्राहक समारोह में उपस्थित थे।

## अड्डेबाजी और नशेड़ियों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन की कारवाई, शराब जब्त



**गोविंदपुर (आजाद सिपाही)।** धनबाद जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देशन पर अड्डेबाज्जियों एवं नशेड़ियों के खिलाफ चला बड़ा मुहिम उसी मुहिम के आलोक में अड्डेबाज्जी के अड्डे पर गोविंदपुर थाना अंतर्गत जीटी रोड कांड्रा (भीतिया) प्रमोद यादव के दुकान पर वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान अवैध अंग्रेजी शराब और बियर की बोतल भारी मात्रा में जब्त किया गया। अभियुक्त प्रमोद यादव भागने में कामयाब रहा ।उक्त अभियुक्त को गिरफ्तारी को लेकर जगह जगह छापामारी जारी है। ये मुहिम पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार चलती रहेगी। जिसकी जानकारी प्रेस वार्ता कर गोविंदपुर के थाना प्रभारी मोहम्मद रुस्तम ने मीडिया को दिया।

## उपायुक्त और एसएसपी ने नशा मुक्ति जागरूकता वाहन को किया रवाना



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने आज समाहरणालय परिसर से नशा मुक्ति जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन को रवाना करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य है, जहां गुटखा एवं पान मसाला पर प्रतिबंध लगा है। उन्होंने कहा धनबाद के युवाओं को नशा से दूर रखने और उसपर रोक लगाने के लिए जागरूकता रथ को रवाना किया है। रथ अगले दो सप्ताह तक जिले के विभिन्न क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को हर तरह के नशा से दूर रहने के लिए जागरूक करेगा। उपायुक्त ने कहा कि समाज में बदलाव लाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा वृहद रूप से अभियान चलाया जायेगा। स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक संस्थानों सहित अन्य प्रतिबंधित क्षेत्र में इसका कारोबार करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले के सभी थाना को स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक संस्थानों सहित अन्य प्रतिबंधित क्षेत्र के आसपास सघन अभियान चलाने का निर्देश दिया है। उन्होंने लोगों से पुलिस को गुप्त रूप से इसकी सूचना देने का भी अनुरोध किया।

## सात्विक आइवीएफ की वर्षगांठ पर गर्भवती महिलायों का सम्मान समारोह




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद सिटी सेंटर स्थित सात्विक आईबीएफ का 10 वां वर्षगांठ सह सम्मान समारोह मंगलवार को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। मौके पर डॉ विश्वनाथ चौधरी, समाजसेवी सह पूर्ब बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा,प्रसिद्ध स्त्री व प्रसूति रोग बिशेसज्ञ डॉ शिवानी झा, उषा चौधरी, डॉ नेहा प्रियदर्शिनी, डॉ धीरज चौधरी, अनंत श्रीकृष्णा, मनीषा मीनू एवं प्रशांत गुप्ता आदि लोगो ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दरम्यान गर्भवती महिलाओं के लिए एक विशेष सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया तथा चमत्कारी बच्चे उनके माता - पिता और गर्ववती माताओं के लिए एक रंगारग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिजय कुमार झा ने कहा कि इस सेंटर की स्थापना का मुख्य उद्देश्य समाज में फैले हुए भ्रांतियो को मिटाना था, हमारे समाज में जो भी महिलाएं मां नहीं बन पाती थी समाज और परिवार दोनो के द्वारा उन्हें तरह तरह की यातनाएं दी जाती थी। इन 10 सालों में सैकड़ों घरों में किलकारी गूंज चुकी है।

# आरसीएमयू के हस्तक्षेप पर महाप्रबंधक ने किया कथारा वाशरी परियोजना का निरीक्षण

**मूलभूत परेशानी जल्द दूर नहीं हुई तो होगा आंदोलन : अजय सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कथारा/ बेरमो।** पिछले दिनों आरसीएमयू का एक प्रतिनिधिमंडल महाप्रबंधक कार्यालय कक्ष में महाप्रबंधक संजय कुमार से मिलकर वाशरी के श्रमिकों के समस्याओं से अवगत कराया था। साथ हीं यह मांग किया था कि परियोजना में हो रहे परेशानियों को आप स्वयं निरीक्षण करें। प्रतिनिधि मंडल को महाप्रबंधक ने आस्वस्त कराते हुए कहा था कि वे 9 जून को परियोजना का निरीक्षण करेंगे। वादा के मुताबिक महाप्रबंधक संजय कुमार अपने टीम के साथ कथारा वाशरी परियोजना पहुंचे जहां यूनियन पदाधिकारियों ने उनकी अगवानी की। यहां महाप्रबंधक सबसे पहले ऑफिस के निकट जलपान गृह, परियोजना ऑफिस के निकट नाली में जल जमाव, ऑफिस के ही समक्ष जर्जर मोटरसाइकिल स्टैंड, लैब कक्ष का निरीक्षण, जर्जर स्टोर कार्यालय, लंबे समय से ट्रक संख्या बीआरयाई 5350 को मुक्तिधाम ट्रक बनाकर लोगों को सहूलियत प्रदान करने के साथ वाशरी का मेन जलपान गृह, हाजिरी घर, मेन बिल्डिंग के निकट शौचालय का एस्बेस्टस सीट जो जर्जर हो गए हैं उसे लगाए जाने सहित तमाम परेशानियों से अवगत हुए। मौके पर महाप्रबंधक ने विभाग के लोगों को दिशा निर्देश देते हुए उपरोक्त कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किए जाने का निर्देश दिए। साथ ही कहा के लापरवाही के हालात में कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही मैं अपने कार्यकाल में बर्दाश्त नहीं करूंगा। एक माह के अंदर सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किए जाने का उन्होंने निर्देश दिया। मौके पर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने कहा कि श्रमिक अपने जी तोड़ मेहनत से कार्य की प्राथमिकता को स्थान देते हैं। उन्हें मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित रखना उचित नहीं है। मजदूरों की मूलभूत परेशानी जल्द दूर नहीं हुई तो होगा आंदोलन किया जायेगा।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स ने दक्षिण छोर पुराना बाजार में मूलभूत सुविधाओं की मांग की, डीसीएम को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** मंगलवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार प्रतिनिधि मंडल द्वारा दक्षिण छोर स्टेशन भवन एवं पुराना बाजार अप्रोच रोड़ की विकास व मूलभूत सुविधाओं की मांग को ले कर चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के अध्यक्ष सोहराब खान के नेतृत्व में सीनियर डीसीएम (पूर्व मध्य रेल) मोहम्मद इकबाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार अध्यक्ष सोहराब खान ने सीनियर डीसीएम से मिल कर पुराना बाजार अप्रोच रोड़ में पार्किंग अलॉट करने पर रेल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया और पार्किंग एरिया को स्पष्ट करने का आग्रह किया ताकि इसका लाभ पुराना बाजार ने व्यवसायियों, ग्राहकों एवं आमजन को मिल सके।

सोहराब खान ने बताया कि पार्किंग एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के व्यवसायियों की वर्षों पुरानी मांग थी पार्किंग मिलने से चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के व्यवसायियों में हर्ष है अब यथा शीघ्र रेलवे द्वारा सुलभ शौचालय निर्माण भी करवाया जाए!

सोहराब खान ने दक्षिणी छोर स्टेशन भवन जाने वाली सड़क जो अंडर पास से स्टेशन भवन को जोड़ती है उसके जर्जर स्थिति पर सीनियर डीसीएम का ध्यान आकृष्ट करवाते हुए कहा कि सड़क नदारद है जगह जगह गड्ढे बन गए हैं इस सड़क की जल्द मरम्मत कराया जाए।

सोहराब ने अंडर पास के इर्द गिर्द बंद पड़े की स्ट्रीट लाइट को चालू करवाने की भी मांग रखी।

चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार महासचिव पवन सोनी ने डीएवी स्कूल ग्राउंड पर बनी पुराना बाजार अप्रोच रोड़ के आस पास गंदगी,अतिक्रमण और बारिश के दिनों में होने वाले जल जमाव से होने वाली परेशानियों से निजात दिलाने की बात सीनियर डीसीएम के समक्ष रखी,उन्होंने ने कहा कि जिस मकसद से दक्षिण छोर सड़क की निर्माण की गई थी वो अभी अधूरा है इस का लाभ आम जनमानस को मिल सके रेल प्रबंधक को इस पर ध्यान देना चाहिए। चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के संरक्षक सह जिला चैंबर के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने धनबाद से दिल्ली एवं बैंगलोर की सीधी ट्रेन की मांग रखी,उन्होंने ने कहा कि मांग बहुत पुरानी है पर आज धनबाद को दिल्ली और बेंगलौर सीधी ट्रेन की जरूरत है। राजेश गुप्ता ने पुराना बाजार साइड से रेल पटरी के उस पार जाने के लिए एक फुट ओवर ब्रिज की मांग भी रखी। वार्ता के बाद सीनियर डीसीएम (पूर्व मध्य रेल) मोहम्मद इकबाल ने बताया कि जगह चिह्नित कर सुलभ शौचालय का निर्माण शीघ्र करवाया जायेगा एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार द्वारा बताए गए अन्य समस्याओं का शीघ्र निदान किया जायेगा। सीनियर डीसीएम (पूर्व मध्य रेल) से वार्ता में चैंबर अध्यक्ष सोहराब खान,महासचिव पवन सोनी, संरक्षक सह जिला चैंबर पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता, संजय पांडेय, इमरान अली एवं दीपक सिंह चौहान आदि मौजूद थे।

## दो युवको के बीच पथराव के बाद भगतडीह परसाटाड बस्ती में तनाव

**धनसार (आजाद सिपाही)।** झरिया थाना क्षेत्र के भगतडीह परसाटाड बस्ती मे सोमवार की देर रात दो समुदाय के युवको के बीच पथराव के बाद मगलवार को भी क्षेत्र मे तनाव पसरा रहा। झरिया थाना पुलिस के कड़े तेवर के बाद दोनों पक्षों के युवक झरिया धनबाद मुख्य मार्ग से गायब देखे गये। एक समुदाय विशेष कर एक युवक द्वारा आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया में डालने के बाद मामला बिगड़ता देख पथराव मैं बदल गया था। हालांकि पुलिस ने रात से ही क्षेत्र में गस्ती बढ़ाकर अपने कड़े तेवर का परिचय दे दिया था। उपद्रव फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। पुलिस में घटनास्थल से लाठी व एक सड़क पर पड़े तलवार जब्त कर थाने ले आयी थी।

# जिला परिषद की जमीन पर नगर निगम कर रहा है कब्जा : शारदा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह की अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य रूप से विकास कुमार महतो, श्वेता कुमारी, मोहम्मद गुलाम, मोहम्मद इसराफिल, संजय सिंह,सुबोध कुमार भारती, पिंकी मरांडी, कार्यपालक पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, जिला अभियंता संजय कुमार दास, प्रधान सहायक, अमीन एवं जिला परिषद धनबाद के कर्मी मौजूद रहे। उक्त बैठक में मूल रूप से कलियासोल प्रखंड अंतर्गत सालूकचोपड़ा के शीतलपुर स्थित जिलापरिषद भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही टैक्सटाइल मार्केट को खाली करने का निर्णय लिया गया उक्त बैठक में अवैध तरीके से टायसन भवन एवं बहुउद्देशीय भवन को 5 वर्षों के लिये दिये गये लीज बंदोबस्ती को रद्द करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पुराना बाजार स्थित फुटपाथ दुकानदार से क्षेत्रफल के अनुसार भाड़ा निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। नगर निगम द्वारा चिल्ड्रन पार्क अवस्थित जिला परिषद की भूमि को अवैध तरीके कब्जा कर पार्किंग की वसूली की जा रही है, उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराने हेतु तथा बेकारबांध को जिला परिषद को सुपुर्द करने हेतु नगर आयुक्त नगर निगम धनबाद को नोटिस करने का निर्णय लिया गया।

# झरिया की मूलभूत समस्याओं की मांग को लेकर विधायक रागिनी सिंह ने आयोग से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** झरिया की वर्तमान विधायक रागिनी सिंह एवं उनके प्रतिनिधि मंडल द्वारा आज मंगलवार को झरिया से जुड़े कई मूलभूत जरूरत और जन समस्याओं को लेकर धनबाद नगर आयुक्त रवि राज शर्मा से की गयी। मुलाकात जिसमें खास तौर पर झरिया में जैसे की जल की समस्या सबसे महत्वपूर्ण है ऐसे में गर्मी के समय को देखते हुए कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां पर जलापूर्ति और सही समय पर जल की उपलब्धता करने को लेकर नगर आयुक्त के साथ विचार विमर्श किया गया। साथ ही अन्य मामलों में बिजली प्रदूषण और भी भिन्न-भिन्न प्रकार के समस्याओं से रूबरू कराते हुए जल्द इसके निवारण के लिए जो आगे के प्रयास हैं उसे पर भी विचार विमर्श हुए।

वही मीडिया को जानकारी देते हुए झरिया विधायक रागिनी सिंह ने बताया कि वार्ता का मुख्य उद्देश्य झरिया के कई ऐसे जन समस्या थे जिस औरत करना एवं उसे पर जल्द से जल्द कार्य करते हुए लोगों को राहत देना हमारा प्रयास है और उम्मीद है। जिस तरह से आज की वार्ता नगर आयुक्त के साथ हुई है जल्दी इन सभी बिंदुओं पर कार्य धरातल पर देखने को मिलेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से संतोष सिंह के डी पांडेय श उमेश यादव बाबू जेना अभिषेक पांडेय समेत कई अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# नहा रही महिला का वीडियो बना रहा युवक का मोबाइल जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** एक शादीशुदा महिला का बाथरूम में नहाते समय उसका पड़ोसी चुपके से वीडियो बना रहा था। इसी दौरान महिला की नजर युवक पर पड़ गयी। मामला धनसार थाना क्षेत्र का है। धनसार थाना अंतर्गत आरती भवन कब्रिस्तान रोड जोड़ाफाटक रहने वाले झंटू सिंह की पत्नी का बाथरूम में नहाते समय उसका पड़ोसी चुपके से वीडियो बना रहा था। इसी दौरान उसकी पत्नी की नजर वीडियो बना रहे युवक पर नजर पड़ गयी। जिसके बाद महिला शोर मचाने लगी और युवक भाग निकला।

महिला ने पड़ोस के रहने वाले युवक सौरभ ठाकुर के खिलाफ धनसार थाना में लिखित शिकायत की है। महिला ने लिखित शिकायत में कहा कि मैं अपने बाथरूम में नहा रही थी तभी सौरव ठाकुर बाथरूम के दीवार के उपर से मोबइल से विडियो बना रहा था। तभी में शोर मचाने लगी और मैंने अपने पति को फोन कर बुलाया। फिर दोनों ने उसके घर गए और मोबइल दिखाने की बात कही थी कि गली देते हुए भगा दिया युवक सौरभ मोबाइल का सारा वीडियो डिलीट कर दिया है। युवक का जो जीजा है सीआइएसएफ में है। उसका जीजा धमकी दे रहा है। अगर थाना गयी तो ठीक नहीं होगी। उल्टा मानहानि केस करने की धमकी दे रहे है। धनसार थाना में लिखित आवेदन दिए है पुलिस युवक का मोबाइल जब्त कर लिया है। वहीं दूसरा पक्ष से मामले की जानकारी के बारे में पूछा तो कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। फिलहाल धनसार पुलिस कहना है कि मामले की जानकारी मिली है जांच के बाद ही कार्रवाई किया जाएगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा।**
**Email - eengbcdchatra-jhr@nic.in**
**शुद्धि–पत्र / सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि NIT-05/2025-26, PR354034 Building (25-26)#D पत्रांक 461 दिनांक 31.05.2025 द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रदद् की जाती है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल,चतरा।

PR 354626 Building (25-26)D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**
**Short e-Procurement Re-Tender Notice**
Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-07/2025-26
Letter no - 553 Date:-.09.06.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Renovation of Karma M.I. Scheme, Village - Karma, Panchayat- Karma, Block - Chouparan, District- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs.- 1,47,41,682.02 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 16.06.2025 at 3:00 P.M (e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 24.06.2025 up to 5:00 P.M |
| 6. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 24.06.2025 up to 5:00 P.M |
| 7. | Date of opening of e-Tender | 26.06.2025 at 03:00 P.M |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 10. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

Note:- 1). Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
2). Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Hazaribag.

PR 354572 Minor Irrigation(25-26)D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**(RCD),RANCHI**
NirupanBhawan, 3rdFloor,Room No. 401,56-Set,Doranda, Ranchi-834002

**e-Procurement ( Short Tender Notice )**
**Letter of Invitation (LOI) No.-7/2025-26 1st Call**
**e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/7/2025-26 Date:-09.06.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for widening & Strengthening/Reconstruction of (i) Koriya in Karamdaha bridge (Govindpur- Jamtara-Sahebganj road) to Potari ADB road via Daldali Sundarpahadi, Dhurnibeda bridge-Irikiya (Tentative length-19 Km) and (ii) PWD road to Murradih road via Tundi Kalali more Keshka, Patikdih, Mishirdih, Sonriya, Kaju Van More Pahad Chatatand, Yadavpur (Tentative length -20 Km) (Tentative total length-39 Km) including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisi tion Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under Dhanbad District in the State of Jharkhand.*Only Empanelled consultant with RCD under categoryI vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to bid. |
| 2 | Tentative Length | 39 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 90 Days |
| 4 | Cost of Tender documents& Earnest MoneyDeposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/(Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 40000.00 (Forty thousand only) as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 12.06.2025,At 05:30 PM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 28.06.2025, 12:00 noon |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 01.07.2025, 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi, Mob No.-9471650883 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted. Further details can be seen on e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in/).

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

PR.NO.354576 Road(25-26):D

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing
Post Basic B. Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
GNM (General Nursing And Midwifery)
ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
BMLT
DMLT
OT ASSISTANT
ECG
OPHTHALMIC ASST.
CRITICAL CARE (ICU)
RADIO-IMAGING
ANESTHESIA TECH.
DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
D-PHARM
B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, रांची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ क्यों ?.............इसलिए ! मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

MAHAVIR DENTAL CLINIC
Dr. Anil Kumar
B.Sc, B.D.S
M.I D.A (New Delhi)
Fee Valid For 15 Days
Time : 10AM to 02:00PM & 04:00PM To 07:00PM
6206969366, 9934943989

WELCOME TO KIDS SECOND HOME (ESTD - FEB-2014)
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY,LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN 8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislrey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

Saddam 7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाईकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है।
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi
फाइनेंस उपलब्ध है

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka,Euphonics, Mathlab
Scientific-Spark, Eurofit
Yogakids, Euro-Music,Mindful+
ENROL NOW 2025-26
Rims Road,Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

Mob.: 9523367777
9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009
LG Panasonic PHILIPS Whirlpool vivo oppo mi realme

JAISWAL CCTV
अपने शहर रॉंची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM
BIOMETCRICS
CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

100% आयुर्वेदिक 100% इलाज
आयुर्वेदिक अपनाएँ खुशहाल जीवन पाएँ।
शुगर / बी. पी / थाइरॉइड / जोड़ो में दर्द / खूनी बवासीर / खाँसी / दम्मा / सांस का रोग/T.V. / मोटापा का 100% ईलाज / लकवा साईटिका /पथरी का 100% ईलाज / दाद / खाज / खुजली / बालो का झड़ना सभी प्रकार का ईलाज किया जाता है।
यहाँ मशीन के द्वारा भी चेकअप किया जाता है।
जोड़ों का दर्द में 24 से घंटे में रिजल्ट देखें 100%
7296007167
NH.33 अनान्दी, ओरमाँझी, रांची, झारखण्ड

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery Nursery KG - I KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

MEENA GENERAL HOSPITAL
(A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES
Anesthesiology.
Critical Care.
Dental.
Internal Medicine.
Lab & Radiology.
Obstetrics & Gynecology
Ophthalmology
Pediatrics & Neonatology.
Urology.
General Surgery.
Orthopedics & Trauma.
Physiotherapy.
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza, P.s.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

ADMISSION OPEN
50 % OFF
TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom
KOKAR

भारत के सबसे विश्वसनीय फर्नीचर ब्रैंड Geeken लाए हैं स्टील अलमारियाँ जो चलें आपके साथ सालों साल
Geeken Seating Collection Relaxed Body. Relaxed Mind.
हर त्योहार का नहीं उपहार
• दीमक प्रतिरोधी • मजबूत व टिकाऊ • Customize Sizes में उपलब्ध • आकर्षक डिजाइन
J.K. SALES
Hehal, Near Lakdi Tall, Piska More, Ranchi M. 9386070011, 9386070051

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO
Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES
धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
ADCA
DCA
DTP
C++
Typing
Tally With GST
Advance Excel
सब पढ़ाते है हम सिखाते हैं।
Daily Practical LAB
Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

Mehta's Hotel
MUTTON CHAWAL
CHICKEN TANDOORI
CHICKEN CHAWAL
PARATHA
BIRYANI
FISH CHAWAL
VEG THALI
TAWA ROTI
DRINK & BEVERAGES
Shop No. 22 Ground Floor, Laxmi Tower, Kokar, Near Shiv Mandir, Ranchi
9771477499

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP
Play Group - 2 to 3 years
Nursery - 3 to 4 years
L.K.G - 4 to 5 years
U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS
NAGRI - BUKRU
(NEAR JATRA MAIDAN)
KANKE, RANCHI (JH.)
834006
REGISTER NOW
CONTACT NO.
+91-9334814668
+91-9798295759
WEBSITE :bpsranchi.com
EMAIL ID : bubuplayschool2025@gmail.com

Dr. Anup's
HLCCS रांची में
स्किन एवं लेजर सेन्टर
चर्म रोग चिकित्सा केन्द्र
सभी प्रकार के चर्म रोग एवं गुप्त रोग एवं कॉस्मेटिक सर्जरी के लिए सम्पर्क करें।
Mob. 09334334935, 09431529553
हरमू बाई पास रोड, पुराण विहार Opp. माही रेस्टोरेंट, अरगोड़ा, रांची-834002

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद्, रॉंची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, रॉंची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम पर पूर्णतः आधारित एक अत्यन्त महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
Verma's Today
CHAPTER WISE
CLASS - XI
2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹38,000/- On Road
• बैटरी स्कूटी
• कम लागत
• कम रखरखाव
• लाइसेंस मुक्त
• एक साल की वारंटी
• 60 किलोमीटर रेंज
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target.
NDA Foundation (11th & 12th)
NDA Pre Foundation (8th & 10th)
CDS/MNS/AF
CPMF
Director & Mentor
Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth
Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex, East Jail Road, Lalpur, Ranchi

A Jewel for every Tradition
Glossy Jewels
Let's Shine Everyday
अब आपके शहर रॉंची में स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे
Special offer :
• Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
• Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels
@glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान
खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए
सम्पर्क करें
मो. 8102553784
9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

!! श्री गणेशाय नमः !!
!! जय थावें वाली मईया !!
पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
आपका कार्य सफल होना चाहिए
मिलने का समय :
दिन सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक
दिन रविवार
समय : सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बानों मंजिल रोड, रॉंची-834001
9431585446 | 7903633179

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। संपादक : हरिनारायण सिंह, स्थानीय संपादक* : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, राज्य समन्वय संपादक : अजय शर्मा। समस्त विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21